हनुमानगढ़ जंक्शन
शुक्रवार 14 जून 2024
ज्येष्ठ शुक्ल अष्टमी सम्वत् 2081
वर्ष 54 |अंक 160| ₹ 4.00 | पृष्ठ 12
फोन : 269443, मो. 94140-95543, 99585-95529
Email: dainiktej@gmail.com
आरएनआई रजि. नं. 23549/71, पोस्टल रजि. नं.गंगानगर/29/2024-2026



संस्थापक स्व. डॉ. तेजनारायण शर्मा
राजस्थान, पंजाब, हरियाणा का लोकप्रिय दैनिक

# तेज


**शेयर बाजार**

| | | |
|---|---|---|
| सैंसेक्स | 76,810.90 | +204.33 |
| निफ्टी | 23,398.90 | +75.95 |
| डॉलर | 83.55 | |

**हनुमानगढ़ का तापमान**

न्यूनतम 32° अधिकतम 43°

# बजट में बंपर घोषणाएं करेगी भजनलाल सरकार

## राजस्थान विधानसभा का बजट सत्र तीन जुलाई से, राज्यपाल कलराज मिश्र ने दी सत्र बुलाने की मंजूरी

**जयपुर.** राजस्थान विधानसभा का बजट सत्र 3 जुलाई से शुरू होगा। राज्यपाल कलराज मिश्र ने विधानसभा सत्र बुलाने की मंजूरी दे दी है। राज्यपाल की मंजूरी के बाद अब विधानसभा सचिवालय सत्र बुलाने की अधिसूचना जारी करने के साथ ही विधायकों को इसकी सूचना देगा। विधानसभा का यह बजट सत्र महीनेभर तक चलने की संभावना है। भजनलाल सरकार बजट सत्र में अपना पहला फुल बजट पेश करेगी। इससे पहले भजनलाल सरकार ने फरवरी में चार महीने का लेखानुदान पेश किया था। लेखानुदान अप्रैल से जुलाई तक के खर्चों के लिए पेश किया गया था। अब सरकार फुल बजट पेश करेगी। बजट पेश करने की तारीख बाद में तय होगी। 3 जुलाई को विधानसभा में कार्य सलाहकार समिति की बैठक में बजट सत्र का कामकाज तय किया जाएगा। भजनलाल सरकार का फुल बजट लोकसभा चुनावों के नतीजों के बाद आ रहा है। पिछली बार पूरी 25 सीटें जीतने वाली बीजेपी इस बार 14 सीटों पर आ गई। इस बार शेखावाटी और पूर्वी राजस्थान में बीजेपी को भारी नुकसान हुआ है। बीजेपी को हुए इस नुकसान को पाटने के लिए अब पूर्वी राजस्थान और शेखावाटी पर सरकार का खास फोकस हो सकता है। इन इलाकों के लिए बजट में कुछ पोपुलर डिमांड को शामिल किया जा सकता है। बजट में नई भर्तियों की घोषणा होने के आसार हैं। कई इलाकों की मांगों को भी शामिल किया जाएगा। भजनलाल सरकार बजट के जरिए बिगड़े हुए सियासी समीकरणों को अपने पक्ष में करने की कोशिश करेगी।

### बिजली, पानी जैसे मुद्दों पर सरकार को घेरेगा विपक्ष

विधानसभा के बजट सत्र में इस बार कांग्रेस हमलावर रहेगी। लोकसभा चुनावों में खुद की 8 और गठबंधन के साथ 11 सीटें जीतने के बाद कांग्रेस के विधायकों का मनोबल बढ़ा हुआ है। इस मनोवैज्ञानिक बढ़त का असर विधानसभा के बजट सत्र में देखने को मिलेगा। कांग्रेस बिजली, पानी और अस्पतालों की व्यवस्थाओं के डिरेल होने को मुद्दा बनाएगी। इस बार कांग्रेस बीजेपी के बीच कई मुद्दों पर सदन में गतिरोध बनने के आसार बन गए हैं।

### ओपीएस जैसी अन्य योजनाओं पर सरकार का रुख साफ होगा

बजट सत्र के दौरान गहलोत सरकार की योजनाओं को आगे जारी रखने या बंद करने के मुद्दे पर भी तनातनी होगी। भजनलाल सरकार इस पर सदन के भीतर अपना रुख साफकरेगी। अभी तक गहलोत सरकार के आखिरी छह महीने के फैसलों पर कैबिनेट सब कमेटी की रिपोर्ट नहीं आई है। नए जिलों के रिव्यू के लिए भी कमेटी बन चुकी है। इन मुद्दों पर कांग्रेस-बीजेपी के बीच सदन के भीतर हंगामा होना तय माना जा रहा है।

## ऊर्जा राज्यमंत्री 20 को आएंगे सूरतगढ़

**श्रीगंगानगर।** ऊर्जा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) हीरालाल नागर 20 जून को सूरतगढ़ थर्मल पॉवर प्लांट का निरीक्षण करेंगे। प्राप्त कार्यक्रम के अनुसार नागर 20 जून को दोपहर 2 बजे बीकानेर से रवाना होकर सायं 4 बजे सूरतगढ़ पहुंचेंगे। सूरतगढ़ थर्मल पॉवर प्लांट का निरीक्षण करेंगे तथा रात्रि विश्राम सूरतगढ़ में ही करेंगे। 21 जून को प्रातः 7 बजे सूरतगढ़ से जयपुर के लिये रवाना होंगे।

## सहकारी समितियां के उप रजिस्ट्रार मान एपीओ

**हनुमानगढ़।** सहकारी समितियां हनुमानगढ़ के उप रजिस्ट्रार मनोज कुमार मान को बुधवार को एपीओ कर दिया गया। सहकारिता विभाग के संयुक्त शासन सचिव दिनेश कुमार जांगिड़ की ओर से इस संबंध में आदेश जारी किए गए हैं। मनोज मान को कार्यालय संयुक्त शासन सचिव सहकारी समितियां जयपुर में उपस्थिति देने के निर्देश दिए गए हैं।

# गड़बड़ियों के कारण दुबारा होगी नीट की परीक्षा

### » एनडीए की कमेटी ने सुझाए हैं प्रस्ताव, ग्रेस मार्क्स पाने वाले 1563 अभ्यर्थियों के स्कोरबोर्ड निरस्त होंगे

**नई दिल्ली।** नीट एग्जाम में गड़बड़ियों को लेकर गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। केंद्र की ओर से प्रस्ताव रखा गया कि ग्रेस मार्क्स पाने वाले 1563 कैंडिडेट के स्कोरकार्ड निरस्त होंगे। इसके बाद बिना ग्रेस मार्क्स के स्कोर कार्ड जारी किए जाएंगे। याचिकाकर्ताओं ने नीट परीक्षा में 1563 कैंडिडेट्स को दिए गए ग्रेस मार्क्स पर आपत्ति जताई थी। एनटीए ने इस मामले की जांच के लिए एक कमेटी बनाई थी। इस कमेटी ने 10, 11 और 12 जून को बैठक की। कमेटी ने सुझाव दिया है कि ग्रेस मार्क्स पाने वाले 1563 कैंडिडेट्स के स्कोरकार्ड निरस्त किए ... शेष पेज 9 पर

### खड़गे बोले-नीट घोटाले की जांच हो

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने गुरुवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि नीट परीक्षा में केवल ग्रेस मार्क्स की समस्या नहीं थी। इसमें धांधली, पेपर लीक और भ्रष्टाचार हुआ है। परीक्षा में बैठे 24 लाख छात्र-छात्राओं का भविष्य मोदी सरकार के कारनामों से दांव पर लग गया है। परीक्षा केंद्र और कोचिंग सेंटर का एक नेक्सस बन चुका है, जिसमें पैसे दो-पेपर लो का खेल खेला जा रहा है। पिछले दस साल में मोदी सरकार ने पेपर लीक और धांधली से करोड़ों युवाओं का भविष्य बर्बाद किया है।

## खुशखबर, राजस्थान में जल्द प्रवेश करेगा मानसून

### मौसम विभाग का अनुमान, बंगाल की खाड़ी में सिस्टम बनने की संभावना

**जयपुर.** राजस्थान में प्री-मानसून की बारिश शुरू हो चुकी है। उदयपुर, डूंगरपुर और बांसवाड़ा में दो दिन पहले अच्छी बारिश भी हुई। लेकिन, प्रदेश के लोगों को इंतजार इस बात का है कि मानसून कब एंट्री लेगा ? मौसम विशेषज्ञों की मानें तो इस बार दक्षिण-पश्चिमी मानसून के आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियां अच्छी हैं और ये महाराष्ट्र से आगे गुजरात की सीमा में प्रवेश कर चुका है। राजस्थान की बात करें तो इस बार मानसून करीब तीन दिन पहले एंट्री करेगा। सामान्य तौर पर 25 जून तक मानसून प्रदेश में आता है। मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि राजस्थान में जो मानसून आता है, वह बंगाल की खाड़ी यानी पूर्वी भारत से आने वाली हवाओं के साथ प्रवेश करता है। पिछले 12 दिनों (31 मई से) से पूर्वोत्तर भारत में मानसून आगे नहीं बढ़ रहा है। अगले 2-3 दिन परिस्थिति मानसून के अनुकूल नहीं है। 15 जून के बाद से बंगाल की खाड़ी में एक सिस्टम बनने की संभावना है, जिससे मानसून... शेष पेज 9 पर

## 17 जिलों और तीन संभाग पर संकट के बादल

### » नए जिलों के रिव्यू के लिए कैबिनेट ने बनाई सब कमेटी, डिप्टी सीएम बैरवा को बनाया संयोजक

**जयपुर.** गहलोत राज में बने 17 नए जिलों और 3 नए संभागों का भजनलाल सरकार रिव्यू करवाएगी। गहलोत राज में बने कई छोटे जिलों पर संकट आ सकता है। नए जिलों के रिव्यू के लिए उप मुख्यमंत्री प्रेम चंद बैरवा के संयोजन में कैबिनेट सब-कमेटी बनाई गई है। इस कैबिनेट सब-कमेटी में उद्योग मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़, पीएचईडी मंत्री कन्हैयालाल चौधरी, राजस्व मंत्री हेमंत मीणा और जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत को सदस्य बनाया गया है। मंत्रियों की यह कमेटी गहलोत राज में बनाए गए नए जिलों और संभागों का रिव्यू करेगी। जिन नए जिलों पर कांग्रेस राज में सवाल उठे थे, उन्हें खत्म करने या जारी रखने पर यह कमेटी अपनी सिफारिशें सरकार को देगी। कैबिनेट सब-कमेटी बनाने के बाद नए जिलों के ... शेष पेज 9 पर

## छेड़छाड़ के दोषी को तीन साल का कारावास

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

पोक्सो न्यायालय के विशिष्ट न्यायाधीश ने नाबालिग लड़की के साथ छेड़छाड़ करने के मामले में गुरुवार को फैसला सुनाते हुए दोषी प्रौढ़ को तीन साल के कारावास की सजा से दंडित किया। दस हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया। जुर्माना अदा न करने पर अतिरिक्त कारावास भुगतने के आदेश दिए। राज्य की ओर से पैरवी विशिष्ट लोक अभियोजक विनोद डूडी ने की। प्रकरण के अनुसार 23 सितम्बर 2020 को पीड़िता की दादी ने महिला पुलिस थाना में मुकदमा दर्ज करवाया कि जगदीश (41) पुत्र श्रवण निवासी मालासर पीएस पल्लू का उनके घर आना-जाना था। 21 सितम्बर 2020 को जगदीश उनके घर पर आया हुआ था। रात्रि को परिवार के सभी सदस्य खाना खाकर सो गए। रात्रि करीब 11.30 बजे उसकी नाबालिग पोती लघुशंका करने के लिए उठी तो जगदीश ने उसे बाथरूम में पकड़ लिया व अश्लील हरकत की। पोती के शोर मचाने पर भतीजे की बहू ने उसकी पोती को छुड़ाया। पुलिस ने अनुसंधान के बाद न्यायालय में चालान पेश किया। कोर्ट में मामले की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष ने 5 गवाह पेश किए तथा 7 दस्तावेज प्रदर्शित करवाए। सुनवाई के बाद कोर्ट ने आरोपी जगदीश को दोषी करार देते हुए सजा सुनाई। उसे आईपीसी की धारा 354 व 7/8 पोक्सो एक्ट में तीन साल कारावास, 10 हजार रुपए जुर्माना, अदम अदायगी तीन माह के अतिरिक्त कारावास की सजा सुनाई।

## पक्षियों के लिए 7 मंजिला घर खड़गावत परिवार की अनूठी पहल

### नई खुंजा स्थित कल्याणभूमि में बेटे मनीष खड़गावत व अमित खड़गावत की याद में बनवाया है पक्षी विश्रामगृह

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

जिला मुख्यालय में नई खुंजा स्थित कल्याणभूमि में दूर से ही एक टावर दिखाई देता है। दरअसल, यह टावर नहीं बल्कि पक्षियों का सात मंजिला आवास स्थल है। इसे पक्षी विश्रामगृह नाम दिया गया है। क्षेत्र के वरिष्ठ उद्योगपति शिवरतन खड़गावत ने दो दिवंगत युवा पुत्रों की चिरस्मृति में इस पक्षी विश्रामगृह का निर्माण करवाया है। मनीष खड़गावत चेरिटेबल टस्ट के मुख्य टस्टी शिवरतन खड़गावत, गौरव खड़गावत व गौतम खड़गावत ने मनीष खड़गावत व अमित खड़गावत की स्मृति में इसका निर्माण करवाया है। करीब 15 दिनों में तैयार इस 7 मंजिला पक्षी विश्रामगृह में करीब 425 पक्षी निवास कर सकते हैं। इसकी उंचाई करीब 70 फीट है। गुजरात से पहुंची कारीगरों की टीम ने इसे तैयार किया है और इस पर करीब 8.50 लाख रुपए की लागत आई है।

उद्योगपति शिवरतन खडगावत बताते हैं, 'टाउन स्थित गोशाला में यह प्रयोग किया गया जिसकी खबर मिली तो मुझे भी पक्षियों के लिए कुछ खास करने की प्रेरणा मिली। जानकारी जुटाई और अभियान सफल रहा। इसमें पक्षियों के दाना-पानी की व्यवस्था भी करवाई गई है ताकि पक्षियों को इसके लिए दूर-दूर तक भटकना नहीं पड़े।'

कर सलाहकार एडवोकेट रोहित अग्रवाल बताते हैं, 'खड़गावत परिवार शुरू से सामाजिक कार्यों में बढ़ चढ़कर भाग लेता रहा है। पक्षियों के लिए यह पहल बेहद सराहनीय है। इनक जितनी प्रशंसा की जाए, ... शेष पेज 9 पर



## एडीएम ने किया पक्का सारणा स्थित सीएचसी, पेयजल डिग्गियों और श्री अन्नपूर्णा रसोई का निरीक्षण

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़



राज्य सरकार पेयजल, विद्युत, स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर संवदेनशील है। इसी सिलसिले में जिला कलेक्टर से लेकर तहसीलदार तक लगातार फील्ड में कार्यालयों का निरीक्षण कर रहे है। इसी सिलसिले में हनुमानगढ़ अतिरिक्त जिला कलक्टर उम्मेदी लाल मीणा ने पक्का सारणा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, पीएचईडी और विद्युत विभाग के कार्यालय, श्री अन्नपूर्णा रसोई का गुरुवार को औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण दौरान ग्रामीणों ने गांव में पानी लीकेज तथा बिजली कटौती की समस्या बताई। इसके अतिरिक्त श्री अन्नपूर्णा रसोई संचालक ने जनवरी माह से मानदेय नहीं मिलने तथा थालियों की संख्या कम होने के बारे में बताया। पीएचईडी कार्यालय में कार्मिकों के उपस्थित ना मिलने पर स्पष्टीकरण मांगा गया है। फील्ड में गए कार्मिकों का मूवमेंट पंजिका संधारित नहीं होने से एडीएम ने रजिस्टर संधारित करने के निर्देश दिए। श्री अन्नपूर्णा रसोई में साफ सफाई तथा भोजन की गुणवत्ता का परीक्षण किया।

## राजस्थानी में शपथ लेकर निभाऊंगा वचन: इंदौरा



### सांसद को भेंट की इनकम टैक्स पर लिखी पहली राजस्थानी पोथी

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

लोकसभा चुनाव में जीत के बाद पहली बार हनुमानगढ़ पहुंचे श्रीगंगानगर लोकसभा क्षेत्र से नवनियुक्त सांसद कुलदीप इंदौरा का बुधवार रात्रि को जंक्शन में पूर्व विधायक विनोद चौधरी के निवास पर स्वागत किया गया। आपणो राजस्थान आपणी राजस्थानी के संस्थापक हरीश हैरी ने सांसद को इनकम टैक्स पर लिखी पहली राजस्थानी पोथी भेंट कर बताया कि राजस्थानी एक समृद्ध भाषा है। इसमें इनकम टैक्स, जीएसटी आदि आधुनिक विषयों पर भी लिखा जा सकता है। मुंबई हाईकोर्ट के वकील राजेन्द्र ने 700 पृष्ठों पर इनकम टैक्स जैसे जटिल विषय पर राजस्थानी में लिखा है। हरीश हैरी ने कहा कि अब हमारे सांसदों को संसद में राजस्थानी भाषा में शपथ लेनी चाहिए। शपथ के लिए आठवीं में अनुसूची में भाषा शामिल होना कोई जरूरी नहीं है। संसद में अनुच्छेद 120 परन्तुक का उपयोग कर अपनी मातृभाषा राजस्थानी में शपथ ली जा ... शेष पेज 9 पर

## नगरपरिषद आपके द्वार अभियान के तहत किया वार्ड 40 व 41 का निरीक्षण

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़



नगरपरिषद हनुमानगढ़ द्वारा विधायक गणेशराज बंसल के निर्देशानुसार चलाये गये नगरपरिषद आपके द्वार अभियान के तहत बुधवार को टाउन के वार्ड नम्बर 40 व 41 का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सभापति सुमित रणवां, पार्षद प्रेम मेघवाल, पार्षद विनोद तलवाडिया, मुख्य स्वच्छता निरीक्षक प्रेमलता पूरी, स्वच्छता निरीक्षक जगदीश सिराव, जेईएन इलेक्ट्रिक कमल, लाइनमैन संजय सहित अन्य विभागों के संबंधित अधिकारियों ने भाग लिया। निरीक्षण के दौरान सभापति सुमित रणवां ने वार्ड का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बिश्नोई धर्मशाला के पास ट्रांसफार्मर को सुव्यवस्थित करने की समस्या सामने आई, जिसे सभापति ने कहा कि तुरन्त ही इसका समाधान किया जायेगा। सभापति सुमित रणवा ने वार्डवासियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि विधायक गणेश राज बंसल द्वारा टाउन में अमृत योजना के तहत हिसारिया अस्पताल के नजदीक जेएलआर का निर्माण करवाया जा रहा है उस निर्माण के पूर्ण होते ही पूरे टाउन में 22 घंटे प्रतिदिन स्वच्छ पेयजल की सुविधा उपलब्ध होगी। निरीक्षण के पश्चात वार्डवासियों द्वारा पूरे शहर में हुए विकास कार्यों के लिए सभापति सुमित रणवां का अभिनंदन किया व विधायक गणेशराज बंसल का धन्यवाद ज्ञापित किया।


**शोक-सन्देश**



बड़े दुःखी हृदय के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारी पूजनीया माताजी

**श्रीमति रेवन्ती देवी**

पत्नी स्व. श्री हेतराम सहारण का स्वर्गवास दिनांक 9.6.2024 को हो गया है। इनका द्वादशा दिनांक 19.6.2024 को होगा।

नोट: ऊढावणी एवं अन्य नकदी लेनदेन प्रतिबंधित है।

शोकाकुल: श्रीमति मन्जु चौधरी-अमीलाल सहारण (उपरजिस्ट्रार सहकारिता), श्रीमति गीता-राकेश कुमार सहारण (व्यवस्थापक न्यौलखी), श्रीमति पुष्पा-स्व. श्री राजेन्द्र कुमार सहारण (पुत्र-पुत्रवधू), मोहित, सुनील कुमार, अनिल एवं निखिल सहारण एवं समस्त सहारण परिवार।

निवास: स्थान 43 कचहरी रोड़, पुलिस थाना के सामने, सेक्टर 9/1 हनुमानगढ़ जं.



**किराये हेतू खाली**

हनुमानगढ़ जंक्शन के मुख्य चौराहे राजीव चौक पर किराए के लिए भवन उपलब्ध है। साईज: 50×60 फुट जिसमें 10 कमरे, 2 हॉल एवं 10×25 की एक दुकान

इच्छुक सम्पर्क करें: 9414095085










**न्यू नेशनल ड्राईक्लीनर्स**

106, भगतसिंह चौक, हनुमानगढ़ जंक्शन
मो. 90905-03210

यहां पर साड़ी चरक की जाती है।



दीपक सैनी मो. 82339-47047

श्रीगंगानगर वाले
**रेवाड़ी बर्फी स्वीट्स**
रेवाड़ी वालों की सुप्रसिद्ध बर्फी



दुकान नं. 05, शॉपिंग सैंटर
बस स्टैण्ड से भगत सिंह चौक रोड़, हनुमानगढ़ जंक्शन

# पंजाब में पुरानी बीकानेर कैनाल में आया कटाव

तेज. श्रीगंगानगर | संजय सेठी



श्रीगंगानगर जिले में गंग कैनाल को पानी उपलब्ध करवाने वाली पंजाब में स्थित पुरानी बीकानेर कैनाल में आज सुबह कटाव आ गया। गंग कैनाल प्रोजेक्ट चेयरमैन हरविंदरसिंह गिल ने बताया कि पंजाब के फिरोजपुर जिले में पाकिस्तान सीमा पर स्थित हुसैनीवाल हैड से निकलने वाली पुरानी बीकानेर कैनाल की बुर्जी संख्या 22-23 के मध्य आज सुबह सवेरे 20-25 फुट का कटाव आ गया। उस समय नहर में करीब एक हजार क्यूसेक पानी चल रहा था।कटाव आने से पानी आसपास के खेतों में फैल गया। नजदीकी किसानों द्वारा सिंचाई विभाग के अधिकारियों को सूचना दी गई।कुछ ही देर में पंजाब के सिंचाई अधिकारी अपने साथ कर्मचारियों तथा कटाव बांधने के लिए जेसीबी मशीन व अन्य संसाधन लेकर पहुंच गए। गिल ने बताया कि ग्रामीणों के सहयोग से नहर को ठीक करने का काम चल रहा है। हुसैनीवाल हैड से पंजाब सिंचाई विभाग में पानी को कम करवाया है। आज देर शाम तक मरम्मत कर नहर में फिर से पानी छोड़ दिए जाने की संभावना है। पंजाब में पुरानी बीकानेर कैनाल भारत-पाक विभाजन से पूर्व की बनी हुई है। इस नहर में हुसैनीवाल हैड के जरिए सतलुज दरिया का पानी पाकिस्तान से होकर वापस भारत में आता है। हुसैनीवाल हैड से 45 बुर्जी की यह नहर बालेवाला पर जाकर मिलती है। इसी हैड पर हरि के पतन हैड (फिरोजपुर हैड)से निकलने वाली सरहिंद फीडर और उससे आगे निकलने वाली फिरोजपुर फीडर नहर भी पहुंचती है। बालेवाला हैड से ही गंग कैनाल निकलती है जो श्रीगंगानगर के समीप राजस्थान पंजाब-सीमा पर खखां तक आती है। बालेवाला हैड से पंजाब की जमीनों को सिंचित करने के लिए ईस्टर्न कैनाल भी बनी हुई है। गिल ने बताया कि बालेवाला हैड से गंग कैनाल के लिए जून महीने का लगभग 2500 क्यूसेक पानी का शेयर के मुताबिक ही यहां से गंग कैनाल को पानी मिल रहा है। हुसैनीवाला हैड का एक गेट लगभग 6 महीने पहले खराब हो गया था। यह गेट नीचे धंस गया था। लगभग 4 महीने पहले गेट की मरम्मत का काम शुरू किया गया। इससे पहले हुसैनीवाला हैड पर पहुंचने वाला पानी पाकिस्तान ही जाता रहा।गेट की मरम्मत होने तक पुरानी बीकानेर कैनाल को बंद रखा गया, जिसकी क्षमता लगभग 3000 क्यूसेक की है। नहर के बंद रहने के दौरान पंजाब के सिंचाई विभाग ने इसकी साफ सफाई करवाई थी। अभी 2 दिन पहले ही इस नहर में फिर से पानी का प्रवाह हुसैनीवाला हैड पर पौंड लेवल मेंटेन करने होने के बाद छोडा गया था। अभी 1000 क्यूसेक पानी ही छोड़ गया था, जिसे बढ़ाकर धीरे-धीरे 2000 क्यूसेक करना था लेकिन इससे पहले ही आज सुबह नहर में कटाव आ गया। प्रोजेक्ट चेयरमैन ने बताया कि सुबह सूचना मिलने पर उन्होंने पंजाब सिंचाई विभाग के एक सहायक अभियंता राजेंद्र प्रसाद गोयल से बातचीत की। उन्होंने संभावना व्यक्त की कि नहर में पानी बंद रहने के दौरान चूहों ने किनारों में बिल बना लिए,जिसकी वजह से नहर टूट गई। गोयल ने आश्वस्त किया है कि आज देर शाम तक मरम्मत कार्य पूरा कर दिया जाएगा। प्रोजेक्ट चेयरमैन के अनुसार बालेवाला हैड पर पानी की पर्याप्त मात्रा फिरोजपुर फीडर के मार्फत उपलब्ध है। इसलिए श्रीगंगानगर जिले को सिंचित करने वाली गंग कैनाल को निर्धारित 2500 क्यूसेक के मुताबिक पानी मिलता रहेगा। पुरानी बीकानेर कैनाल में कटाव आने से इस पर कोई फर्क पड़ने की संभावना नहीं है। फिर भी स्थिति पर नजर रखी जा रही है। उन्होंने बताया कि कल शाम बालेवाला हैड पर पानी की उपलब्धता लगभग 3000 क्यूसेक थी जबकि यहां से गंग कैनाल को 2579 क्यूसेक पानी दिया जा रहा था।

# खाद्य सुरक्षा में पात्र नागरिक ई-केवाईसी अवश्य करवायें



नोहर, 13 जून। खाद्य सुरक्षा योजना में पारदर्शिता लाने के लिए प्रदेश की सभी उचित मूल्यों की दुकानों पर खाद्य सुरक्षा के पात्र लाभार्थियों की ई-केवाईसी करवाई जा रही है। निर्धारित तिथि तक केवाईसी नहीं कराने पर खाद्य सुरक्षा सूची से अपने आप नाम कट सकता है। राशन डिपो पर लाभार्थियों की केवाईसी करने की प्रक्रिया चल रही है। जिन लाभार्थियों के फिंगर प्रिंट नही आ रहे है उन लाभार्थियों को आधार केन्द्र पर जाकर आधार कार्ड ले जाकर आधार अपडेट कराना पड़ता है। स्थानीय आईसीआईसीआई बैंक में बने आधार केन्द्र पर आधार अपडेट कराने के लिये सुबह से लाभार्थियों की लम्बी कतारे बैंक के आगे लग जाती है। गुरुवार सुबह 6 बजे ही आधार अपडेट कराने के लिये बैंक के आगे लम्बी लाईन लग गई। गुरूवार को आधार अपडेट कराने की मशीन खराब व आधार अपडेट करने वाले कर्मचारी की तबीयत खराब के चलते आधार अपडेट नही हुये। जिस कारण गुरूवार को आये लाभार्थियों को बिना आधार अपडेट के वापस लोटना पड़ा। इस गर्मी के मौसम में सुबह से लाईनों में खड़े लाभार्थियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। दूर दराज से आये लोगो ने इसको लेकर नाराजगी भी जताई। लोगों ने आरोप लगाया कि आधार अपडेट करने के लिए मनमानी चलाई जा रही है। अपने चेहतो के आधार अपडेट किये जा रहे है। विदित्त रहे कि आधार कार्ड में बच्चों व बुजुर्गों के फिंगर प्रिंट अपडेट न होने के चलते केवाईसी नहीं हो पा रही है। राशन कार्ड से कहीं नाम न कट जाए इस डर के चलते आधार कार्ड में फिंगर प्रिंट अपडेट करवाने के लिए आधार केंद्रों पर लोगों की भीड़ लग रही है। लोगों की लंबी लाइन केंद्र खुलने से दो घंटे पहले लग जाती है। बताया जाता है कि नोहर में आधार अपडेट कराने के लिये करीब तीन आधार केन्द्र संचालित है।

# सूरतगढ़ के सरकारी अस्पताल में आग लगने से अफरा-तफरी

## मरीजों को शिफ्ट किया गया, पूरे अस्पताल में बिजली ठप्प

तेज. श्रीगंगानगर | संजय सेठी



सूरतगढ़ में सरकारी अस्पताल में आज दोपहर आग लगने से अफरा-तफरी मच गई।अस्पताल में ड्यूटी रूम के सामने प्रथम तल को जाने वाली सीढियों के पास इलेक्ट्रिक पैनल सिस्टम में अचानक आग लगने से पूरे गलियारे, ओपीडी के कमरों तथा नजदीक ही महिला एवं पुरुषों के दो वार्डो में धुआं ही धुआं भर गया। सभी चिकित्सक, चिकित्सा कर्मी, अन्य कर्मचारी, इलाज करवाने के लिए आए लोग तथा वार्डों में भर्ती मरीजों को बाहर निकला गया। महिला एवं पुरुष वार्डों के मरीजों को दूसरे वार्डो में शिफ्ट किया गया। अस्पताल के कर्मचारी पूर्ण भाटिया,अनिल गोदारा और सूरज आदि ने अस्पताल में ही लगे फायर फाइटिंग सिस्टम से आग बुझाने के प्रयास शुरू कर दिए। सूचना मिलने पर नगर पालिका के दमकल वाहन लेकर भी दमकल कर्मी पहुंच गए। लगभग आधे घंटे की मशक्कत से आग पर काबू पा लिया गया, लेकिन तब तक इलेक्ट्रिक पैनल सिस्टम लगभग पूरी तरह से जल गया था। अस्पताल की इलेक्ट्रिक वायरिंग भी जल गई, जिससे काफी नुकसान हुआ। गनीमत रही कि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ।महिला एवं पुरुष वार्डों में काफी मरीज थे,जिनको दूसरी तरफ के वार्डों में ले जाया गया। इलेक्ट्रिक पैनल और वायरिंग जलने से पूरे अस्पताल में बिजली ठप हो गई। इसी अस्पताल परिसर में ट्रॉमा सेंटर भी है लेकिन वहां कोई नुकसान नहीं हुआ। जानकार सूत्रों ने बताया कि हाल के दिनों में अनेक संस्थाओं तथा दानदाताओं ने अस्पताल को एयर कंडीशनर भेंट किए हैं।लगभग सभी वार्डों, ओपीडी तथा अन्य कमरों में एसी लगे हुए हैं। मगर अस्पताल की वायरिंग पुरानी ही है। हालांकि अस्पताल प्रशासन ने पिछले दिनों ऑक्सीजन प्लांट को शुरू करने से पहले निर्धारित मापदंड के मुताबिक विद्युत निगम से अस्पताल बिल्डिंग का विद्युत भार करवा लिया था लेकिन वायरिंग वही पुरानी ही लगी रही। वायरिंग को बढे हुए विद्युत भार के मुताबिक नहीं किया गया।मोटे तौर पर माना जा रहा है कि आज आग लगने का कारण भी यही रहा। अस्पताल में वैकल्पिक विद्युत आपूर्ति के लिए डीजी सेट लगा है। विद्युत आपूर्ति बहाल करने के लिए वायरिंग की मरम्मत करवाई जा रही है। अस्पताल प्रशासन ने संकेत दिए हैं कि जल्दी ही सॉरी वायरिंग को बदलवाया जाएगा। इलेक्ट्रिक पैनल सिस्टम जलने से काफी आर्थिक नुकसान हुआ है। कई घंटे बिजली बंद रहने से मरीज, उनके सेवादारों तथा अस्पताल स्टाफ को परेशानी का सामना करना पड़ा।

# लापता युवक की लाश नहर में बरामद हुई

तेज. श्रीगंगानगर | संजय सेठी

स्थानीय जवाहरनगर थाना क्षेत्र में सिधू कॉलोनी निवासी एक युवक की लाश गंग कैनाल की बारहमासी नहर में नेतेवाला के पास मिली है। चूनावढ थाना में एएसआई कंवरपालसिंह ने बताया कि कल शाम सूचना मिलने पर लाश को नहर से निकलवा कर जिला अस्पताल के मुर्दाघर में सुरक्षित रखवा दिया। इस संबंध में देर रात को मार्ग रिपोर्ट दर्ज की गई। उन्होंने बताया कि 24- 25 वर्षीय मृतक युवक के हाथ पर अरुण कुमार नाम गुदा हुआ था। उसने काले रंग की पैंट पहनी हुई थी। कोई और कपड़ा उसके शरीर पर नहीं था। आज सुबह युवक की शिनाख्त अरुण कुमार के रूप में ही हुई। वह चार-पांच दिन से लापता था। इस संबंध में उसके परिवार वालों ने जवाहरनगर थाना में गुमशुदगी की रिपोर्ट भी दर्ज करवा रखी थी। एएसआई ने बताया कि मृतक अरुण वाल्मीकि लक्कड़ मंडी रोड पर मजदूरी करता था।उसके द्वारा नहर में कूद कर आत्महत्या कर लिए जाने की बात सामने आ रही है। बताया जा रहा है कि अरुण वाल्मीकि कुछ लोगों द्वारा छींटाकशी करने के कारण मानसिक रूप से परेशान था। पुलिस ने आज पोस्टमार्टम करवाने के बाद लाश परिवार वालों को दे दी।आगे मामले की जांच जारी है।

# नहर से मटके में पानी भरने गई महिला की डूबने से मौत

तेज. श्रीगंगानगर | संजय सेठी

अनूपगढ़ जिले में रावला थाना क्षेत्र में इंदिरा गांधी नहर परियोजना की अनूपगढ़ शाखा से निकलने वाली केएलडी नहर में आज सुबह अधेड़ उम्र की एक महिला की लाश बरामद हुई। पुलिस के अनुसार महिला की पहचान नई मंडी घड़साना थाना क्षेत्र में चक 6-डीडी निवासी सुमित्रा (51) पत्नी मोहनलाल के रूप में हुई है। पुलिस द्वारा सूचना दिए जाने पर उसे मित्र के परिवारजन मौके पर पहुंचे और लाश की पहचान सुमित्रा के रूप में की। पुलिस के मुताबिक चक 6-डीडी निवासी अनिल कुमार ने रिपोर्ट देते बताया है कि उसकी चाची सुमित्रा कल शाम को खेत की तरफ गई थी। वहां से आते हुए वह रास्ते में के केएलडी नहर पर मटके में पानी भरने लगी। इसी दौरान ही वह संतुलन बिगड़ने से नहर में गिर गई।जब सुमित्रा काफी देर तक घर नहीं आई तो उन्होंने उसे तलाश किया। आज सुबह लगभग 7 बजे उनको के मंडी 365 हैड के समीप केएलडी नहर में एक महिला की लाश मिलने की सूचना मिली। मौके पर जाकर देखा तो लाश उसकी चाची सुमित्रा की थी। पुलिस ने इस संबंध में मर्ग रिपोर्ट दर्ज की है।पोस्टमार्टम करवाने के बाद लाश परिवार जनों के सुपुर्द कर दी गई।

# विवाहिता ने अविवाहित युवक पर डरा धमकाकर दुष्कर्म करने का लगाया आरोप, मामला दर्ज

**हनुमानगढ़।** जिले में टिब्बी थाना क्षेत्र में लगभग 38 वर्ष की एक महिला ने अविवाहित 23-24 वर्षीय युवक पर डरा धमकाकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। उसके द्वारा दी गई रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने आरोपी युवक जगतपाल और नीटू मिल निवासी सिलवाला खुर्द पर दुष्कर्म, ब्लैकमेल और छेड़छाड़ की धारा में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।पुलिस को दी रिपोर्ट में महिला ने बताया है कि लगभग 1 वर्ष पहले वह एक दिन घर में अकेली थी। तब जगतपाल ने घर में आकर डराया धमकाया तथा उसकी इच्छा के विरुद्ध जबरदस्ती दुष्कर्म किया। उसकी अश्लील फोटो तथा वीडियो भी मोबाइल फोन से बना लिया, जिसे वह वायरल कर देने की धमकी देने लगा। पुलिस के मुताबिक पीड़िता ने बताया है कि यही डर दिखाकर लगभग 8 महीने पहले भी जगतपाल ने फिर उससे दुष्कर्म किया। अब वह लगातार शारीरिक संबंध बनाए रखने की धमकी दे रहा है कि नहीं तो वह उसका फोटो तथा वीडियो वायरल कर देगा। थाना प्रभारी सब इंस्पेक्टर जगदीश प्रसाद पांडर ने बताया कि पीड़िता द्वारा लगाए गए आरोपों की जांच शुरू कर दी गई है। पीड़िता शादीशुदा है जबकि आरोपी अविवाहित है।

# किसानों के ट्रैक्टर हड़पने के आरोप में गिरफ्तार

श्रीगंगानगर, 13 जून। भारतमाला प्रोजेक्ट में लगाने के लिए ठेके पर लेकर दो किसानों के दो ट्रैक्टर हड़प लिए जाने के एक मामले में घमूडवाली थाना पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक संदीप पुत्र दलबीरसिंह निवासी जोगीवाला जिला सिरसा (हरियाणा) की गिरफ्तारी की गई है।यह मामला विगत 29 अप्रैल को सुरेंद्र बिश्नोई (45) तथा संजीव बिश्नोई (23) निवासी चक 54-एलएनपी द्वारा दी गई रिपोर्ट के आधार पर इसी गांव के राजेंद्र कुमार नायक तथा संदीप निवासी जोगीवाला के खिलाफ दर्ज किया गया था। पुलिस को दी रिपोर्ट में सुरेंद्र तथा संजीव ने बताया कि राजेंद्र ने 15 से 18 नवंबर और 7 जनवरी को उनके दो ट्रैक्टर भारतमाला प्रोजेक्ट में लगाने के लिए ठेके पर राजेंद्र और संदीप ने लिए थे। राजेंद्र ने मोबाइल फोन पर संदीप से 20 हजार प्रति माह किराए पर ट्रैक्टर लेने की बात करवाई। संदीप ने ट्रैक्टरों को किराए पर लेने का एग्रीमेंट भी उनका मोबाइल फोन पर भेजा। इसके बाद जब उन्होंने किराए के रुपए लेने के लिए फोन किया तो दोनों के ही मोबाइल फोन बंद कर लिए। काफी प्रयास करने पर भी दिन से संपर्क नहीं हुआ। दोनों आरोपियों ने उनके ट्रैक्टर भी वापस नहीं किया और मासिक किराया भी नहीं दिया। धोखाधड़ी तथा अमानत में खयानत की धाराओं में यह मामला दर्ज किया गया था।

# घायल बालक की इलाज के दौरान मौत

**श्रीगंगानगर।** चूनावढ़ थाना क्षेत्र में नेतेवाला हैड से हिरणावाली को जाने वाली रोड पर एक हादसे में 9 वर्षीय बालक की इलाज के दौरान जयपुर में मौत हो गई। इस संबंधमें एक अज्ञात कर चालक पर लापरवाही के आरोप में मुकदमा दर्ज करवाया गया है। पुलिस के मुताबिक अजय कुमार माली (29) निवासी ढाणी अनिल मारोता चक 13-एलएलपी नेतेवाला रोही द्वारा दी गई रिपोर्ट के आधार पर अज्ञात कार चालक की लापरवाही से उसके बेटे राज (9)की मौत होने का मामला दर्ज किया गया है। अजय माली के मुताबिक 26 मई की शाम 6~30 बजे उसके छोटे भाई का साला अंकित मोटरसाइकिल पर राज को अपने साथ ले गया था। नेतेवाला हैड-हिरणावाली मार्ग पर ढाणी को जाने वाले रास्ते को अंकित मोटरसाइकिल खड़ा कर तार से बंद करने लगा।तब उसका बेटा राज मोटरसाइकिल पर बैठा था। तभी एक कर मोटरसाइकिल में टक्कर मारकर भाग गई। राज को एक प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती करवाइए जिसे उसी दिन ही जयपुर रैफर कर दिया गया। जयपुर में 2 जून को उसकी मृत्यु हो गई।

# पीएलडीबी सचिव ने किया निरीक्षण

**नोहर।** हनुमानगढ़ सहकारी भूमि विकास बैंक के सचिव पीथदान चारण ने गुरुवार को बैंक का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्मिकों से दीर्घकालीन कृषि एवं कृषि ऋण की वसूली में तेजी लाने के निर्देश दिए। चारण ने बताया कि 57 प्रतिशत से 43 प्रतिशत तक लक्ष्य पूरा कर लिया गया है। उन्होंने बताया ऋणदाताओं से समय पर ऋण चुकाने की अपील की गई। इस अवसर पर नोहर शाखा सचिव सोहनलाल वर्मा, बैंकिंग सहायक उमाशंकर शुक्ला, बैंकिंग सहायक चिमनलाल, विनोद कुमार आदि उपस्थित थे।

# हिंदूमलकोट इलाका फिर बना हेरोइन तस्करी का बडा गढ़

## युवती समेत पांच काबू, 3 किलो हैरोइन बरामद

तेज. श्रीगंगानगर | संजय सेठी





श्रीगंगानगर जिले में पाकिस्तान की अंतरराष्ट्रीय सरहद तथा पंजाब की अंतरराज्यीय सीमाओं के साथ लगता हिंदूमलकोट इलाका एक बार फिर हैरोइन(चिट्टा) तस्करी का बड़ा गढ़ बन गया है जबकि पुलिस द्वारा मादक पदार्थों की तस्करी तथा बिक्री करने वाले तस्करों की धरपकड़ के लिए ऑपरेशन सीमा संकल्प भी चलाया जा रहा है। आज हिंदूमलकोट इलाके में ही पुलिस ने एक युवती समेत पांच लोगों को काबू किया, जिनके कब्जे से करीब 3 किलो हैरोइन बरामद हुई। पुलिस अधीक्षक योगेश यादव ने दावा किया है कि यह हैरोइन के द्वारा क्रॉस बॉर्डर (पाकिस्तान) से ड्रोन के जरिए आई है।पकड़े गए पांचों व्यक्तियों से बरामद हैरोइन के बारे में पुलिस तथा खुफिया एजेंसियां कड़ी पूछताछ कर रही हैं। बरामद हैरोइन का संबंध अनूपगढ़ जिले में समेजा कोठी थाना क्षेत्र में हाल ही भारी मात्रा में हैरोइन की बरामदगी से है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि आज सुबह पुलिस की एक टीम ने हिंदूमलकोट से चक 7-सी को जाने वाली रोड पर मोटरसाइकिल पर सवार संदीपसिंह उर्फ सीपी (21) और बलविंदरसिंह उर्फ बिंद्र (22) निवासी चक 01-सी (बड़ी) को गिरफ्तार किया, जिनके पास 2 किलो 370 ग्राम हैरोइन बरामद हुई। इनका मोटर साइकिल जब्त कर लिया गया। पूछताछ करने पर पता चला कि बलविंदरसिंह उर्फ बिंद्र अपने एक रिश्तेदार कुलदीपसिंह उर्फ कालूनिवासी चक 44-पीएस थाना समेजा कोठी, जिला अनूपगढ़ से हैरोइन लेकर आया था। इसके कुछ देर बाद पुलिस की एक दूसरी टीम ने मोटरसाइकिल पर ही सवार सुखविंदरसिंह उर्फ सुक्खा (27) और उसकी पत्नी शिल्पा रानी (23) निवासी चक 01- सी (बड़ी) को गिरफ्तार किया, जिनके पास 585 ग्राम हैरोइन बरामद हुई। पुलिस अधीक्षक के मुताबिक इन दोनों ने बताया कि वे हिंदूमलकोट थाना इलाके में ही पाकिस्तान सीमा से लगते चक 3- बी निवासी नानकसिंह से हैरोइन लेकर आए थे। उन्होंने बताया कि बरामद हुई कुल 2 किलो 955 ग्राम हैरोइन का अंतरराष्ट्रीय बाजार में मूल्य लगभग 15 करोड रुपए है। उक्त दोनों मामलों में एनडीपीएस एक्ट के तहत अलग-अलग मुकदमे दर्ज किए गए हैं। पहले मामले की जांच सादुलशहर के थाना प्रभारी सीआई सुमेरसिंह और दूसरे मामले की जांच जवाहरनगर थाना के प्रभारी सीआई देवेंद्रसिंह राठौड़ को दी गई है। हिंदूमलकोट थाना क्षेत्र का सीमावर्ती इलाका काफी समय से पंजाब और पाकिस्तान के बड़े तस्करों के निशाने पर है। पंजाब के तस्कर इस इलाके के स्थानीय लोगों से संपर्क कम कर पाकिस्तानी तस्करों से ड्रोन अथवा अन्य माध्यमों से हैरोइन मंगवाते रहते हैं।पूर्व में ऐसे कई मामले पकड़े जा चुके हैं। पंजाब के तस्करों के साथ स्थानीय लोगों की धरपकड़ भी हुई है। इसके साथ ही अनूपगढ़ जिले में समेज कोठी थाना क्षेत्र में भी पाकिस्तान बॉर्डर पर इन दिनों हैरोइन तस्करी के मामले बढ़ गए हैं। हैरोइन की बरामदगी तथा तस्करों की धरपकड़ के लगातार मामले सामने आ रहे हैं। अभी तीन-चार दिन पहले ही इसी इलाके में 6 किलो हैरोइन पकड़ी गई है। पिछले हफ्ते हनुमानगढ़ जिले में सदर थाना पुलिस ने मोटरसाइकिल पर सवार हिंदूमलकोट इलाके के दो युवकों को गिरफ्तार कर 100 ग्राम हैरोइन बरामद की थी। इस मामले में भी हिंदूमलकोट इलाके के ही एक व्यक्ति का सप्लायर के रूप में नाम सामने आया था जो अभी तक गायब है। आज पकड़े गए व्यक्तियों के बारे में पुलिस अधीक्षक का कहना है कि कड़ी पूछताछ करने पर मादक पदार्थों के तस्करों के एक बड़े नेटवर्क के बारे में कई अहम जानकारियां मिलने की संभावना है।पुलिस की टीमें नानकसिंह तथा कुलदीपसिंह के बारे में जानकारियां जुटाना में लग गई हैं। इनकी धरपकड़ के प्रयास भी किया जा रहे हैं।

# शीतल जल व शरबत सेवा जारी



**नोहर।** भीषण गर्मी में राहगीरों व यात्रियों को राहत पहुंचाने के लिये स्थानीय शिवाजी बस स्टेण्ड पर संयुक्त व्यापार संघ के तत्वावधान में शीतल जल व शरबत सेवा का कार्य निरंतर जारी है। संयुक्त व्यापार संघ नोहर यहां शिवाजी बस स्टेण्ड पर पिछलें 11 दिनों से शीतल जल व मीठा शरबत यात्रियों व राहगीरों को पिलाया जा रहा है। इस मौके पर पालिकाध्यक्ष मोनिका खटोतिया, संयुक्त व्यापार संघ के अध्यक्ष संजय मोदी,उपाध्यक्ष तिलोकचन्द बंसल, मंत्री सुशील सिपानी, ओमप्रकाश खटोतिया, सुनील राठी,पार्षद प्रयागचंद मोयल,अनिल कड़वासरा, इन्द्रचंद बिरकाळी,किशन सुथार आदि अपनी सेवाए दी। इस मौके सेवाभावी सोच रखने वाले नन्हें बालक दीपेश चौहान की निस्वार्थ सेवा को संयुक्त व्यापार संघ नोहर ने प्रसंशा की। इससे पूर्व स्थानीय एंजल स्कूल प्रबंधन द्वारा यहां सेवाए दी ई। इस मौके पर संघ पदाधिकारियों के अलावा ग्रेन मर्चेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष ओमप्रकाश सुथार, एडवोकेट के.एल.मित्रुका,शैलेश महेश्वरी, पुलिस उप अधीक्षक ईश्वरसिंह, सुरेन्द्र अग्रवाल साहवा, अंकित अग्रवाल, उप प्राचार्य राकेश पूनिया, प्रदीप पुरोहित आदि उपस्थित रहे।

# राजकीय विद्यालय का परीक्षा परिणाम रहा उत्कृष्ठ



**नोहर।** स्थानीय महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय नंबर 1 की कक्षा 10 का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा । जिसमें कक्षा 10 के कुल 40 विद्यार्थी में से पांच विद्यार्थीयों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किये और 15 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किये, 35 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी प्राप्त की स्नेहा पुत्री भंवरलाल ने 96.33 प्रतिशत अंको के साथ विद्यालय में सर्वोच्च स्थान व रिदम पुत्री मनोज कुमार ने 93.50 प्रतिशत अंक प्राप्त करके दूसरा स्थान प्राप्त किया । इसी तरह कक्षा 8 का भी परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा जिसमें 15 विद्यार्थियों ने ए ग्रेड प्राप्त किया और 18 विद्यार्थियों ने बी ग्रेड प्राप्त किया। उल्लेखनीय है कि गत वर्ष यह विद्यालय कक्षा 10 के परीक्षा परिणाम मे तहसील स्तर पर प्रथम था। प्रधानाचार्य हरि सिंह पूनिया ने बताया कि इस बार विद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया ऑनलाइन है। कक्षा एक से आठ तक सभी कक्षाओं में प्रतिक्षा सूची है। प्रधानाचार्य ने उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम के लिए विधार्थियों को शुभकामना देते हुए स्टाफ का आभार व्यक्त किया।

# शिक्षक संघ उपशाखा नोहर की मासिक बैठक सम्पन्न

**नोहर।** राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय उपशाखा नोहर की मासिक बैठक यहां राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में सभाध्यक्ष रामसिंह सहू की अध्यक्षता में हुई। बैठक की शुरुआत राष्ट्रगीत से हुई। बैठक में उपशाखा मंत्री शैलेंद्र बेदा ने बताया कि वर्तमान सत्र में उपशाखा में संगठन के सदस्यों की संख्या 1057 पंहुच गई है। जिसमें आगामी दिनों में और वृद्धि की संभावना है। उन्होंने बताया कि शिक्षक संघ राष्ट्रीय ही एकमात्र ऐसा संगठन है जिसका अपना संविधान है और वह सरकार द्वारा निर्धारित सभी मापदंड पूर्ण करता है। बैठक में शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं जैसे पदोन्नति,एसीपी समय पर न होना,राजकीय सेवा में संतान संबंधी नियम में पूर्णतया शिथिलन प्रदान करने,स्थानांतरण, छात्र -शिक्षक अनुपात, 6डी समायोजन आदि पर चर्चा हुई। बैठक में पूर्व जिला मंत्री विनोद बैनीवाल ने बताया कि संगठन के प्रतिनिधियों की सरकार से बातचीत चल रही है तथा सरकार भी शिक्षक-समस्याओं के प्रति संवेदनशील है। बैठक में उन शिक्षक साथियों आभार जताया गया। जिन्होंने संगठन में सदस्यों को निस्वार्थ भाव से जुडने़ हेतु प्रेरित किया। बैठक में आगामी 22 व 23 को धौलपुर होने वाले प्रदेश महासमिति महाधिवेशन के बारे में भी जानकारी दी गई। बैठक में हरिश्चन्द्र शर्मा , श्योकत अली, दयाराम भांभू , धर्मपाल ,महेंद्र प्रताप शर्मा,विपिन शर्मा,गंगाधर स्वामी,भंवर सिंह भाटी, महावीर गेना, महेन्द्र सहू, रमेश गोदारा, साहबराम देहडू , विजेन्द्र शर्मा, विजय सहारण, कालूराम छिंपा आदि शिक्षक उपस्थित थे।

# विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

**नोहर।** रालसा जयपुर व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हनुमानगढ़ के निर्देशानुसार विश्व बालश्रम निषेध दिवस पर तालुका विधिक सेवा समिति के पीएलवी नरेन्द्र शर्मा व महावीर होदकासिया ने संयुक्त रूप से क्षेत्र के गांव फेफाना में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। गांव के ईंट उद्योग पर आयोजित इस शिविर में ईंट भट्ठा मजदूरों व अन्य उपस्थित आमजन को बाल अधिकार व कल्याण से संबंधित योजनाओं व उनके लाभों की जानकारी दी गई। शिविर में बालश्रम के दुष्परिणामों एवं उनके समाधानों के प्रति लोगों को जागृत किया गया। शिविर में निश्शुल्क विधिक सेवा के बारे में भी बताया गया। इस मौके पर सुभाष सुथार, प्रहलाद, पूर्व सरपंच जगदीश भादू, लक्ष्मण कुमार सहित महिला मजदूर, बच्चें व श्रमिक उपस्थित थे।

# आदेश के बाद भी समय पर नहीं दी जा रही पदोन्नति

» जलदाय कर्मचारी महासंघ के पदाधिकारियों ने विभाग व सरकार के अधिकारियों से की मुलाकात

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़



राजस्थान जलदाय कर्मचारी महासंघ के पदाधिकारियों ने कर्मचारियों से जुड़े विभिन्न मुद्दों को लेकर गुरुवार को जयपुर में विभाग व सरकार के अधिकारियों से मुलाकात की। महासंघ के प्रदेश संगठन मंत्री इंद्राज घोटिया ने बताया कि मुख्य अभियंता प्रशासन व जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी से मुलाकात कर मांगों पर चर्चा की तथा चेतावनी दी कि यदि इन मांगों का शीघ्र हल नहीं निकाला गया तो महासंघ बहुत जल्द व्यापक रूप से आंदोलन करेगा। महासंघ के प्रदेश महामंत्री किशोरनाथ सिसोदिया ने मांगों पर अपना मजबूती से पक्ष रखतें हुए मोबाइल एप से उपस्थिति कराने को पूर्ण रूप से गैर व्यावहारिक बताया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक श्रमिक कर्मचारी एंड्राइड मोबाइल फोन रखे यह जरूरी नहीं है। कुछ कर्मचारियों के पास फोन है। वह उसका खुद का हो जरूरी नहीं है क्योंकि अधिकांश कर्मचारियों का फोन घर पर रहता है। प्रदेश महामंत्री ने मुख्य अभियंता को कहा कि सरकार की ओर से न तो प्रत्येक कर्मचारी को मोबाइल सिम और फोन उपलब्ध करवाए जा रहे हैं और न ही तकनीकी कर्मचारियों को वांछित प्रशिक्षण दिया जा रहा है। हिटलरशाही तरीके से जारी इन आदेशों से सरकार की छवि पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। इसलिए विभाग की ओर से प्रसारित मोबाइल एप के माध्यम से उपस्थिति दर्ज करने संबंधी निर्देशों को शीघ्र निरस्त किया जाना चाहिए। इसके अलावा महासंघ पदाधिकारियों ने विभाग में कार्यरत कार्य प्रभावित कर्मचारियों को ट्रेंड विकल्प के अनुसार पदोन्नति नहीं देने का विरोध किया। महासंघ के प्रदेश महामंत्री किशोर नाथ सिसोदिया ने कहा कि पांच माह व्यतीत हो जाने पर भी कार्य प्रभावित कार्मिकों को पदोन्नत नहीं किया जा रहा। महासंघ के पदाधिकारियों ने सरकार की ओर से जारी निर्देशों के अनुसार कर्मचारियों को उनके अर्द्ध स्थाई रूप से घोषित किए जाने की तारीख से 9, 18, 27 वर्ष की सेवा पर चयनित वेतनमान, एसीपी के आधार पर स्वीकृत ट्रेंड अनुसार ही पदोन्नत किए जाने पर जोर दिया। महासंघ पदाधिकारियों ने अफसोस जाहिर किया कि सरकार की ओर से आदेश जारी किए जाने के उपरांत भी कर्मचारियों को समय पर पदोन्नति नहीं दी जा रही। इसकी वजह से कई कर्मचारी बिना पदोन्नति लाभ प्राप्त किए ही सेवानिवृत्त हो गए। जलदाय मंत्री कन्हैया लाल चौधरी ने समूचे प्रकरण की शासन सचिव पीएचईडी से शीघ्र समीक्षा करवाकर समाधान करने की बात कही। महासंघ पदाधिकारियों ने जलदाय मंत्री को हनुमानगढ़ में 28 जुलाई को प्रस्तावित प्रदेश अधिवेशन में आने का निमंत्रण पत्र भी सौंपा। इस मौके पर भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश महामंत्री हरिमोहन शर्मा, महासंघ प्रभारी मोहनलाल माली, प्रदेश महामंत्री सोना सिसोदिया, कोषाध्यक्ष पवन जैन, रामसिंह पूनिया, लेखराम योगी, गोसाईं राम सीहोर, अंग्रेज सिंह आदि मौजूद थे।

# राजनैतिक दबाव के कारण जांच अधिकारी नहीं कर रहे गिरफ्तारी

» पार्षद पति सहित दो जनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाने वाले परिवादी का आरोप

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

थाप-मुक्कों व लाठियों से पिटाई करने तथा जातिसूचक गालियां निकालने के संबंध में जंक्शन पुलिस थाना में पार्षद पति सहित दो जनों के खिलाफ दर्ज मुकदमे में कार्रवाई करने की मांग परिवादी ने की है। इस संबंध में परिवादी ने गुरुवार को पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा। जगदीश कुमार पुत्र बृजलाल बावरी निवासी वार्ड 58, सुरेशिया, जंक्शन ने बताया कि चार मई को उसके साथ वार्ड पार्षद पति रमजान खां व उसके साथी काले खां ने थाप-मुक्कों से मारपीट की व लाठियों से वार किए तथा जाति सूचक गालियां निकाली। पिस्टल तान कर जान से मारने की धमकी दी। लाठियों से वार कर हाथ व पैर तोड़ दिए। जेब से 2500 रुपए निकाल लिए। पड़ोस में रहने वाले नागरिकों ने उसे छुड़वाया। मारपीट की घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। इस संबंध में उसके पर्चा बयान के आधार पर जंक्शन पुलिस थाना में 6 मई को मारपीट, छीनाझपटी करने व एससीएसटी एक्ट की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज हुआ। लेकिन जांच अधिकारी की ओर से नामजद आरोपियों के खिलाफ सभी सबूत व वीडियो होने के बावजूद भी राजनैतिक दवाब के कारण कोई कार्रवाई नहीं की गई। न ही उन्हें गिरफ्तार किया गया। अवैध हथियारों की भी बरामदगी नहीं की गई। जगदीश कुमार ने आरोप लगाया कि पार्षद पति रमजान आपराधिक किस्म का व्यक्ति है तथा देह व्यापार व नशे का धंधा करता है। इस कारण उसके व उसके साथियों पर पूर्व में कई मुकदमे दर्ज हैं। रमजान व काले खां मोहल्ले में वेश्यावृत्ति करने वाली महिलाओं का साथ देते हैं। अगर मोहल्ले का कोई भी इन महिलाओं के खिलाफ आवाज उठाता है या थाना में शिकायत करता है तो तो रमजान और काले खां उस व्यक्ति को डारा-धमका कर या उसके साथ मारपीट कर मुकदमा वापस लेने के लिए कहते हैं। जो व्यक्ति मुकदमा वापस नहीं लेता, ये लोग गुण्डे बुलाकर उसके साथ मारपीट करते हैं तथा उसके खिलाफ इन महिलाओं से झूठा मुकदमा दर्ज करवा देते हैं। राजनैतिक प्रभावशाली होने के कारण पुलिस ने आज तक इनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की। इससे इनके हौसले बुलंद हैं। उसे इनसे जान-माल का खतरा बना हुआ है। जगदीश के अनुसार जब वे जांच अधिकारी से मिले तो उन्होंने कहा कि आपकी फाइल एडीजी सिविल राइट जयपुर के पास चली गई है। अब कुछ नहीं बनेगा। जगदीश ने एसपी से गुहार लगाई कि मुकदमे में आवश्यक कानूनी कार्रवाई करते हुए नामजद आरोपियों को गिरफ्तार करने का आदेश जांच अधिकारी को दिया जाए।

## कार में शराब की तस्करी करते दो युवक गिरफ्तार

» रावतसर थाना पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान की कार्रवाई




**तेज रिपोर्टर. हनुमानगढ़।** रावतसर थाना पुलिस ने कार में शराब की तस्करी करते दो युवकों को गिरफ्तार कर आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया है। यह कार्रवाई नाकाबंदी के दौरान की गई। रावतसर पुलिस थाना प्रभारी वेदपाल शिवराण ने बताया कि अवैध मादक पदार्थों की तस्करी व अन्य आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान की निरंतरता में थाना के एएसआई राजकुमार के नेतृत्व में गठित टीम गुरुवार को थाना क्षेत्र में नाकाबंदी कर रही थी। नाकाबंदी के दौरान पुलिस टीम ने कार नम्बर आरजे 49 सीए 7952 को रुकवाकर तलाशी ली तो उसमें 14 पेटी देसी शराब भरी हुई थी। अवैध शराब बरामद कर कार सवार हंसराज (24) पुत्र देवीलाल जाट व सुभाष (28) पुत्र भागीरथ जाट निवासी हरदासवाली, बिचला बास, चक 4 जेबीडी पीएस रावतसर को गिरफ्तार कर कार जब्त की। राजस्थान आबकारी अधिनियम में प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान जारी है। कार्रवाई करने वाली पुलिस टीम में एएसआई राजकुमार, कांस्टेबल रणधीर, हरलाल व महेश कुमार शामिल रहे। इस कार्रवाई में कांस्टेबल रणधीर व हरलाल की विशेष भूमिका रही।

## स्कूल की लाइब्रेरी में लगी एलईडी चोरी

**हनुमानगढ़।** ग्रीष्मकालीन छुट्टियों के कारण पिछले कुछ समय से बंद पड़े सरकारी विद्यालयों को निशाना बनाते हुए चोर चोरी की वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। ताजा मामले में अज्ञात चोरों ने संगरिया थाना क्षेत्र के एक सरकारी विद्यालय में घुसकर वहां लगे सीसीटीवी कैमरों को नुकसान पहुंचाया। साथ ही विद्यालय की लाइब्रेरी में लगी एलईडी चोरी कर ली। प्रधानाचार्य की ओर से अज्ञात चोर के खिलाफ संगरिया पुलिस थाना में मुकदमा दर्ज करवाया गया है। पुलिस के अनुसार 14 एमकेएस शेरगढ़ में प्रधानाचार्य के पद पर कार्यरत सुनीता रानी (57) पत्नी रमेश अग्रवाल निवासी मकान नम्बर 76, सैक्टर नम्बर 12, सांगलपति आश्रम के सामने, हनुमानगढ़ जंक्शन ने लिखित रिपोर्ट के जरिए मुकदमा दर्ज करवाया कि 31 मई के पश्चात विद्यालय में छुट्टियां चल रही हैं। उन्होंने 11 जून को सुबह करीब 7.30 बजे विद्यालय खोला तो देखा कि प्रधानाचार्य कक्ष व लाइब्रेरी के ताले टूटे हुए थे। विद्यालय की लाइब्रेरी में लगी एलईडी गायब थी। इसके अलावा विद्यालय में लगे सीसीटीवी कैमरों में से 4 कैमरे क्षतिग्रस्त थे। किसी अज्ञात व्यक्ति ने विद्यालय में घुसकर सीसीटीवी कैमरे क्षतिग्रस्त कर दिए और एलईडी चोरी कर ली। पुलिस ने प्रधानाचार्य की रिपोर्ट के आधार पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तफ्तीश एएसआई भूपसिंह को सौंपी है।

## निजी अस्पताल की पार्किंग में खड़ी बाइक चोरी

**हनुमानगढ़।** टाउन स्थित एक निजी अस्पताल की पार्किंग में खड़ी बाइक रात्रि को अज्ञात जना चोरी कर ले गया। इस संबंध में टाउन पुलिस थाना में मुकदमा दर्ज करवाया गया है। पुलिस अज्ञात चोर की तलाश में जुटी है। पुलिस के अनुसार रवि (21) पुत्र राजेन्द्र मेघवाल निवासी वार्ड चार, गांव किशनपुरा दिखनादा ने लिखित रिपोर्ट पेश करते हुए बताया कि वह तीन जून की देर शाम करीब सात बजे बाइक नम्बर आरजे 31 एसजी 7657 पर सवार होकर किसी काम से टाउन स्थित बेनीवाल हॉस्पिटल आया था। बाइक को हॉस्पिटल की पार्किंग में खड़ी कर अंदर चला गया। अगले दिन चार जून की सुबह करीब आठ बजे बाइक सम्भाली तो नहीं मिली। आसपास काफी तलाश की लेकिन बाइक का कुछ पता नहीं चला। रात के समय कोई अज्ञात व्यक्ति उसकी बाइक चोरी कर ले गया। पुलिस ने रिपोर्ट के आधार पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर अनुंसधान एएसआई सूरजभान के सुपुर्द किया है।

## 20100 रुपए की सट्टा रकम सहित गिरफ्तार

**हनुमानगढ़।** नोहर थाना पुलिस ने एक व्यक्ति को सट्टा की खाइवाली करते गिरफ्तार कर 20100 रुपए की सट्टा रकम बरामद की है। जानकारी के अनुसार उच्चाधिकारियों के निर्देशन में अवैध धंधों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत नोहर पुलिस थाना के हैड कांस्टेबल बजरंग लाल टीम के साथ थाना क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। गश्त के दौरान पुलिस टीम नोहर कस्बे में स्थित रामसुखदास पार्क के मुख्य दरवाजे के सामने पहुंची तो वहां एक व्यक्ति सट्टा की खाइवाली करता मिला। पुलिस ने मौके से राजपाल (38) पुत्र विजय सिंह राजपूत निवासी वार्ड एक, नोहर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 20100 रुपए की पर्ची सट्टा रकम बरामद की। आरपीजीओ एक्ट में प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान एएसआई खेमराज के सुपुर्द किया। पुलिस टीम में हैड कांस्टेबल बजरंग लाल, कांस्टेबल अरविन्द्र व सतवीर शामिल रहे। इस कार्रवाई में डीएसटी सैक्टर नोहर का विशेष योगदान रहा।

# मनरेगा मेटों ने किया पंचायत समिति कार्यालय का घेराव

» विकास अधिकारी को सौंपा पांच सूत्री मांग पत्र



तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

बकाया भुगतान सहित पांच सूत्री मांगों को लेकर मनरेगा मेटों ने गुरुवार को मनरेगा मेटों ने टाउन स्थित पंचायत समिति कार्यालय का घेराव किया। घेराव-प्रदर्शन के बाद विकास अधिकारी राजीव यादव को मांगों के संबंध में ज्ञापन सौंपा। संगठन के प्रदेश महासचिव विनोद गोदारा के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में फतेहगढ़ के मनरेगा मेटों सहित अन्य का सत्र 2022 से अटका हुआ भुगतान दिलवाने, मनरेगा श्रमिक रजनी देवी पत्नी शैलेंद्र कुमार जिसकी एक ही दिन दो जगह उपस्थिति दर्ज करवाई गई है की जांच करवाकर कार्रवाई करने, जांच के नाम पर चल रहे अभियान के तहत बिना ठोस कारण के मेटों को ब्लैक लिस्ट न करने, तकनीकी समस्या के कारण ऑनलाइन हाजिरी अपलोड नहीं होने पर ऑफलाइन हाजरी मान्य करने, मनरेगा मेटों का कार्य रोटेशन के आधार पर आवंटित करने, विकलांग को प्राथमिकता देने आदि की मांग की गई। प्रदेश महासचिव विनोद गोदारा ने कहा कि रजनी देवी की एक ही समय दो जगह हाजरी लगाने का मामला पिछले काफी समय से चला आ रहा है। इस मामले को लेकर काफी बार अधिकारियों को अवगत भी करवाया गया परन्तु अभी तक इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं की गई क्योंकि इसमें बहुत बड़ा भ्रष्टाचार है। विकास अधिकारी ने मेटों को आश्वासन देते हुए कहा कि इस मामले की निष्पक्षता से जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी। साथ ही अन्य समस्याओं को लेकर उच्चाधिकारियों से बातचीत कर हल निकलवाया जाएगा। इस मौके पर जसवीर सिंह, राकेश कुमार, लालचंद, लिच्छिराम, महेंद्र, विकास कुमार, कालूराम, मदन, मांगीलाल, पवन कुमार, शमशेर सिंह सहित कई अन्य मेट मौजूद थे।

# बकरी पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़



हनुमानगढ़। ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार एवं भारतीय स्टेट बैक द्वारा प्रायोजित ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान में चल रहे बकरीपालन प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन आज हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान के निदेशक प्रेम सिंह पथरी ने की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए निदेशक प्रेम सिंह पथरी ने बताया कि बकरी पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल 18 प्रतिभागियों को सफलतापूर्वक ट्रेनिंग दी गयी। उन्होंने कहा कि बकरी पालन एक तरह से गरीब की गाय होती है, जिसे कम पूंजी लगाकर अच्छा व्यवसाय शुरू कर कम खर्च में अच्छा मुनाफा कमाया जा सकता है इसलिये बकरी पालन को चलता फिरता एटीएम कहा जाता है। संस्थान द्वारा द्वारा निदेशक पशुपालन विभाग हनुमानगढ़ के सहयोग से प्रतिभाशाली एवं कुशल पशु चिकित्सकों के माध्यम से बकरीपालन के लिये आवश्यक और महत्वपूर्ण जानकारियां जैसे पशु पालने के लिये पशु को चारे व बीमारियों से संबंधित प्रशिक्षण दिया जाता हैं जिससे कि वह भविष्य में व्यवसाय करते समय आने वाली छोटी बड़ी समस्याओं से बिना घबराये उसका उपचार समझकर अपने अनुभव से उपचार करवा सके। आरसेटी का मुख्य उद्देश्य कला के धनी लोगों को उनकी कला की पहचान करवाकर उन्हे उसी क्षेत्र में प्रशिक्षण देकर प्रशिक्षित किया जाता है जिससे कि वह अपनी कला में निपूर्ण होकर अपना स्वयं का स्वरोजगार कर सके। उन्होने कहा कि आज के समय में बड़ी बड़ी कम्पनियां है जो कच्चा माल छोटे स्तर पर काम करने वाले लोगों से करवाकर अपने ब्रांड का नाम उस पर लगाकर करोड़ों कमा रही है, इसी लिये आरसेटी इन्ही प्रतिभागियों को कार्य प्रबंधन में भी निपूर्ण कर रही है जिससे कि आम व्यक्ति भी अपनी कला से अपना रोजगार अच्छे से कमा सकता है और अपना एक बड़ा व्यवसाय भी खड़ा कर सकता है।

उक्त प्रशिक्षण का मुल्याकंन डॉमेन एस्सेसर रमेश ठकराल, एलएसए सोनू ने किया। कार्यक्रम के अंत में समस्त प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर अनुदेशक मुकेश कुमार, अनिल सिंह राठौड़, कार्यालय सहायक गणेशराम, रितिक अरोड़ा, सूरज, विकास कुमार मौजूद थे।

# ऑर्गेनाइजेशन की टीम रक्तदान दिवस पर होगी सम्मानित

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़



रक्तदान के क्षेत्र में सराहनीय योगदान को लेकर विश्व रक्तदान दिवस पर शुक्रवार को श्रीगंगानगर की टांटिया यूनिवर्सिटी में आयोजित होने वाले सम्मान समारोह में हनुमानगढ़ के सक्षम हिंदुस्तान फाउंडेशन ऑल इंडिया भाइचारा वेलफेयर ऑर्गेनाइजेशन टीम को सम्मानित किया जाएगा। समारोह में ऑर्गेनाइजेशन के फाउंडर विक्रम धूड़िया, अध्यक्ष वेदु झोरड़, सचिव रोमिल काठपाल, राजू रामगढ़िया, करण, प्रदीप पाल, गुरप्रीत सिंह, प्रवीण कुमार व मुकन्द ओझा को मानवता पुरस्कार 2024 अवार्ड प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। गौरतलब है कि विक्रम धूड़िया व उनकी पूरी टीम ने हनुमानगढ़ सहित आसपास के विभिन्न क्षेत्रो में अनेकों बार रक्तदान शिविर लगाकर एवं समय-समय पर जरूरतमंदों को रक्त उपलब्ध करवाने का कार्य किया है। विक्रम धूड़िया ने कहा कि अधिक से अधिक लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित करना चाहिए कि रक्तदान करने से व्यक्ति स्वस्थ रहता है। इससे एंटीबॉडीज बनता है जिससे हृदय रोग होने की संभावना कम होती है। यदि अधिक से अधिक लोग रक्तदान करें तो व्यावसायिक रक्तदाताओं से मुक्ति मिल सकती है।

# प्रचार रथ की रवानगी के साथ हुआ 'श्री श्याम महोत्सव' का आगाज



तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

सैक्टर 3 पंचमुखी बालाजी मन्दिर के श्याम भक्तों द्वारा 12वें श्री श्याम महोत्सव का आगाज गुरूवार को प्रचाररथ की रवानगी के साथ हुआ। गुरुवार को प्रात प्रचार रथ की विधिवत पूजा अर्चना के पश्चात टाउन पंचमुखी बालाजी मंदिर सेक्टर 3 से प्रचार रथ को रवाना किया गया। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि 12 वें श्री श्याम महोत्सव के तहत 15 जून 2024 को बाबा श्याम के भव्य जागरण का आयोजन होगा। उक्त आयोजन के तहत विशेष आकर्षण का केन्द्र जय श्री श्याम परिवार कला मण्डल द्वारा बाबा के भजनों का गुणगान, बाबा का शीश का दरबार, इत्र वर्षा व छप्पन भोग रहेगा। उन्होने बताया कि क्षेत्र की सुख स्मृद्धि, खुशहाली की कामना को लेकर श्याम भक्तों द्वारा पिछ्ले 12 वर्षो से श्याम महोत्सव का आयोजन किया जाता है। उक्त आयोजन में विशेष आमंत्रित कलाकार बाबा के सुन्दर सुन्दर भजनों का गुणगान करेगे। उक्त आयोजन को सफल बनाने में विनोद तलवाडिया, दिनेश शर्मा, भानी चाचाण, मनमोहन गर्ग, नवीन गर्ग, महेश सारड़ा, संजय मित्तल, मनोज गड़ीवाल, मनोहर कोचर, शंकर कांसरिया, राजेश छाबड़ा, राजेश दादरी, हवा सिंह, हरिकिशन, गौरव बजाज, सोनू बंसल, मुकेश बालासरिया, कुंभाराम, अभय मित्तल, प्रदीप गौतम, सुभाष स्वामी, निशांत गोयल, विपिन गोयल, संदीप बवेजा, रोहित ओझा, प्रेम तलवाड़ा, विकास मोदी, सतीश सेतिया, शेरु,, अंकित कंदोई, तरुण, मोहनलाल, गोपाल लड्ढा, चंद्र, मनोज, सुभाष मामा, हिमांशु शारडा, चेतन जिंदल, नरेश अरोड़ा, रोहित खुराना व अन्य श्यामभक्त मौजूद थे।

# मारपीट करने के प्रकरण में वांछित पांच आरोपी गिरफ्तार

» घर के आगे चक्कर काटने से रोकने की बात से नाराज होकर की थी मारपीट

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़



टिब्बी थाना पुलिस ने घर के आगे चक्कर काटने से रोकने की बात से नाराज होकर घर में घुसकर मारपीट करने के प्रकरण में वांछित पांच आरोपियों को गुरुवार को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार पांचों आरोपी गांव खाराखेड़ा निवासी हैं। टिब्बी पुलिस थाना प्रभारी एसआई जगदीश पाण्डर ने बताया कि 8 अप्रेल को थाना क्षेत्र के रहने वाले व्यक्ति ने थाना में उपस्थित होकर रिपोर्ट पेश की कि उसके पड़ोस में शादी थी। रामसिंह वगैरा शराब पीकर उसके घर के आगे चक्कर काट रहे थे। उसके मना करने पर इन लोगों ने घर में जबरदस्ती घुसकर गालियां निकाली व परिवार के सदस्यों के साथ मारपीट की। इस पर मुकदमा नम्बर 153 दर्ज कर जांच एएसआई सुखपाल सिंह के सुपुर्द की। उच्चाधिकारियों के निर्देशन में फरार एवं वांछित अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान की निरंतरता में कार्रवाई करते हुए थाना में दर्ज मुकदमा नम्बर 153/2024 में वांछित पांच आरोपियों रामसिंह (28) पुत्र सुलखन सिंह बावरी, वीर सिंह उर्फ लक्ष्मण सिंह (35) पुत्र सुलखन सिंह बावरी, गोविन्द (23) पुत्र सुलखन सिंह बावरी व रामदेव सिंह उर्फ रामसिंह उर्फ रामू (25) पुत्र सतनाम सिंह बावरी चारों निवासी वार्ड 8, खाराखेड़ा व सुखदेव सिंह (22) पुत्र जगसीर सिंह बावरी निवासी वार्ड 9, खाराखेड़ा को गुरुवार को गिरफ्तार किया। आरोपियों से अनुसंधान जारी है।

कार्रवाई करने वाली पुलिस टीम में थाना प्रभारी जगदीश पाण्डर, एएसआई सुखपाल सिंह, हैड कांस्टेबल मानाराम, कांस्टेबल रामधन व राहुल शामिल रहे।

# चालक ने रास्ते में ट्रक से गेहूं डीजल व टायर चुरा किए खुर्द-बुर्द

» ट्रक मालिक ने दर्ज करवाया मुकदमा

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

ट्रक में सादुलशहर से गेहूं भरकर चौमू गए चालक ने रास्ते में कुछ गेहूं, डीजल व ट्रक के टायर चोरी कर खुर्द-बुर्द कर दिए। चालक ट्रक लेकर वापस आया तो वाहन मालिक को इस बात का पता चला। चालक से बात की तो वह आनाकानी करने लगे। ट्रक मालिक की ओर से इस संबंध में संगरिया पुलिस थाना में मुकदमा दर्ज करवाया गया है। पुलिस के अनुसार सोमराज (50) पुत्र हेमराज अग्रवाल निवासी वार्ड तीन, संगरिया ने लिखित रिपोर्ट पेश करते हुए बताया कि वह अग्रवाल ट्रांसपोर्ट के नाम ट्रांसपोर्ट का व्यवसाय करता है। उसने अपने ट्रक नम्बर पीबी 03 बीएच 7581 पर जसवन्त सिंह पुत्र भैराराम निवासी संतनगर तहसील रानिया जिला सिरसा हरियाणा को चालक रखा हुआ है। 6 जून को उसने अपने ट्रक में सादुलशहर से चौमू के लिए गेहूं भरा था। चालक जसवन्त सिंह ट्रक व पेशगी लेकर अग्रवाल ट्रांसपोर्ट कार्यालय संगरिया से चौमू के लिए रवाना हुआ। जब 12 जून को चालक जसवन्त सिंह ट्रक लेकर उसके कार्यालय में पहुंचा तो उसने गाड़ी व गाड़ी में रखे कागजात को चैक किया तो पाया कि गाड़ी की पहुंच में 70 किलोग्राम गेहूं कम है। गाड़ी में डीजल कम व टायरों में बदलाव पाया गया। उसने चालक जसवन्त सिंह को जब गेहूं-डीजल व टायरों के बारे में पूछा तो वह आना-कानी कर बहाने बनाने लगा। सोमराज ने आरोप लगाया कि चालक जसवन्त सिंह ने उसके ट्रक से गेहूं, टायर व डीजल चोरी कर खुर्द-बुर्द कर दिए। पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ आपराधिक विश्वास का उल्लंघन करने के आरोप संबंधी धारा के तहत मुकदमा दर्ज कर तफ्तीश हैड कांस्टेबल सुखदेव सिंह हैड को सौंपी है।



# मृणाल ठाकुर के तमिल डेब्यू की राह तक रहे फैंस को झटका

मृणाल ठाकुर को लेकर बीते दिन एक खबर सामने आई जिसने उनके फैंस के उत्साह को बढ़ा दिया। रिपोर्ट थी कि हिंदी, मलयालम और तेलुगु के बाद अब वह अपने तमिल डेब्यू के लिए कमर कस रही हैं। रिपोर्ट में तो ये भी दावा किया गया था कि अभिनेत्री राघव लॉरेंस की फिल्म कंचना 4 का हिस्सा हो सकती हैं। हालांकि, अब इन अफवाहों पर खुद अभिनेता निर्देशक राघव लॉरेंस ने अपनी प्रतिक्रिया दी है, जिससे अभिनेत्री के फैंस को तगड़ा झटका लगना लाजमी है। बीते दिनों ये खबर तेजी से फैल रही थी कि हॉरर कॉमेडी फेंचाइजी कंचना के चौथे भाग के लिए मृणाल से संपर्क किया गया है। हालांकि, ये सारी खबरें अफवाह साबित हुई हैं। इस फेंचाइजी का अहम हिस्सा रहे अभिनेता और निर्देशक राघरव लॉरेंस ने खुद इस पर जानकारी दी है। उन्होंने अपने ट्वीटर अकाउंट पर ट्वीट कर कंचना 4 की कास्टिंग से जुड़ी सभी खबरों को अफवाह बताया है। उन्होंने लिखा, नमस्कार दोस्तों और प्रशंसकों, कंचना 4 की कास्टिंग के बारे में सोशल मीडिया पर चल रही सभी जानकारी सिर्फ अफवाहें हैं। राघवेंद्र प्रोडक्शन के जरिए आधिकारिक घोषणा की जाएगी।

### हॉरर कॉमेडी फैंचाइजी है कंचना

राघव लॉरेंस की कंचना फेंचाइजी पिछले कुछ सालों में व्यावसायिक रूप से काफी सफल रही है। इसकी हर फिल्म में हॉरर के साथ कॉमेडी का तड़का देखने को मिला है। कंचना तमिल भाषा की बेहद सफल हॉरर कॉमेडी फैंचाइजी है। कंचना को मुनि के नाम से भी जाना जाता है। मुनि साल 2007 में रिलीज हुई थी। फिल्म में राघव लॉरेंस, सरथकुमार, लक्ष्मी राय आदि कलाकार नजर आए थे।

### कंचना 4 पर टिकीं सबकी नजरें

मुनि के बाद इस का अगला भाग मुनि 2 साल 2011 में रिलीज हुआ था। इसे कंचना 2 के नाम से भी जाना जाता है, जिसके बाद इस फेंचाइजी की तीसरी कड़ी कंचना 3 साल 2019 में रिलीज हुई थी, जिसने 100 करोड़ से भी ज्यादा की कमाई की थी। अब निर्माता इसके अगले भाग यानी कंचना 4 के लिए कमर कस रहे हैं, जिससे जुड़ने वाले सितारों के नाम का अभी अधिकारिक एलान होना बाकी है।



# जन्नत जुबैर ने टीवी शो फुलवा की वापसी की जताई इच्छा

लाफ्टर शेफ्स अनलिमिटेड एंटरटेनमेंट में नजर आने वाली एक्ट्रेस जन्नत जुबैर ने छोटे पर्दे के प्रतिष्ठित शो फुलवा में वापसी की इच्छा जताई है। 22 वर्षीय एक्ट्रेस जन्नत ने अपने अभिनय करियर की शुरुआत सामाजिक नाटकों में एक बाल कलाकार के रूप में की थी, जिसमें 2010 का शो काशी - अब ना रहे तेरा कागज कोरा और 2011 में प्रसारित फुलवा शामिल है। जब उनसे पूछा गया कि क्या वह चाहेंगी कि फुलवा फिर से स्क्रीन पर आए, तो जन्नत ने कहा- क्यों नहीं? ये शो काफी अच्छा है। इतने सालों बाद लोग आज भी बालिका वधू, ना आना इस देस लाडो और फुलवा के बारे में बात करते दिखाई देते हैं। एक्ट्रेस ने कहा कि आज भी लोग उन्हें उनके किरदार फुलवा के नाम से बुलाते हैं। उन्होंने कहा, लोग आज भी मुझे फुलवा के नाम से जानते हैं, जो इस बात का सबूत है कि यह शो आज भी कितना प्रभावशाली है। लगभग 12-13 साल हो गए हैं। मुझे उम्मीद है कि ऐसे शो बनाए जाएंगे। लेकिन अगर फुलवा 2 या बालिका वधू 2 बनता है, तो मुझे लगता है कि प्रशंसक और लोग फिर से क्रेजी हो जाएंगे। फुलवा मध्य प्रदेश के मुरैना के पास चंबल के जंगल की पृष्ठभूमि पर आधारित शो था। इसमें फूलन देवी के जीवन की कहानी दिखाई गई है। कहानी भारत के एक डाकू-प्रभावित इलाके में रहने वाली एक गांव की लड़की के इर्द-गिर्द घूमती है। जन्नत ने भारत का वीर पुत्र - महाराणा प्रताप और तू आशिकी जैसे शो में भी काम किया है। वह रानी मुखर्जी अभिनीत हिचकी में दिखाई दी थीं। उन्होंने स्टंट-आधारित रियलिटी शो फियर फैक्टर- खतरों के खिलाड़ी 12 में भाग लिया। 2022 में उन्होंने मीडिया, मार्केटिंग और विज्ञापन श्रेणी में फोर्ब्स 30 अंडर 30 सूची में भी जगह बनाई।

# कोटा फैक्ट्री 3 से दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए तैयार हैं जितेंद्र कुमार

पंचायत 3 के बाद अब जितेंद्र कुमार कोटा फैक्ट्री के तीसरे सीजन के जरिए दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए तैयार हैं। हाल ही में उन्होंने मजेदार अंदाज में सीरीज की रिलीज की तारीख से पर्दा उठाया था। वहीं अब निर्माता इस सीरीज का ट्रेलर रिलीज करने की योजना बना चुकी है, जिसे लेकर उन्होंने सोशल मीडिया पर बड़ा एलान किया है। इसके साथ ही उन्होंने ट्रेलर की रिलीज से की भी घोषणा की। स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स ने ट्रेलर की घोषणा करने के लिए रोमांचक सीरीज का एक पोस्टर साझा किया। इसके साथ कैप्शन में उन्होंने लिखा, इसे अपने टाइम टेबल में रखें। कोटा फैक्ट्री सीजन 3 का ट्रेलर कल रिलीज होगा। निर्माताओं ने खुलासा करते हुए बताया कि ट्रेलर मंगलवार, 11 जून को रिलीज होगा। जैसे ही यह खबर साझा की गई, प्रशंसकों ने अपनी उत्सुकता दिखाने के लिए कमेंट सेक्शन में बाढ़ ला दी। एक यूजर ने लिखा, जीतू भैया का इंतजार कर रहा हूं। दूसरे यूजर ने टिप्पणी की, सचिव जी, जीतू भैया इमोशन। हाल ही में निर्माताओं ने घोषणा की कि कोटा फैक्ट्री का तीसरा सीजन 20 जून को ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज होगा। रिलीज की तारीख की घोषणा से पहले जीतू भैया उर्फ जितेंद्र कुमार ने दिलचस्प वीडियो के साथ प्रशंसकों का उत्साह बढ़ाया था। वीडियो में जितेंद्र ने प्रशंसकों को कोटा फैक्ट्री सीजन 3 की रिलीज की तारीख के बारे में चिढ़ाते हुए सुराग ढूंढने के लिए कहा और एक गणित का समीकरण दिया, जिसे डिकोड करने के लिए कहा गया। उन्होंने वीडियो में कहा था, मैं जल्द ही आ रहा हूं और कोटा फैक्ट्री सीजन 3 भी। तारीख नोट कर लें। कोटा फैक्ट्री सीजन 3 जून में रिलीज हो रही है... मैं इतनी आसानी से नहीं बताऊंगा। पहले इसे हम कीजिए।



# दिखावा करने वाले सितारों पर नाराज हुई उर्फी!

अभिनेत्री और सोशल मीडिया इन्फ्लूएंसर उर्फी जावेद ना सिर्फ अतरंगी पोशाक पहनने के लिए जानी जाती हैं, बल्कि वह खुलकर बेबाकी से अपनी बातों को भी रखती हैं। यही वजह है कि वह अक्सर सुर्खियों में बनी रहती हैं। कभी-कभी उर्फी को ट्रोल भी होना पड़ता है। वहीं, नेटिजन्स कई बार उनकी पोशाक की रचनात्मकता को लेकर उनकी तारीफ भी करते हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक अब उर्फी जावेद की एक वीडियो क्लिप वायरल हो रही है, जिसमें उर्फी बॉलीवुड सितारों को लेकर तंज कसती हुई नजर आ रही हैं। इस वीडियो में उर्फी ने कटाक्ष करते हुए कहा कि बॉलीवुड के मशहूर सितारे दर्शकों से जुड़ने के लिए खुद को मिडिल क्लास जैसा बताते हैं।

### खुद को मिडिल क्लास जैसा दिखाने वालों पर कसा तंज

एक साक्षात्कार में उर्फी ने अपनी निराशा जताते हुए कहा, 'जब अमीर हस्तियां यह दिखावा करती हैं कि उनका पालन-पोषण बहुत ही मध्यमवर्गीय, गरीब परिवार में हुआ है, तो यह मुझे अंदर तक परेशान कर देती है। हम जानते हैं कि तुम अमीर थे।' उर्फी ने तंज कसते हुए कहा, हम बिल्कुल मिडिल क्लास थे, हमने कभी फर्स्ट क्लास फ्लाई नहीं किया, हम इकॉनमी में फ्लाई करते थे। हमने प्लेन नहीं देखा था यार, तुम कैसी बातें कर रहे हो।'



# राजकुमार को मिला स्टार ऑफ द ईयर का तमगा

'स्त्री', 'लव सोनिया', 'फाइव वेडिंग्स', 'एक लड़की को देखा तो ऐसा लगा', 'जजमेंटल है क्या', 'मेड इन चाइना', 'शिमला मिर्ची', 'रूही', 'हम दो हमारे दो', 'बधाई दो', 'हिट द फर्स्ट केस' और 'भीड़', इन एक दर्जन हिंदी फिल्मों में एक चीज हर फिल्म में कॉमन है और वह है इसके हीरो राजकुमार राव। डबल एम वाले राजकुमार की इन 12 फिल्मों में सिर्फ 'स्त्री' को ही बॉक्स ऑफिस पर सफलता मिली और उसके बाद रिलीज हुई 11 फिल्में कतार से टिकट खिड़की पर फ्लॉप रहीं। ये आंकड़ा बीते साल तक का है। अब टी सीरीज के प्रबंध निदेशक भूषण कुमार ने आधा साल बीतने से पहले ही साल 2024 को राजकुमार का साल बता दिया है। उनके इस दावे में कितना दम है, आइए जानने की कोशिश करते हैं। साल 2018 में रिलीज हुई फिल्म 'स्त्री' के समय 34 साल के रहे राजकुमार राव आने वाले अगस्त में 40 साल के हो जाएंगे। फिल्म 'स्त्री' की सीक्वल 'स्त्री 2' राजकुमार के जन्मदिन 31 अगस्त से ठीक एक दिन पहले रिलीज होना प्रस्तावित है। लेकिन, बड़ा सवाल यहां ये है कि 'स्त्री' से लेकर 'स्त्री 2' तक के छह साल के अंतराल में क्या राजकुमार राव के नाम एक भी हिट का तमगा नहीं बंधने वाला? राजकुमार राव का जनसंपर्क देखने वाली एजेंसी की तरफ से जारी बयान को सच मानें तो इस साल रिलीज हुई राजकुमार राव की दोनों फिल्में 'श्रीकांत' और 'मिस्टर एंड मिसेज माही' हिट हो चुकी हैं। इस गणना पर राजकुमार राव की टीम कैसे पहुंची? ये उनकी टीम को भी नहीं पता है।



# बस बहुत हो गया अब नेगेटिव रोल नहीं करूंगी!

टीवी की महशूर अभिनेत्री उर्वशी ढोलकिया आज किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। कसौटी जिंदगी की में कोमोलिका बन उन्होंने दर्शकों के दिलों में अपने लिए एक खास जगह बनाई है। वे अपनी इस यात्रा से खुश और संतुष्ट दोनों हैं, लेकिन अब वे अपने करियर में कुछ नया करना चाहती हैं। वे कुछ नया करके दर्शकों को अपने अभिनय कौशल से चकित कर देना चाहती हैं। चलिए जानते हैं कि उर्वशी ढोलकिया ने अपने एक नए इंटरव्यू में क्या कुछ कहा है। आज से लगभग 15 साल पहले उर्वशी ढोलकिया ने कोमोलिका के किरदार को निभाया था, लेकिन आज भी दर्शक उन्हें उसी किरदार के नाम से पहचानते हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान अभिनेत्री ने कहा, मैं खुद को सौभाग्यशाली मानती हूं कि दर्शकों को अब भी मेरा वह किरदार याद है। ऐसा काफी कम बार ही देखने को मिलता है, लेकिन अब मैं कुछ अलग और नया करना चाहती हूं। कोमोलिका के आगे भी एक दुनिया है।

उर्वशी ढोलकिया अपनी बात को बढ़ाते हुए कहती हैं, देखिए रेखा जी ने उमराव जान में बेहतरीन अभिनय किया था तो इसका ये मतलब हुआ कि उसके बाद वे केवल उमराव जान जैसी ही भूमिकाएं निभाएंगी। यह गलत है। मैं अब निगेटिव रोल नहीं करना चाहती हूं। मैं कुछ अलग और नया करना चाहती हूं। मुझे जब भी कोई वही घिसा-पीटा रोल ऑफर करते हुए कहानी सुनाता है तब मैं सोचती हूं इसमें क्रिएटिविटी कहां है। कहां हैं क्रिएटिव लेखक और निर्देशक जो कुछ नया करना चाहते हैं।

उर्वशी ढोलकिया इन दिनों टीवी शो पुष्पा इम्पॉसिबल में नजर आ रही हैं। इस शो में वे एक वकील की भूमिका निभा रही हैं। उन्हें उम्मीद है कि दर्शक उन्हें कुछ अलग करते हुए देखकर खुश होंगे और उन्हें सराहेंगे। अभिनेत्री इस विषय में बात करते हुए कहती हैं, मैं खुश हूं और आभारी हूं कि निर्माताओं ने कम से कम मेरे बारे में एक अलग नजरिए से सोचा और मुझे एक सकारात्मक किरदार निभाने का मौका मिला। मैं जानती हूं रातों-रात चमत्कार नहीं हो सकता है, लेकिन लोग अब मुझे देवी सिंह के नाम बुलाने लगे हैं। छोटी ही सही, लेकिन ये मेरे लिए नई शुरुआत है।





# उन्होंने मुझे करियर की पहली फिल्म, पहली हिट दी, उनकी एक आवाज पर मैं हाजिर मिलूंगा

**ठेठ हिंदी पट्टी से आए कार्तिक आर्यन नई सदी के ऐसे पहले अभिनेता हैं जो उत्तर भारत से आए और मुंबई की फिल्म नगरी में सुपरस्टार बनकर छा गए। और, वह भी बिना यशराज फिल्म्स या धर्मा प्रोडक्शन्स की किसी फिल्म के सहारे के। कार्तिक आर्यन का एक बड़ा इम्तिहान इस हफ्ते रिलीज हो रही फिल्म 'चंदू चैंपियन' में होने वाला है। यह उनके करियर की पहली बायोपिक है। पैरालंपिक चैंपियन मुरलीकांत पेटकर की कहानी पर बनी इस फिल्म के बारे में, अपने व्यक्तिगत विकास और गॉसिप के सहारे सुर्खियों से दूर रहने के अपने फैसले के बारे में कार्तिक आर्यन ने खास बातचीत की।**

**'सत्यप्रेम की कथा' के बाद फिल्म 'चंदू चैंपियन' निर्माता साजिद नाडियाडवाला के साथ आपकी दूसरी फिल्म है। इस फिल्म के लिए आपने कहानी को हां की या फिर निर्देशक कबीर खान के नाम को?**

जब मैं 'सत्यप्रेम की कथा' की शूटिंग कर रहा था उसी दरम्यान कबीर खान मुझे एक कहानी सुनाने के लिए मिले थे। जो कहानी उन्होंने मुझे सुनाई, उसने मेरे होश उड़ा दिए। मैं ऐसा हो गया कि ये कहानी सच्ची कहानी कैसे हो सकती है? इस पर यकीन करना मुश्किल था लेकिन ये सच है और सब तथ्यों पर आधारित है। आश्चर्य मुझे ये भी हुआ कि इतने वक्त तक ये कहानी बाहर क्यों नहीं आई और लोगों को इस कहानी के बारे में अब तक पता क्यों नहीं है?

**लेकिन बहुत मशहूर लोगों की बायोपिक करना भी बहुत मुश्किल होता है। जिनके बारे में पता न हो तो उन किरदारों की कहानियां कर रहे कलाकारों से उतनी उम्मीदें नहीं होतीं..**

मेरी पहली बायोपिक है तो मुझे ये पता नहीं कि इन दोनों परिस्थितियों का अंतर कैसा होता है। मैंने जो 'चंदू चैंपियन' के लिए किया, वह मेरे लिए बहुत ज्यादा मुश्किल रहा है। मुझे तमाम ऐसे हुनर सीखने पड़े जिनके पास से भी मैं जिंदगी में नहीं गुजरा। गहरे पानी में जाना मुझे शुरू से डराता रहा है। मुक्केबाजी मैंने सपने में भी नहीं की। लंगोट पहनकर अखाड़ा उतरने की बात भी दूर की कौड़ी है। और ये सारी चीजें मैं एक साथ एक ही फिल्म में कर रहा हूं। यूं भी लगता है कि मैं 'दंगल' और 'सुल्तान' एक साथ कर रहा हूं। लेकिन, फिर ये फिल्म एक वॉर फिल्म भी है। ये फिल्म मेरे जीवन की सबसे कठिन फिल्म रही है।

**और, पहली बार आप एक बार में सिर्फ एक ही फिल्म करते रहे?**

हां, पहले ऐसा तब होता था जब मेरे पास फिल्में नहीं होती थीं। जब से गाड़ी थोड़ा चली है तो मैं फिल्में भी जल्दी जल्दी करता हूं। लेकिन ये पहली बार था कि जैसे ही मुझे कहानी सुनाई गई मैं तुरंत फिल्म करने को तैयार हो गया। थोड़े दिन बाद इस बात का एहसास हुआ कि ये फिल्म तो एक साथ बनेगी। तैयारी शूटिंग से साल भर पहले शुरू होगी और तब मैं कोई फिल्म नहीं कर पाऊंगा और जब शूटिंग शुरू हो जाएगी तब तो दूसरी फिल्म सोच भी नहीं पाऊंगा। मुझे समझ आया कि ये फिल्म मेरी जिंदगी के डेढ़ दो साल लेकर जाने वाली है पर मुझे इस कहानी से इतना प्यार हो चुका था कि मेरे दिमाग में कभी कोई दूसरी बात आई ही नहीं।

**निर्देशक कबीर खान को यशराज फिल्म्स स्पाई यूनिवर्स का संस्थापक माना जा सकता है, उन्होंने और भी बड़ी फिल्में बनाईं तो जब उनके कद का कोई निर्देशक कार्तिक आर्यन के पास फिल्म लेकर आता है, तो कहीं आप उनके आभामंडल से चौंधियाते तो नहीं..?**

कबीर खान जैसा निर्देशक जिसका काम उनके नाम से पहले आपके जहन में पहुंचता है, वह जब मेरे जैसे एक युवा कलाकार पर ये भरोसा करते हैं कि मैं उनका सोचा हुआ 'चंदू चैंपियन' जैसा किरदार कर सकता हूं, तो ये इस बात पर मोहर लगाता है कि मैं सही रास्ते पर हूं। मैंने कभी नहीं सोचा था कि कबीर खान जैसे उम्दा निर्देशक मेरे पास फिल्म लेकर आएंगे और वह भी ऐसी फिल्म लेकर आएंगे जो मेरी स्थापित छवि की फिल्मों से बिल्कुल ही अलग होगी।

# ब्लॉक स्तरीय जनसुनवाई में सुने अभाव अभियोग

तेज. रिपोर्टर| पीलीबंगा



ब्लॉक स्तरीय जनसुनवाई गुरुवार को पंचायत समिति सभागार में हुई। एसडीएम अमिता बिश्नोई के मार्गदर्शन में ब्लॉक स्तरीय कर्मचारियों अधिकारियों ने ग्रामीण एवं शहरी अंचलों से अपनी समस्याएं लेकर आने वाले आवेदकों की समस्याओं को सुना।आवेदकों द्वारा बताई गई समस्याओं के संबंध में उपस्थित अधिकारियों को यथाशीघ्र समस्याओं के निराकरण के निर्देश मौके पर दिये गये। जनसुनवाई में विभिन्न समस्याओं पर आधारित लगभग तीन दर्जन से अधिक आवेदन प्राप्त हुए। प्राप्त आवेदनों का निराकरण किये जाने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए गए। जनसुनवाई में प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा,रसद, राजस्व, स्वास्थ्य विभाग सहित आमजन के कल्याण के लिए चल रही योजनाओं के बारे में बताया गया। जनसुनवाई में प्राप्त प्रत्येक शिकायत अथवा समस्या की रसीद देकर प्रत्येक परिवाद को दर्ज किया गया।एसडीएम अमिता बिश्नोई के अनुसार इसमें परिवादियों की जनसुनवाई करते हुए उनके अभाव अभियोग और शिकायतों के निस्तारण के अलावा समस्त प्राप्त शिकायतों को पोर्टल पर भी दर्ज करने के निर्देश दिए। नायब तहसीलदार जसवंत सिंह ने बताया कि इसके अलावा जनसुनवाई में प्राप्त प्रकरणों को व्यवस्थित रूप से दर्ज करने, आवेदक को रसीद देने, प्राप्त परिवादों को तीन दिन में संपर्क पोर्टल पर दर्ज करने का प्रावधान है। बीसीएमओ डॉ. मनोज अरोड़ा ने स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं के बारे मेंबताया। जनसुनवाई में एसडीएम अमिता बिश्नोई, बीडीओ रविंद्र शर्मा, बीसीएमओ डॉ. मनोज अरोड़ा, एडीओ हुकम सिंह राठौड़, डिस्कॉम एईएन गोविंद नाथ, खंड शिक्षा अधिकारी कृष्ण लाल सिहाग, नोडल पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ.हंसराज चौहान, पीएचईडी जेईएन अस्मिका दुआ, पीडब्ल्यूडी जेईएन संदीप सिंह, पंचायत शाखा से महेंद्र सहारन, आयुर्वेद आचार्य डॉ.डीसी सरस्वा सहित ब्लॉक स्तरीय कर्मचारी अधिकारी मौजूद रहे।

# 54 एलएनपी में जाम्भानी संस्कार निर्माण में सैकड़ों बच्चों ने भाग लिया

तेज. रिपोर्टर| पीलीबंगा




बिश्नोई सभा 54 एलएनपी एवम जाम्भाणी साहित्य अकादमी के सयुंक्त तत्त्वाधान में आयोजित जाम्भानी संस्कार निर्माण शिविर के तृतीय दिवस का आगाज जम्भेश्वर भगवान के मंदिर पर सामूहिक 120 शब्दों के सस्वर पाठ कर हवन किया गया। जिसमें बिश्नोई सभा के जिलाध्यक्ष शोभित बोला, बिश्नोई मंदिर प्रधान संत कुमार सीगड़, कैंप प्रभारी मास्टर रामसिंह कस्वां ने प्रतिभागी सैकड़ा बालक-बालिकाओं व ग्रामीणों ने भाग लिया। इस शिविर के द्वितीय दिवस के मुख्य अतिथि रामरतन डूडी थे। इसके बाद द्वितीय सत्र को कृभको के राजेश गोदारा ने बच्चों को शतरंज खेल खेलने का आव्हान करते हुए बताया की शतरंज के खिलाड़ी को आगे की चार चाल चलते हुए विपक्षी खिलाड़ी को मात देने की रणनीति होती है, जिससे खिलाड़ी का दिमाग तेज गति से विकास करता है। उन्होंने कहा की बच्चों को जिस भी क्षेत्र में आगे बढ़ना चाहता है उसे उसी के अनुरूप बढ़ने देने से वो जल्दी कामयाब हो जाता है। काले हिरणों की सुरक्षा के लिए अर्थ हीरो अवॉर्ड से सम्मानित एवं मानद जीव प्रतिपालक अनिल बिश्नोई ने पर्यावरण एवं वन्य जीव संरक्षण के विषय जीव दया एवं बलिदान गाथा पर अपने संबोधन में कहा की वन एवम वन्य जीवों का सरंक्षण करना जरूरी है। दोनों में से एक के बिगड़ने से पर्यावरण का संतुलन बिगड़ जायेगा, जिसके गंभीर परिणाम विश्व में देखे जा रहे है। हर प्रकार के जीवों पर दया, करुणा जरूरी है। उन्होंने बताया की विक्रम संवत 1780 में भादवा सुदी दशवीं मंगलवार के दिन जोधपुर के निकट खेजडली गांव में एक खेजड़ी के वृक्ष को काटने से बचाते हुए मां अमृतादेवी के सिर सांठे रुख रहे तो भी सस्ता जान .. के नारे के साथ 84 गांवों के 363 लोगों ने बलिदान दे दिया लेकिन एक पेड़ नहीं कटने दिया, वो सामंती युग में जब राजा का हुक्म ही प्रजा को पालन करता था, विश्व की अद्भुत घटना है जिसका विश्व में प्रचार प्रसार करना जरूरी है, जो विश्व के लिए एक प्रेरणादाई बलिदान है। कैंप प्रभारी मास्टर रामसिंह कसवां ने बिश्नोई समाज के तीर्थ स्थलों का विस्तृत जानकारी देकर बच्चों में जाम्भानी संस्कार का महत्व बतलाया। गांव मंदिर समिति अध्यक्ष संतकुमार सीगड़ ने शिविर में पधारे अतिथियों को गांव की तरफ से स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर ओमप्रकाश धारणिया, राजेन्द्र गोदारा, अंकित गीला, मनीष गोदारा, साहबराम, सुनील सिहाग, पंकज गोदारा, विनोद भादू, सचिन लोल, संदीप सीगड़, अमित गोदारा, बनवारी लाल गोदारा, रामस्वरूप सीगड़ इत्यादि अनेक ग्रामीण मौजूद रहे। युवा बिश्नोई सभा के जिलाध्यक्ष शोभित बोला ने अतिथियों का आभार जताया।

# मिलावट की आशंका पर 700 लीटर घी सीज

## - मुख्यमंत्री एवं कलक्टर के निर्देशों पर वृद्ध आश्रम मार्ग पर स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई

तेज. रिपोर्टर| श्रीगंगानगर



जिले में चल रहे शुद्ध आहार, मिलावट पर वार अभियान के तहत चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बुधवार देर रात को एक कार्रवाई करते हुए वृद्ध आश्रम मार्ग पर स्थित एक संस्थान पर दबिश दी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं जिला कलेक्टर लोकबंधु के निर्देशों पर हुई इस कार्रवाई के दौरान टीम ने करीब 700 लीटर देशी घी सीज किया एवं मौके से दो सैंपल लिए। सीएमएचओ डॉ. अजय सिंगला ने बताया कि विभाग को सूचना मिली थी कि वृद्ध आश्रम मार्ग स्थित श्री साई फूड्स पर मिलावटी घी बेचा जा रहा है। जिस पर टीम ने मौके पर जाकर संस्थान का निरीक्षण किया और मिलावट की आंशका पर गौमैत्री एवं मिल्कियो ब्रांड गाय का देशी घी के दो सैंपल लिए। वहीं मौके पर मिला 692 लीटर घी सीज कर दिया। संस्थान मालिक को घी न बेचने के लिए पाबंद किया। इस दौरान सीएमएचओ डॉ. अजय सिंगला स्वयं सहित एफएसओ हेतराम खुड़िया मौजूद रहे। लिए गए सैंपल तत्काल लैब में भिजवाए गए हैं, जिनकी रिपोर्ट आने पर आगामी कार्रवाई की जाएगी। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व विभाग ने प्लॉट नंबर 12, औद्योगिक क्षेत्र, अग्रसेननगर में स्थित डीएम एंड संस पर दबिश देकर रिफाइंड राइस ब्रान ऑयल 8000 किलो एवं रिफाइंड पामोलिन 7518 किलो को सीज किया था। इसी तरह 9 मई को रिको एरिया में मिलावट की आशंका के चलते 2750 लीटर वनस्पति एवं 2160 लीटर मिल्क बाइट ब्रांड का देशी घी को सीज किया था।

### आमजन बनें जागरूक, करें शिकायत

सीएमएचओ डॉ. सिंगला ने आमजन से अपील है कि जहां भी अशुद्ध, मिलावटी व अवधिपार खाद्य सामग्री बेचने की आशंका हो, उसकी शिकायत अवश्य करें। आगामी दिनों में इस तरह की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। सीओआईईसी विनोद बिश्नोई ने बताया कि आमजन 9462819999 पर वाट्सएप मैसेज या 181 पर शिकायत दर्ज करवा सकते हैं। यदि शिकायत की पुष्टि होती है और इस दौरान लिया गया सैंपल अनसेफ मिलता है तो सूचना दाता को 51000 रूपए की इनामी राशि दी जाती है।

# चाइल्ड हेल्पलाइन ने लावारिस नाबालिग को रेस्क्यू कर संप्रेषण गृह भेजा




**तेज. चूरू।** जिला मुख्यालय पर रेलवे स्टेशन के बाहर मिले एक नाबालिग को चाइल्ड हेल्पलाइन द्वारा रेस्क्यू कर संप्रेषण गृह भेजा गया है। चाइल्ड हेल्पलाइन समन्वयक पन्नेसिंह ने बताया कि एक नाबालिग बालक चूरू रेल्वे स्टेशन पर लावारिस हालत में मिला। रेलवे स्टेशन के बाहर रात के समय नाबालिग बालक अकेला बैठा था। रेलवे स्टेशन के बाहर चाय की दुकान पर बैठे लोगों ने बालक से पूछताछ की तो वह अपनी जानकारी देने से बचता रहा। संदेह होने पर बालक को चाय की दुकान वाले ने अपने पास बैठा लिया। बाद में इसकी जानकारी चाइल्ड हेल्पलाइन के टोल फ्री नंबर 1098 पर दी गई। जानकारी मिलते ही चाइल्ड हेल्पलाइन के सुपरवाइजर भंवर रविंद्र सिंह, नरपत सिंह मौके पर पहुंचे और बालक को रेस्क्यू किया। पुलिस चौकी में रिपोर्ट के बाद बालक को चाइल्ड हेल्पलाइन लाया गया, जहां से नाबालिग बालक को रात्रि विश्राम हेतु राजकीय संप्रेषण गृह में अस्थाई प्रवेश दिलाया गया। गुरुवार सवेरे नाबालिग बालक की काउंसलिंग में उसने अपना नाम रोहन सिंह निवासी बिहारीपुर, जिला आगरा, राज्य उत्तर प्रदेश बताया लेकिन बालक पूर्ण रूप से सही पता नहीं बता पा रहा है। इसके बाद नाबालिग बालक का स्वास्थ्य परीक्षण करवा कर उसे बाल कल्याण समिति के समक्ष पेश किया गया। चाइल्ड हेल्पलाइन समन्वयक पन्ने सिंह द्वारा बालक का सही पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है। चाइल्ड हेल्पलाइन काउंसलर वर्षा कंवर, सुपरवाइजर नरपत सिंह, भंवर रविंद्र सिंह, सुभाष कुमार कैस वर्कर निखिल राठौड़ ऊंटवालिया, रूपेंद्र रिड़खला, अमन छापरवाल आदि ने प्रकरण में सहयोगी भूमिका निभाई।

# गौधन मित्र प्रबंधक द्वारा उमेश वर्मा डॉक्टर रेशमा वर्मा को गौ सेवा सम्मान से सम्मानित किया

तेज. सादुलपुर | मदनमोहन

गाय माता की सेवा में अग्रीण संस्था - गौ धन मित्र- के प्रबंधक महेंद्र जोशी को अपनी शादी की 31वीं वर्षगांठ के अवसर पर गोसेवा बीकानेरी सम्मान व कन्या पूजन कार्यक्रम का आयोजन कर उमेश कुमार वर्मा डॉक्टर रेशमा वर्मा दंपति द्वारा पिंजरापोल जुबली गौशाला में सम्मान किया गया। छैल बिहारी महाराज बुजुर्गों के आशीर्वाद के साथ कार्यक्रम का आयोजन कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया कार्यक्रम में मुख्य सहयोग देव किशन चांडक तथा मनु महाराज जी के आशीर्वाद के साथ इस आयोजन में पधारे सभी अतिथियों ने उत्सव व आनंद के साथ मनाया। इसी के साथ महिला हुनर प्रशिक्षण केंद्र डॉक्टर रेशमा वर्मा द्वारा बीकानेरी सम्मान मेरा काम मेरी पहचान के अंतर्गत विभिन्न फाउंडेशन व सेवा कार्य सामाजिक कार्यकर्ताओं का सम्मान किया। कार्यक्रम में पधारे छोटे बड़े सभी बुजुर्ग अतिथियों का विशेष रूप से उमेश कुमार वर्मा व डॉक्टर रेशमा वर्मा ने आभारऔर धन्यवाद प्रकट किया।

# तालाब चारागाह भूमि को अतिक्रमण मुक्त करने की मांग, उपखंड अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

तेज. सादुलपुर | मदनमोहन



श्री राष्टीय राजपूत करणी सेना की ओर से गांव भोजाण के ग्रामीणों ने उपखंड अधिकारी को ज्ञापन देकर गांव की मेघवाल धर्मशाला तथा जलदाय विभाग के कुएं पर हो रहे अतिक्रमण को हटाने की मांग की है। तहसील अध्यक्ष नवीन सिंह राठौड ने बताया कि बार-बार शिकायत करने के बावजूद भी कार्रवाई नहीं हो रही है। उन्होंने बताया कि गांव में मेघवाल धर्मशाला बनी हुई है। धर्मशाला में आंगनबाड़ी केंद्र भी चलता है और इसके चारों तरफ अतिक्रमण हो जाने के कारण समाज के लोगों में रोष भी व्याप्त है। उन्होंने बताया कि धर्मशाला के परिसर के अंदर एक पेयजल कुंड है जो क्षतिग्रस्त हो गई है। आंगनबाड़ी केंद्र पर आने वाले छोटे बच्चों के साथ कभी भी अनहोनी हो सकती है। मेघवाल धर्मशाला के चारों तरफ अतिक्रमण होने के कारण धर्मशाला की चार दिवारी भी क्षतिग्रस्त हो गई है। पीने की पानी की व्यवस्था नहीं हो रही है। उन्होंने बताया कि जलदाय विभाग का कुआं बंद है चारों तरफ अतिक्रमण हो गया है। ज्ञापन के माध्यम से कहा गया है कि पहले भी गांव में ग्रामीणों ने धरना प्रदर्शन कर प्रशासन से अतिक्रमण हटाने की मांग की थी लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई है। अब एक बार फिर ग्रामीणों ने अतिक्रमण हटाने की मांग की है।

# शिक्षा विभाग ने जारी किए आदेश, स्वागत के दौरान अधिकारी अब नहीं पहन सकेंगे पगड़ी

तेज. सादुलपुर | मदनमोहन

शिक्षा विभाग ने अधिकारियों की बैठकों और सरकारी दौरे पर होने वाली फिजूलखर्ची पर रोक लगाने का निर्णय लिया है। अब कोई भी अधिकारी सरकारी दौरे, कार्यक्रम में स्वागत में न तो पगड़ी पहन पाएंगे और न ही दुपट्टा ले सकेंगे। गुलदस्ता और स्मृति चिन्ह लेने पर भी रोक लगाई गई है। ऐसा करना नियमों के खिलाफ होगा। शिक्षा निदेशक आशीष मोदी ने हाल में यह आदेश जारी किया है। इस आदेश से सबसे बड़ी राहत प्रिंसिपलों और प्रधानाध्यापकों को मिली है। क्योंकि स्कूलों में आए दिन डीईओ, सीडीईओ, सीबीईईओ या अन्य अधिकारी औचक निरीक्षण के नाम पर पहुंच जाते हैं। ऐसे में उनके स्वागत के लिए प्रिंसिपलों को हमेशा अपने पास पगड़ी और दुपट्टा रखने पड़ते हैं। बैठकों में इस्तेमाल होने वाले बोतल बंद पानी पर भी रोक लगा दी है। विभाग का तर्क है कि इससे पर्यावरण संरक्षण का संदेश जाएगा। अधिकारियों को राजकीय आवास में ही रुकने को कहा है।

### ...कहीं नाराज न हो जाएं अधिकारी

एक प्रिंसिपल ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि शिक्षा विभाग ने अच्छी पहल की है, लेकिन अधिकारी जब तक इसको लेकर गंभीर नहीं होंगे, तब तक यह आदेश प्रभावी नहीं होगा। क्योंकि यदि किसी स्कूल में स्वागत सत्कार नहीं किया तो अधिकारियों के नाराज होने का डर है।

# राजकीय महाविद्यालय सिधमुख में विद्यार्थियों की प्रवेश प्रक्रिया हुई शुरू

तेज. सादुलपुर | मदनमोहन

राजकीय महाविद्यालय में बीए प्रथम सेमेस्टर तथा बीएससी प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों की प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। प्रवेश नोडल अधिकारी डॉ.अनीता गोस्वामी ने बताया कि कॉलेज शिक्षा जयपुर के अनुसार बीए प्रथम एवं बीएससी की प्रथम सेमेस्टर के ऑनलाइन आवेदन 10 जून से प्रारंभ कर दिए गए हैं। जो 19 जून तक आवेदन लिए जाएंगे। उसके बाद में विद्यार्थियों के फॉर्म वेरिफिकेशन के पश्चात वरीयता सूची में स्थान प्राप्त विद्यार्थियों के दस्तावेज राजकीय महाविद्यालय में जमा किए जाएंगे। वहीं राजकीय महाविद्यालय सिधमुख में नव शैक्षिक सत्र के लिए 10 जून से बीए पार्ट प्रथम सेमेस्टर प्रथम के लिए ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। प्राचार्य शीशराम ने बताया कि आवेदन की अंतिम तिथि 19 जून है। उन्होंने बताया कि इच्छुक विद्यार्थी अपने नजदीकी ई मित्र के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि नए सत्र की कक्षाएं महाविद्यालय के नव निर्मित भवन में संचालित होगी।

# लगातार हो रहे जम्मू संभाग में आतंकी हमले, पाकिस्तान पर उंगली उठना लाजमी



अशोक भाटिया
वरिष्ठ स्वतंत्र पत्रकार
लेखक एवं टिप्पणीकार

बड़े दुःख की बात है कि जम्मू-कश्मीर के जम्मू संभाग में पिछले 72 घंटों के अंदर आतंकियों ने 3 अलग-अलग जगहों पर हमला किए। आतंकियों ने बुधवार रात कठुआ में सैन्य बलों पर हमला कर दिया। इस दौरान आतंकियों का मुकाबला करते हुए सीआरपीएफ का एक जवान शहीद हो गया। वहीं, सेना के पांच जवान और एक एसपीओ घायल है। इन आतंकियों ने कठुआ के एसएसपी अनायत चौधरी के साथ-साथ जम्मू-कठुआ रेंज के डीआईजी सुनील गुप्ता की गाड़ी पर भी हमला किया था। हालांकि वे बाल-बाल बच गए हैं।

इस बीच सूत्रों से पता चला है कि ये आतंकी पाकिस्तान से सांबा सेक्टर के जरिये घुसे थे और फिर कठुआ में ताबड़तोड़ गोलीबारी कर दी। इस दौरान मुठभेड़ में एक आतंकी मारा गया। सूत्रों ने बताया कि कठुआ में मारे गए इस आतंकवादी के बैग से कुछ हैंड ग्रेनेड और भारतीय नोटों की गड्डियां मिली है। माना जा रहा है कि आतंकवादी कुछ घंटे पहले ही भारत में घुसे थे, लिहाज़ा उन्हें भारतीय नोटों की गड्डियां दी गई थी, जिससे अपना खर्चा चला सके। अनुमान के मुताबिक नोटों की संख्या लगभग 1 लाख हो सकती है।

सूत्र बताते है कि कल शाम कठुआ में हुए आतंकवादी हमले में दो पाकिस्तानी आतंकवादी शामिल थे। वे महज चार घंटे पहले ही सांबा सेक्टर के रास्ते भारत में घुसे थे और लगातार पैदल चलकर कठुआ पहुंचे थे। खुफिया एजेंसियों को पता चला है कि रास्ते में प्यास लगने पर इन आतंकियों एक गांव में पानी भी मांगा था।

उधर मीडिया सूत्रों के अनुसार , यह भी पता चला है कि डोडा के भदरवा में सेना पर हुई गोलीबारी के मामले में पाकिस्तान में बैठे आतंकी सरगना ने पिछले कई सालों से गायब रहे आतंकी संगठन कश्मीर टाइगर्स को जिम्मेदारी लेने के लिए कहा है। इसके बाद आतंकवादी संगठन लश्कर ए तैयबा और जैश ए मोहम्मद ने कश्मीर टाइगर्स के लेटरहेड पर बयान जारी करते हुए डोडा में हुए हमले की जिम्मेदारी कश्मीर टाइगर्स के नाम कर दी।

इस मामले की जांच में लगे खुफिया और सुरक्षा बलों के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार पाकिस्तान ऐसे आतंकवादी संगठनों का नाम केवल अंतरराष्ट्रीय समुदायों की आंख में धूल झोंकने के लिए लेता है, जिससे उसके ऊपर कोई उंगली ना उठा सके। कश्मीर टाइगर्स नाम का यह आतंकवादी संगठन वास्तव में पाकिस्तान के आतंकवादियों का ही समूह है, जिसे केवल कश्मीर के नाम पर दिया गया है।सूत्र बताते बताते है कि पाकिस्तान में मौजूद आतंकवादी संगठन लगातार जम्मू में आतंकवादियों की घुसपैठ कर रहे हैं और इन आतंकवादियों को स्पष्ट तौर पर निर्देश दिए गए हैं कि भारत में घुसते ही उन्हें कत्लेआम मचाना शुरू कर देना है। ध्यान रहे कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली सरकार जिस दिन तीसरी बार शपथ ग्रहण कर रही थी, ठीक उसी दिन पाकिस्तान समर्थक आतंकवादी संगठन इस्लामिक स्टेट खोरासन प्रोविंस ने अपना मुखपत्र जारी किया था, जिसमें साफ तौर पर कहा गया था कि महमूद गजनवी की तर्ज पर भारतीय सम्राट पर लगातार हमले जारी रहेंगे। उसके बाद से पाकिस्तान के आतंकवादी समूह द्वारा लगातार हमले किए भी जा रहे हैं।

हाल ही में सरकार ने जम्मू कश्मीर ने डोडा हमले में शामिल चार आतंकियों के स्केच जारी किए हैं। इसके साथ ही इनकी गिरफ्तारी के लिए आवश्यक जानकारी देने के लिए 20 लाख रुपये के ईनाम का ऐलान किया है। साथ ही हर आतंकी की जानकारी देने के लिए पांच लाख रुपये के ईनाम का ऐलान किया है।

सबसे पहले नौ जून को जम्मू कश्मीर के रियासी में आतंकियों ने तीर्थयात्रियों की बस पर हमला किया था। ये हमला नौ जून की शाम तकरीबन 6¬15 बजे के आसपास हुआ था। घात लगाकर बैठे आतंकियों ने बस पर फायरिंग की थी, जिसके बाद बस अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरी थी। बस पर हमले करने वाले आतंकी पहाड़ी इलाके में छुपे हुए थे।

इसके बाद मंगलवार को जम्मू कश्मीर के कठुआ के एक गांव में आतंकी घुस आए थे। आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ में अब तको दो आतंकियों को ढेर कर दिया गया। सर्च ऑपरेशन को और तेज कर दिया गया । कठुआ जिले के एक गांव में हुए आतंकी हमले के बाद सुरक्षाबलों का ऑपरेशन शुरू हुआ था। इस जिले के हीरानगर सेक्टर के सैदा सुखल गांव पर मंगलवार शाम आतंकवादियों ने हमला किया था। सुरक्षाबलों के ऑपरेशन में सीआरपीएफ का एक जवान भी शहीद हुआ।

कठुआ में मंगलवार शाम को आतंकियों की गोलीबारी में जम्मू कश्मीर के डीआईजी रैंक और एसएसपी रैंक के दो अधिकारियों की कार भी जद में आ गई थी। इस हमले में ये अधिकारी बाल-बाल बच गए थे।इसके बाद जम्मू कश्मीर के कठुआ में भी आतंकियों ने हमला किया। ये तीन दिन में इस तरह का तीसरा हमला था। डोडा में आतंकियों ने सेना के अस्थाई ऑपरेटिंग बेस पर गोलीबारी की, जिसके बाद सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ शुरू हुई थी।

डोडा के छत्रकला में आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच गोलीबारी में सेना के पांच जवान सहित कुल छह लोग घायल हुए। घायलों में एक स्पेशल पुलिस ऑफिसर (एसपीओ) भी शामिल था। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया था। कश्मीर टाइगर नाम के आतंकी ग्रुप ने इस हमले की जिम्मेदारी ली थी।इन आतंकी हमलों के बीच बुधवार को राजौरी के नौशेरा सेक्टर में दो आतंकियों को देखा गया था, जिसके बाद सुरक्षाबलों ने यहां सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया। साथ ही अतिरिक्त सुरक्षाबलों की तैनाती भी की गई है।

गौरतलब है कि जम्मू और कश्मीर में अगले कुछ ही महीनों में विधानसभा चुनाव प्रस्तावित हैं। इस विधानसभा चुनाव से पहले दहशतगर्द जम्मू-कश्मीर में खौफ फैलाना चाहते हैं। इसलिए आतंकियों ने ताबड़तोड़ हमले को अंजाम दिया है। खुफिया इनपुट के मुताबिक ञ्ञऋ का ऑफशूट हिट स्क्वाड जो फॉल्कन स्क्वाड के नाम से जाना जाता है, वो ऐसे हमलों को अंजाम दे रहा है। आतंकियों के इस गिरोह में विदेशी दहशतगर्द भी शामिल हैं। खुफिया एजेंसी सूत्रों के मुताबिक पाकिस्तान की शह पर जम्मू कश्मीर में प्रस्तावित विधानसभा चुनाव की तैयारी को निशाना बनाने की नीयत से ये हमले किये जा रहे हैं। जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव से जुड़े हलचल पर ढ्ढस्ढ्ढ की लगातार नजर है। खबर है कि इन हमलों की साजिश पाक अधिकृत कश्मीर (क्क्शय्य) में रची गई थी।इसके अलावा हाल के दिनों में जम्मू-कश्मीर में पर्यटकों की लंबी-लंबी कतारें भी पाकिस्तान में बैठे आतंकियों के सरगनाओं को खटक रही है। इसलिए ये तत्व घाटी में अमन के माहौल को किसी भी हालत में खत्म करना चाहते हैं।

भारत की खुफिया एजेंसी का मानना है आने वाले दिनों में जम्मू कश्मीर में और खास तौर पर जम्मू में इसी तरीके के आतंकी हमले को अंजाम दिया जा सकता है।नब्बे के दशक में एक दौर ऐसा था जब पाकिस्तान की ओर से अंतरराष्ट्रीय सीमा के रास्ते आतंकी घुसपैठ करवाई जाती थी। इस दौर में घुसपैठ के लिए सीमा पर लगी तारबंदी को काटना, नदी-नालों के जरिए घुसपैठ की कोशिशें होती रहीं। आतंकी इस दौर में कश्मीर घाटी को जाने के लिए कठुआ जिले के विभिन्न दरियाई रूट का इस्तेमाल करते जो उधमपुर और कठुआ जिले के पहाड़ों तक उनके लिए राह बनते थे। यहीं से आतंकी कश्मीर का रुख कर लेते थे। इसके बाद पहाड़ी चोटियों पर पुलिस पोस्ट से लेकर वीडीजी को सक्रिय किया गया। पिछले ढाई दशक में पाकिस्तान ने कई पैंतरे बदले। घुसपैठ के बाद आईबी से सटे इलाकों में पुलिस और सैन्य पोस्टों पर आत्मघाटी हमलों का दौर शुरू किया। इसके बाद पाकिस्तान ने सुरंगों के जरिए घुसपैठ शुरू करवाई। सुरक्षा एजेंसियां जैसे जैसे आगे बढ़कर पाकिस्तान की नापाक कोशिशों का भंडाफोड़ करतीं है वैसे ही पाकिस्तान नई साजिश की तैयारी में जुट जाता है । हाल फिलहाल के वर्षों में स्लीपर सेल की मदद से ड्रोन ड्रॉपिंग और उससे पहले घुसपैठ और हथियार गिराने के बाद ट्रक के जरिए कश्मीर घाटी आतंकियों को पहुंचने के मामले भी सामने आ चुके हैं।

बेई नाले के नजदीक जहां आतंकी मौजूद थे, यह इलाका पहले भी आतंकी गतिविधियों के लिहाज से संवेदनशील रहा है। कुछ वर्ष पहले ही सुरक्षाबलों ने आतंकियों के एक नए मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया था, जो इसी इलाके से आतंकियों को कश्मीर तक ट्रकों के जरिए ले जाता रहा। ऐसे में साफ है कि आतंकी कठुआ और सांबा जिले की सरहद से सटी अंतरराष्ट्रीय सीमा या इससे सटे नालों का इस्तेमाल घुसपैठ के लिए कर रहे हैं। हाल फिलहाल में लगातार इलाके में आतंकवादियों की बड़ी गतिविधियों ने साफ कर दिया है कि घुसपैठ के लिए आतंकियों के पास कोई खुफिया रास्ता लगातार खुला हुआ है, जिससे सुरक्षा एजेंसियां अनभिज्ञ चल रही हैं। यह आने वाले दिनों में भी चुनौती का सबब बन सकता है। एडीजीपी जम्मू आनंद जैन ने भी साफ किया है कि यह आतंकियों का हाल फिलहाल में घुसपैठ कर आया दल ही हो सकता है। बसंतगढ़ में दहशतगर्दों के साथ मुठभेड़ के बाद भी ऐसी ही जानकारी सामने आई थी।

# संसद में दागी नेताओं की संख्या बढ़ना चिन्ताजनक



ललित गर्ग

'सभी अपनी-अपनी पहचान एवं स्वार्थपूर्ति के लिए दौड़ रहे हैं, चिल्ला रहे हैं। कोई पैसे से, कोई अपनी सुंदरता से, कोई विद्वता से, कोई व्यवहार से अपनी स्वतंत्र पहचान के लिए प्रयास करते हैं। राजनीति की दशा इससे भी बदतर है कि यहां जनता के दिलों पर राज करने के लिये नेता अपराध, भ्रष्टाचार एवं चरित्रहीनता का सहारा लेते हैं। जातिवाद, प्रांतवाद, साम्प्रदायिकता को आधार बनाकर जनता को तोड़ने की कोशिशें होती है। पर हम कितना भ्रम पालते हैं। पहचान चरित्र के बिना नहीं बनती। बाकी सब अस्थायी है। चरित्र एक साधना है, तपस्या है। जिस प्रकार अहं का पेट बड़ा होता है, उसे रोज कुछ न कुछ चाहिए।

देश में 18वीं लोकसभा चुनी जा चुकी है, मंत्रिमंडल का गठन हो चुका है। दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र और रिकॉर्ड संख्या में मतदाता होने के गर्व करने वाली स्थितियां हैं वहीं चिन्ताजनक, विचलित एवं परेशान करने वाली स्थितियां भी हैं। खबर आई है कि लोकतंत्र के सबसे बड़े मंदिर में पहुंचने वाले 543 सांसदों में 46 फीसदी आपराधिक रिकॉर्ड रखते हैं जो पिछली बार से तीन प्रतिशत अधिक है। भारतीय राजनीति में आपराधिक छवि वाले या किसी अपराध के आरोपों का सामना कर रहे लोगों को जनप्रतिनिधि बनाए जाने एवं उन्हें राष्ट्र-निर्माण की जिम्मेदारी दिया जाना-हर नागरिक के माथे पर चिंता की लकीर लाने वाली है। क्या इस स्थिति में देश की लोकतांत्रिक शुचिता एवं पवित्रता की रक्षा हो पाएगी? क्या हम आदर्श एवं मूल्यपरक समाज बना पाएंगे? क्या ये दागदार नेता एवं जन-प्रतिनिधि कालांतर हमारी व्यवस्था को प्रभावित नहीं करेंगे? चुनाव प्रक्रिया से जुड़े मसलों का विश्लेषण करने वाली सचेतक संस्था एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की ताजा रिपोर्ट बताती है कि वर्ष 2019 में चुने गये सांसदों में जहां 233 यानी 43 फीसदी ने अपने विरुद्ध आपराधिक मामले दर्ज होने की बात स्वीकार की थी, वहीं अठाहरवीं लोकसभा के लिये चुने गए 251 सांसदों ने आपराधिक मामले दर्ज होने की बात मानी है। जो कुल संख्या का 46 फीसदी बैठती है।

आज भारत की आजादी के अमृतकाल का एक बड़ा प्रश्न है भारत की राजनीति को अपराध मुक्त बनाने का। यह बेवजह नहीं है कि देशभर में अपराधी तत्त्वों के राजनीति में बढ़ते दखल ने एक ऐसी समस्या खड़ी कर दी है कि अपहरण के आरोपी अदालत में पेश होने की जगह मंत्री पद की शपथ लेने पहुंच जाते हैं। अरविन्द केजरीवाल जैसे नेता आम चुनाव में कहते हैं कि आप लोग बड़ी संख्या में आम आदमी पार्टी को वोट दें ताकि मैं जेल जाने से बच जाऊं। हम ऐसे चरित्रहीन एवं अपराधी तत्वों को जिम्मेदारी के पद देकर कैसे सुशासन एवं ईमानदार व्यवस्था स्थापित करेंगे? कैसे आम जनता के विश्वास पर खरे उतरेंगे? कैसे संसद में दागियों के पहुंचने के लिये द्वार बंद होंगे? दरअसल, सुप्रीम कोर्ट की सजग पहल पर ही वर्ष 2020 से सभी राजनीतिक दल लोकसभा व विधानसभा के उम्मीदवारों के आपराधिक रिकॉर्ड को प्रकाशित करने लगे है। निश्चित ही इस आदेश का मकसद देश की राजनीति को आपराधिक छवि वाले नेताओं से मुक्त करना ही था। लेकिन वास्तव में ऐसा हुआ नहीं क्योंकि तमाम राजनीतिक दलों की प्राथमिकता जीतने वाले उम्मीदवार थे, अब चाहे उनका आपराधिक रिकॉर्ड ही क्यों न हो।



बड़ा प्रश्न है कि आखिर राजनीति में तब कौन आदर्श उपस्थित करेगा? क्या हो गया उन लोगों को जिन्होंने सदैव ही हर कुबार्नी करके आदर्श उपस्थित किया। लाखों के लिए अनुकरणीय बने, आदर्श बने। चाहे आजादी की लड़ाई हो, देश की सुरक्षा हो, धर्म की सुरक्षा हो, अपने वचन की रक्षा हो अथवा अपनी संस्कृति और अस्मिता की सुरक्षा का प्रश्न हो, उन्होंने फर्ज और वचन निभाने के लिए अपना सब कुछ होम दिया था। महाराणा प्रताप, भगत सिंह, दुगार्दास, छत्रसाल, शिवाजी जैसे वीरों ने अपनी तथा अपने परिवार की सुख-सुविधा को गौण कर बड़ी कुबार्नी दी थी। गुरु गोविन्दसिंह ने अपने दोनों पुत्रों को दीवार में चिनवा दिया और पन्नाधाय ने अपनी स्वामी भक्ति के लिए अपने पुत्र को कुर्बान कर दिया। ऐसे लोगों का तो मन्दिर बनना चाहिए। इनके मन्दिर नहीं बने, पर लोगों के सिर श्रद्धा से झुकते हैं, इनका नाम आते ही। लेकिन आज जिस तरह से हमारा राष्ट्रीय जीवन और सोच विकृत हुए हैं, हमारी राजनीति स्वार्थी एवं संकीर्ण बनी है, हमारा व्यवहार झूठा हुआ है, चेहरों से ज्यादा नकाबें ओढ़ रखी हैं, उसने हमारे सभी मूल्यों को धराशायी कर दिया। राष्ट्र के करोड़ों निवासी देश के भविष्य को लेकर चिन्ता और ऊहापोह में हैं। वक्त आ गया है जब देश की संस्कृति, गौरवशाली विरासत को सुरक्षित रखने के लिए कुछ शिखर के व्यक्तियों को भागीरथी प्रयास करना होगा। दिशाशून्य हुए नेतृत्व वर्ग के सामने नया मापदण्ड रखना होगा। अगर किसी हत्या, अपहरण या अन्य संगीन अपराधों में कोई व्यक्ति आरोपी है तो उसे राजनीतिक बता कर संरक्षण देने की कोशिश या राजनीतिक लाभ उठाने की कुचेष्ठा पर विराम लगाना ही होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भ्रष्टाचार एवं अपराध मुक्त राजनीति को सदैव प्राथमिकता दी लेकिन चुनाव जीतने के रण में वे भी अपराधी राजनेताओं को प्रश्रय देते हुए दिखे हैं।

सभी राजनीतिक दलों ने ही दागी उम्मीदवारों को टिकट दिए हैं। जो राजनीतिक दलों की कथनी और करनी के भारी अंतर को ही उजागर करता है। सवाल है कि देश के लिये नीति निर्धारण करने वाले ऐसे दागी लोग हमारे भाग्यविधाता बने रहेंगे तो हमारा भविष्य कैसा होगा? क्या आपराधिक पृष्ठभूमि वाले लोग जनप्रतिनिधि चुने जाने के बाद हमारी कानून-व्यवस्था को प्रभावित नहीं करेंगे? क्या होगा हमारे समाज व व्यवस्था का भविष्य? क्यों तमाम आदर्शों की बात करने वाले और दूसरे दलों के नेताओं की कारगुजारियों पर सवाल उठाने वाले नेता राजनीति को अपराधियों के वर्चस्व से मुक्त कराने की ईमानदार पहल नहीं करते? क्यों सभी राजनीतिक दल भारतीय लोकतंत्र में शुचिता एवं पवित्रता के लिये सहमति नहीं बनाते? निश्चित रूप से यदि समय रहते इस दिशा में कोई गंभीर पहल नहीं होती तो आने वाले वर्षों में दागियों का यह प्रतिशत लगातार बढ़ता ही जाएगा। इसके साथ ही बड़ा संकट यह भी है कि देश के निचले सदन में येन-केन-प्रकारेण करोड़पति बने नेताओं का वर्चस्व बढ़ता ही जा रहा है। इस बार संसद में चुनकर आए सांसदों में 504 करोड़पति हैं। ऐसे में क्या उम्मीद की जाए कि अपनी मेहनत की कमाई से जीवनयापन करने वाला आम आदमी कभी सांसद बनने की बात सोच सकता है? दागी एवं अपराधी राजनेता लोकतंत्र की एक बड़ी विडम्बना एवं विसंगति बनते जा रहे हैं। बात लोकसभा की ही नहीं है, विभिन्न राज्यों की सरकारों में भी कैसा विरोधाभास एवं विसंगति है कि एक अपराध छवि वाला नेता कानून मंत्री बन जाता है, एक अनपढ़ या कम पढ़े-लिखे प्रतिनिधि को शिक्षा मंत्री बना दिया जाता है। ऐसे ही अन्य महत्वपूर्ण मंत्रालय के साथ होता है। यह कैसी विवशता है राजनीतिक दलों की? अक्सर राजनीति को अपराध मुक्त करने के दावे की हकीकत तब सामने आ जाती है जब किसी राज्य या केंद्र में गठबंधन सरकार के गठन का मौका आता है। यह खुशी की बात है कि केन्द्र में बनी गठबंधन सरकार के मंत्रिमण्डल में ऐसी विवशता को काफी सीमा तक नियंत्रित किया गया है। सीमाओं पर राष्ट्र की सुरक्षा करने वालों की केवल एक ही मांग सुनने में आती है कि मरने के बाद हमारी लाश हमारे घर पहुंचा दी जाए। ऐसा जब पढ़ते तो हमारा मस्तक उन जवानों को सलाम करता है, लगता है कि देश भक्ति और कुबार्नी का माद्दा अभी तक मरा नहीं है। लेकिन राजनीति में ऐसा आदर्श कब उपस्थित होगा। राजनीति में चरित्र एवं नैतिकता के दीये की रोशनी मन्द पड़ गई है, तेल डालना होगा। दिल्ली सरकार में मंत्रियों के घरों पर सीबीआई के छापे और जेल की सलाखें हो या बिहार मंत्री परिषद के गठन में अपराधी तत्वों की ताजपोशी-ये गंभीर मसले हैं, जिन पर राजनीति में गहन बहस हो, राजनीति के शुद्धिकरण का सार्थक प्रयास हो, यह नया भारत -सशक्त भारत की प्राथमिकताएं होनी ही चाहिए।

'सभी अपनी-अपनी पहचान एवं स्वार्थपूर्ति के लिए दौड़ रहे हैं, चिल्ला रहे हैं। कोई पैसे से, कोई अपनी सुंदरता से, कोई विद्वता से, कोई व्यवहार से अपनी स्वतंत्र पहचान के लिए प्रयास करते हैं। राजनीति की दशा इससे भी बदतर है कि यहां जनता के दिलों पर राज करने के लिये नेता अपराध, भ्रष्टाचार एवं चरित्रहीनता का सहारा लेते हैं। जातिवाद, प्रांतवाद, साम्प्रदायिकता को आधार बनाकर जनता को तोड़ने की कोशिशें होती है। पर हम कितना भ्रम पालते हैं। पहचान चरित्र के बिना नहीं बनती। बाकी सब अस्थायी है। चरित्र एक साधना है, तपस्या है। जिस प्रकार अहं का पेट बड़ा होता है, उसे रोज कुछ न कुछ चाहिए। उसी प्रकार राजनीतिक चरित्र को रोज संरक्षण चाहिए और यह सब दृढ़ मनोबल, साफ छवि, ईमानदारी एवं अपराध-मुक्ति से ही प्राप्त किया जा सकता है। राजनीति में चरित्र-नैतिकता सम्पन्न नेता ही रेस्पेक्टेबल (सम्माननीय) हो और वही एक्सेप्टेबल (स्वीकार्य) हो।

## संपादकीय

# 'सुप्रीम' फैसला

मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी 2024 में फिलहाल काउंसलिंग जारी रखने का सर्वोच्च अदालत का निर्णय बिल्कुल उचित है। इस परीक्षा के परिणाम में कई सारी गड़बड़ियों की बात पिछले कई दिनों से सोशल मीड़िया और मेन स्ट्रीम मीड़िया की सुर्खियां बनी हुई है। प्रवेश परीक्षा में शामिल विद्यार्थी परिणाम में धांधली को लेकर छात्र काफी नाराज चल रहे हैं। दरअसल, नीट यूजी प्रश्नपत्र लीक होने की खबरों के बीच अभ्यर्थियों के एक समूह ने नए सिरे से एनईईटी-यूजी 2024 परीक्षा कराने की मांग करते हुए सर्वोच्च अदालत का रु ख किया। गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए कोर्ट में याचिका दाखिल की है कि नीट यूजी 2024 रिजल्ट को वापस लिया जाए और फिर से परीक्षा कराई जाए। गौरतलब है कि नीट परीक्षा पांच मई को हुई थी और चार जून को रिजल्ट आया था। तभी से कई शिकायतें सामने आई, जिसमें पेपर लीक की बातें कही गइ्र। किसी भी परीक्षा की पवित्रता और विश्वसनीयता होती है। हाल के वर्षों में यह देखा गया है कि ज्यादातर प्रवेश परीक्षा और नौकरियों के लिए आयोजित प्रतियोगी परीक्षाओं में या तो प्रश्न पत्र लीक हुए या उनमें जमकर धांधली की गई। उत्तर प्रदेश, बिहार, राजस्थान और मध्य प्रदेश इस मामले में खासे बदनाम हैं। इसलिए सरकार को अब बिना वक्त गंवाए ऐसे मामलों में सख्ती दिखानी होगी। शीर्ष अदालत ने फिलवक्त राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) को नोटिस जारी करते हुए ये कहा कि वह इस मामले में आठ जुलाई तक जवाब दाखिल करे। हालांकि अदालत ने न तो परीक्षा रद्द करने को लेकर कोई फैसला सुनाया न काउंसलिंग पर रोक लगाई। एक बात तो साफ तौर पर परिलक्षित होती है कि प्रतियोगी परीक्षाओं और प्रवेश परीक्षाओं का स्तर काफी निम्न हुआ है। यह चिंता का सबब भी है और शर्मिंदगी का भी। बच्चों की अनथम मेहनत और परिवारवालों का अनकहा संघर्ष ऐसे धत कर्म से एक झटके में खत्म हो जाता है। इस मसले पर भी अदालत और सरकार को ज्यादा संवेदना के साथ दिखना होगा। निश्चित तौर पर अदालत के समक्ष कई लाख बच्चों और उनके घरवालों का भरोसा भी है। एनटीए देश में प्रतियोगी परीक्षा आयोजित करने वाली शीर्ष संस्था है। उसका भी बहुत कुछ दांव पर लगा है। इसलिए उसके जवाब का इंतजार तो करना ही होगा। अगर कोर्ट को लगेगा कि एनटीए की कार्यशैली में कमी है, तो नए सिरे से परीक्षा का आयोजन कराने के अतिरिक्त और कोई रास्ता नहीं रहेगा।

## चिंतन-मनन


# धर्म का मूल केंद्र है वर्तमान

धर्म जगत ने धर्म को केवल परलोक के साथ जोड़कर भारी भूल की है। इसका परिणाम यह हुआ कि धर्म का असली प्रयोजन तिरोहित हो गया। वह स्वर्ग-सुखों के प्रलोभन और नरक-दुख के भय से जुड़ गया। हर धर्म-प्रवर्तक ने धर्म को जीवन से जोड़ा, किंतु धर्म-परंपराओं ने उसे स्वर्ग और नरक से जोड़ दिया। धर्म का मूल केंद्र वर्तमान है न कि भूत और भविष्य। हम वर्तमान क्षण को कैसे जियें, धर्म का सारा दर्शन इसी पर टिका हुआ है। वर्तमान विषम है तो भविष्य भी विषम होगा। यदि वर्तमान सम और सुखमय है तो भविष्य भी सम और सुखमय ही होगा। यानी भविष्य वैसा ही होगा जैसा वर्तमान है। इसीलिए धर्म का असली प्रयोजन वर्तमान को सजाने-संवारने का है। इस केंद्रीय विचार से भटक जाने के कारण धर्म भूत और भविष्य में उलझ गया। वर्तमान को उसने बिल्कुल ही भुला दिया। इसलिए लोगों ने वर्तमान को केवल अतीत का परिणाम मान लिया। इससे भाग्यवाद की विचारधारा का जन्म हुआ। भाग्य को बदला नहीं जा सकता, इसलिए वे वर्तमान से विमुख हो गए और भविष्य की चिंता में पड़ गए। जिसके पास कोठी, महंगी कार और विदेशों में छुट्टी मनाने के साधन हैं, वे अतीत के परिणाम हैं। जो वैभव-संपन्न नहीं हैं, वे जप-तप में इसलिए लगे हैं ताकि भविष्य में भी साधन-संपन्न बन सकें। ऐसे में धर्म का पूरा उद्देश्य ही बदल गया। जो आत्म-केंद्रित था, वह वस्तु-केंद्रित हो गया। जो वस्तु-विमुख था, वह वस्तु-सम्मुख बन गया। इसी विचार के फलस्वरूप धर्म के नाम पर व्यापार और सौदेबाजी चलने लगी। जहां भी प्रलोभन और भय है वहां धर्म नहीं है।

# भूमि पुनर्स्थापन से जलवायु परिवर्तन का घटता स्तर



डॉ. शंकर सुवन सिंह





पर्यावरण जीवन का अभिन्न हिस्सा है। भूमि, पर्यावरण का एक महत्वपूर्ण घटक है। भूमि की उपयोगिता कृषि के साथ साथ वन्य जीवों के आवास, जल संरक्षण और जलवायु विनियमन में भी होती है। पिछले कुछ दशकों में भूमि का अत्यधिक दोहन और गलत प्रबंधन ने इसे गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त कर दिया है। भूमि पुनर्स्थापन एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें हम पर्यावरणीय, आर्थिक और सामाजिक लाभों को पुनःस्थापित करने का प्रयास करते हैं। तेजी से बढ़ते शहरीकरण से भूमि का अत्यधिक दोहन होता है। जब भूमि का अत्यधिक दोहन होता है तो उसकी उर्वरता घट जाती है। वनों की अंधाधुंध कटाई से मिट्टी का क्षरण होता है। जिससे जलवायु परिवर्तन का खतरा बढ़ जाता है। प्रदूषण के कारण भी भूमि की गुणवत्ता प्रभावित होती है। बंजर भूमि का बढ़ना, खाद्य सुरक्षा में कमी और जैव विविधता का नाश, भूमि क्षरण के कारण होता है। तीव्र सूखा, पानी की कमी, भीषण आग, समुद्र का बढ़ता स्तर, बाढ़, ध्रुवीय बर्फ का पिघलना, विनाशकारी तूफान और घटती जैव विविधता, जलवायु परिवर्तन के परिणामों का ही हिस्सा है। अतएव भूमि क्षरण, सूखा और मरुस्थलीकरण के कारकों, जैसे जलवायु परिवर्तन को भी समाप्त करना होगा। भूमि पुनर्स्थापन एक जटिल प्रक्रिया है। जिन्हे निम्नलिखित कुछ ठोस उपायों के माध्यम से प्राप्त किया जा सकता है- 1. वनों की कटाई को रोकना और नए वृक्षारोपण कार्यक्रम शुरू करना 2. मिट्टी के संरक्षण के लिए टेरेसिंग (सीढ़ीदार खेती), कवर क्रॉपिंग (मिट्टी को ढकने के लिए लगाई गई फसलें या पौधे) और कम जुताई जैसी तकनीकों का उपयोग, 3. जल संरक्षण और वर्षा जल संचयन के माध्यम से जल संसाधनों का उचित प्रबंधन, 4. स्थानीय समुदायों को भूमि पुनर्स्थापन के प्रयासों में शामिल करना। भूमि क्षरण एक गंभीर पर्यावरणीय समस्या है जो वैश्विक स्तर पर पर्यावरण, समाज और अर्थव्यवस्था पर महत्वपूर्ण प्रभाव डालती है। भूमि क्षरण जलवायु परिवर्तन को भी प्रभावित करता है। जब मिट्टी की गुणवत्ता घटती है, तो उसकी कार्बन को अवशोषित करने की क्षमता भी कम होती है। इसके परिणामस्वरूप वातावरण में कार्बन डाइऑक्साइड की मात्रा बढ़ती है, जो ग्रीनहाउस गैसों के स्तर को बढ़ाकर जलवायु परिवर्तन को तेज करता है। भूमि पुनर्स्थापन एक सामूहिक जिम्मेदारी है, जिसमें सरकार, गैर-सरकारी संगठन, और नागरिक समाज की भागीदारी आवश्यक है। हमें यह समझना होगा कि हमारी भूमि की स्थिति हमारे पर्यावरण, हमारी अर्थव्यवस्था, और हमारे समाज के लिए कितनी महत्वपूर्ण है। सतत कृषि, मृदा संरक्षण, और सामुदायिक सहभागिता के माध्यम से हम भूमि पुनर्स्थापन के लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। अतएव हम कह सकते हैं कि भूमि पुनर्स्थापन से जलवायु परिवर्तन का स्तर घट रहा है।

# शेयर बाजार : स्थिर सरकार से है सीधा संबंध



ऋषभ मिश्रा



बीता हफ्ता शेयर बाजार के लिए अभूतपूर्व रहा। इस दौरान इसने गिरने और उछलने के दोनों रिकॉर्ड तोड़ दिए। हालांकि ऐसा पहली बार नहीं था जब बाजार ने इतना तीव्रता से परिवर्तन (शार्प रिएक्ट) किया हो। दरअसल, पिछले एक हफ्ते यानी कि एग्जिट पोल आने के बाद से ही शेयर बाजार में जबरदस्त उठापटक देखने को मिली है। एग्जिट पोल आने के अगले कारोबारी दिन (3 जून) को शेयर बाजार में उछाल देखा गया, लेकिन उसके अगले दिन यानी मतगणना के दिन बाजार में हाहाकार मच गया। उस दिन बेंचमार्क सेंसेक्स और निफ्टी 8 फीसद से भी ज्यादा अंकों से नीचे लुढ़क गया। जिस वजह से बीएसई में लिस्टेड कंपनियों की मार्केट कैप में 31 लाख करोड़ रु पए की कमी देखी गई। हालांकि उसके अगले तीन दिनों में बाजार में शानदार रिकवरी देखी गई और 7 जून को तो बीएसई सेंसेक्स अपने सर्वोच्च स्तर पर (आल टाइम हाई) यानी कि 76,693 अंक के आंकड़ों पर पहुंच गया।

शेयर बाजार में इतनी तेजी से (शार्प) उठापटक को सामान्य तो बिल्कुल नहीं कहा जा सकता। मगर यह कोई अनहोनी भी नहीं है, इस स्तर की या थोड़ी कम-ज्यादा उठा-पटक अथवा उतार-चढ़ाव पहले भी होता आया है। शेयर बाजार को प्रभावित करने वाले कारक अलग-अलग हो सकते हैं, लेकिन इसे ऊपर या नीचे करने वाले बड़े निवेशकों में से अहम हिस्सेदारी संस्थागत निवेशकों की होती है। ये निवेशक बड़े वित्तीय संस्थान पेंशन फंड, इंश्योरेंस कंपनियां, म्युचुअल फंड, हेज फंड वगैरह होते हैं। ये देसी और विदेशी दोनों हो सकते हैं। इनके पास कंपनियों की माली स्थिति से लेकर देश के आर्थिक राजनीतिक परिदृश्य वगैरह को समझने और उसकी थाह लेने के लिए पर्याप्त संसाधन और सक्षम टीम होती है। इसलिए ये ऐसी स्थिति को भांपकर बाजार में अपनी चाल तय करते हैं, और उन्हीं की चालों से बाजार की गति भी तय होती है। अब सवाल यह है कि वे कौन से प्रमुख कारक होते हैं, जिनसे शेयर बाजार अचानक इतना 'रिएक्ट' करता है और निवेशकों की कमाई को एक झटके में ऊपर या नीचे पहुंचा देता है। किसी देश की अर्थव्यवस्था का सीधा संबंध वहां के सियासी हालात से होता है। अगर देश में सियासी स्थितियां स्थिर होती हैं, तो बाजार को मजबूती मिलती है। खासकर विदेशी निवेशक घरेलू शेयर बाजार में निवेश करने से पहले उस देश की राजनीतिक परिस्थितियों पर गौर करते हैं। सियासी हालात प्रतिकूल महसूस होने पर वे बजार से दूर भागने लगते हैं। उदाहरण के रूप में बीते हफ्ते यानी ३ जून को सेंसेक्स 2507 अंकों यानी 3.55 फीसद की बढ़त पर बंद हुआ। वजह थी एग्जिट पोल में मोदी सरकार की हैट्रिक बनने की संभावना, लेकिन जब अगले ही दिन यानी 4 जून को भाजपा को पूर्ण बहुमत नहीं मिला तो राजनीतिक अस्थिरता की आशंका गहरा गई, और सेंसेक्स 4,389 अंक गिरकर बंद हुआ।

अंतरराष्ट्रीय आर्थिक घटनाएंः किसी भी देश की अर्थव्यवस्था बंद नहीं रह सकती। वैश्विक स्तर पर होने वाली आर्थिक गतिविधियों का असर भारतीय बाजारों पर भी पड़ता है। वर्ष 2008 में वैश्विक अर्थव्यवस्था में भारी मंदी छाई रही, जिसके असर से भारत भी नहीं बच सका था। साल भर में बीएसई सेंसेक्स में कुल मिलाकर 63 फीसद की गिरावट दर्ज हुई थी। यह 2007 के 20,000 प्वाइंट्स से गिरकर 7,700 तक पहुंच गया था। उदाहरण के तौर पर लगातार बढ़ रहे बीएसई सेंसेक्स ने 24 अगस्त 2015को अचानक से 1,625 अंकों की डुबकी लगा ली। यह गिरावट आज के हिसाब से 3,000 अंकों से भी अधिक की होती। इसकी वजह थी चीनी मुद्रा 'युआन' का अवमूल्यन। इससे चीन की अर्थव्यवस्था में सुस्ती की आशंका गहरा गई। जिसने भारतीय बाजार को भी अपनी चपेट में ले लिया।

अंतरराष्ट्रीय भू-राजनीतिः वैश्विक स्तर पर होने वाली भू-राजनितिक गतिविधियों का भी सीधा असर शेयर बाजार पर होता है। मौजूदा समय में मध्य पूर्व में चल रहे इस्त्राइल हमास युद्ध और यूक्रेन रूस सैन्य संघर्ष इसी तरह के भू-राजनीतिक फैक्टर हैं। इस तरह के तनाव ग्लोबल अर्थव्यवस्था पर जबरदस्त नेगेटिव प्रभाव डालते हैं, जिसके फलस्वरूप शेयर बाजार पर दबाव बनता है। उदाहरण के रूप में 24 फरवरी 2022 को एक रात पहले रूस द्वारा यूक्रेन पर हमले की खबर आई और इसके अगली ही सुबह भारत के शेयर बाजार पर भी 'नेगेटिव सेंटिमेंट्स' का जबरदस्त हमला हो गया। एक दिन में ही बीएसई सेंसेक्स में 2,702 अंकों की गिरावट आ गई। तेजी में निवेश करना आम निवेशकों के लिए आमतौर पर फायदेमंद नहीं होता है। यदि उस समय निवेश करना भी है तो ऐसे शेयरों से बचना चाहिए जो अपने उच्चतम स्तर के आस-पास हों।

## बिल्डिंग मालिक का लालच......बना 41 भारतीयों की मौत की वजह, कंपनी और बिल्डिंग मालिक की गिरफ्तारी के आदेश

दोहा ।कुवैत के मंगफ शहर में बहुमंजिला इमारत में आग लगने से 41 भारतीयों की मौत हो गई। घायल 50 लोगों में भी अधिकांश भारतीय ही हैं। मामले की गंभीरता को देखकर भारत सरकार ने विदेश राज्यमंत्री कीर्ति व?र्द्धन सिंह को फौरान कुवैत के लिए रवाना किया है। वहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और विदेश मंत्री एस जयशंकर ने घटना पर गहरा शोक जताया है। भरपूर तेल भंडार वाले देश में तकरीबन 10 लाख भारतीय रहते हैं जो वहां की आबादी का 21 प्रतिशत है। वहीं इस भयावक घटना पर कुवैत के अमीर शेख मेशाल अल-अहमद अल-जबर अल-सबाह ने अधिकारियों को अग्निकांड की जांच का आदेश देकर कहा कि जिन लोगों के चलते यह त्रासदी हुई है, उन्हें जवाबदेह ठहराया जाएगा। कुवैत के आंतरिक मंत्री शेख फहद अल-यूसुफ ने घटना के लिए भवन के मालिक को जिम्मेदार ठहराकर गिरफ्तार करने का आदेश दिया है। साथ ही जिस कंपनी के श्रमिकों को एक साथ इसमें रखा गया था, उनके मालिक को भी गिरफ्तार करने का आदेश दिया है। शेख फहद ने कहा है कि यह घटनाक्रम भवन के मालिक की लालच की वजह से हुआ है। कंपनी ने अपने फायदे के लिए बड़ी संख्या में एक ही भवन में बहुत ज्यादा श्रमिकों को भर दिया था। उन्होंने कहा कि इस तरह के कई भवन मंगफ इलाके में हैं, जहां सैकड़ों मजदूरों को बहुत ही खराब हालात में रहने के लिए मजबूर किया जाता है। हमारी सरकार ये तय करेगी कि भविष्य में इसतरह की घटना फिर से नहीं हो।

## बच्चों को मारने के आरोप में नर्स पर फिर चलेगा केस

लंदन । ब्रिटेन में नर्स लुसी लेटबी पर बच्चों को मारने के आरोप में फिर से मुकदमा दर्ज हुआ है। दरअसल लुसी ने अस्पताल में एक नवजात बच्ची को मारने की कोशिश की थी। 34 साल की लेटबी पर फरवरी 2016 में अस्पताल में समय से पहले जन्मे नवजात को मारने की कोशिश करने का आरोप लगा था। मामले की शुरुआत कर, वकील निक जॉनसन ने आरोप लगाया कि पूर्व नर्स को एक वरिष्ठ सलाहकार ने रंगे हाथों पकड़ लिया, जब नर्स छोटे शिशु की सांस की नली को उसकी जगह से हटा रही थी। वकील ने बताया कि नर्स ने बच्चे को एक वेंटिलेटर से कनेक्ट किया था, जिससे वहां बच्चा सांस ले रहा था, और नवजात को एक अन्य मशीन से जोड़ा गया था जो उसकी हार्ट लेवल को कंट्रोल कर रहा था। वकील ने बताया कि अगर बच्चे के हार्ट लेवल या ब्लड में ऑक्सीजन लेवल एक निश्चित लेवल से नीचे आ जाए, तब अलार्म बज जाएगा, लेकिन अलार्म नहीं बजा। दरअसल कुछ समय बाद बाल रोग विशेषज्ञ रवि जयराम नर्सरी में चले गए और देखा कि लेटबी बच्चे के ऊपर खड़ी थी क्योंकि उसका ऑक्सीजन लेवल गिर गया था, वहां अलॉर्म को रोकने के लिए इस तरह से खड़ी थी। वकील ने आरोप लगाते हुए कहा, नर्स वहां खड़ी थी और अलार्म को बजने से रोक रही थी, आप इससे अंदाजा लगा सकते हैं कि लुसी लेटबी इस मामले में दोषी है और उन्होंने बच्चे की ट्यूब को उसकी जगह से हटा दिया था।

## पीड़ितों की सहायता के लिए विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह कुवैत पहुंचे

कुवैत सिटी । कुवैत में विदेशी कामगारों के आवास वाले अपार्टमेंट में लगी भीषण आग में घायल हुए लोगों की सहायता और मारे गए लगभग 40 भारतीयों के शवों की शीघ्र वापसी सुनिश्चित करने के लिए विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह कुवैत पहुंचे। कुवैत स्थित भारतीय दूतावास ने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निर्देश पर विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह आग हादसे में घायल हुए लोगों की सहायता के प्रयासों और दुर्भाग्यपूर्ण घटना में मारे गए लोगों के पार्थिव शरीरों की शीघ्र वतन वापसी के लिए स्थानीय अधिकारियों के साथ समन्वय करने के लिए कुवैत पहुंचे हैं। अधिकारियों ने गुरुवार को नई दिल्ली में कहा कि कुवैत के अधिकारी दक्षिणी कुवैत के मंगाफ क्षेत्र में हुई आग लगने की विनाशकारी घटना में मारे गए लोगों के शवों का डीएनए परीक्षण करा रहे हैं। उनके अनुसार, घटना में मारे गए भारतीयों के पार्थिव शरीर वापस लाने के लिए भारतीय वायुसेना का एक विमान तैयार रखा गया है।

## अफगानिस्तान में सड़क दुर्घटना में 11 की मौत, चार घायल

काबुल। उत्तरी अफगानिस्तान के फरयाब प्रांत में एक सड़क दुर्घटना में कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मामला कायम कर लिया है। मीडिया रिपोर्ट्स में एक अधिकारी के हवाले से बताया गया है कि यह दुर्घटना तब हुई जब एक वाहन अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे उतर गया और मैमाना शहर में एक आवासीय घर की दीवार से टकरा गया जिसमें 11 लोगों की मौत हो गई। कई लोग घायल हो गए है। उन्होंने कहा कि दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अफगानिस्तान में भीड़भाड़ वाली सड़कों पर लापरवाही से गाड़ी चलाना और जर्जर राजमार्गों पर यातायात संकेतों का ना होना यातायात दुर्घटनाओं को दावत दे रहा है।

## कुवैत हादसा : बिल्डिंग में ठूंस- ठूंस के भरे थे लोग, भागने तक की नहीं मिली जगह

कतर। कुवैत की एक बिल्डिंग में बुधवार लगी भीषण आग में अब तक 50 लोग की मौत की पुष्टी हुई। खबरों के मुताबिक मरने वालों में सबसे ज्यादा 40 भारतीय मजदूर हैं। इस घटना को लेकर कुवैत सरकार ने लापरवाही बरतने के लिए बिल्डिंग मालिक और अन्य जिम्मेदार के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। जानकारी के मुताबिक आग लगने की घटना को लालच का नतीजा बताया जा रहा है। बताया जा रहा है दक्षिण कुवैत के मंगाफ में प्रवासी मजदूरों के आवास वाली एक इमारत को किराए पर लिया था। इस इमारत में मजदूर रहते थे। इस बिल्डिंग में कुल 196 लोग रह रहे थे जो बिल्डिंग की क्षमता से ज्यादा थे। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो इस बिल्डिंग में मजदूरों को जानवरों की तरह कर रखा गया था। बता दे कि बुधवार तड़के छह मंजिला इमारत की किचन में सुबह 4 बजे यह आग लगी थी जिसकी चपेट में पूरी बिल्डिंग आ गई। बताया जा रहा है कि ज्यादातर मजदूर रात को नाइट शिफ्ट करके लौटे और सो रहे थे। आग इतनी ज्यादा इसलिए फैली क्योंकि इसे बुझाने का मौका नहीं मिला और लोगों को भगाने का मौका नहीं मिला क्योंकि जगह काफी कम थी। कुछ लोगों ने जान बचाने के लिए बिल्डिंग से छलांग लगा दी ताकि उनकी जान बच सके। इस हादसे में कई भारतीय की जान गई है। भारतीय दूतावास इस पर बराबर नजर रख रहा है और मरने वालों के परिजनों से संपर्क किया जा रहा है।

## इंडोनेशिया में महसूस किए गए भूकंप के झटके

जकार्ता । इंडोनेशिया के उत्तरी सुलावेसी प्रांत के तट पर गुरुवार सुबह शक्तिशाली भूकंप के झटके महसूस किए गए। इंडोनेशिया के मौसम विज्ञान, जलवायु विज्ञान एवं भूभौतिकी एजेंसी के मुताबिक देर रात करीब 12ः01 बजे आए भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 5.9 मापी गयी। भूकंप का केन्द्र तालुद द्वीप समूह के 41 किलोमीटर उत्तर-पश्चिम में समुद्र तल से 32 किलोमीटर की गहराई में था।

## डब्ल्यूएचओ ने सोमालियाई लोगों के लिए नई परियोजना शुरू की

मोगादिशु। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने जलवायु जनित घटनाओं से प्रभावित सोमालिया के लोगों की मदद के लिए नई परियोजना शुरू करने की घोषणा की है। डब्ल्यूएचओ ने कहा कि यह परियोजना सोमालिया में उन लोगों को लक्षित कर रही है जो अभी भी बाढ़ और सूखे जैसी चरम जलवायु घटनाओं के प्रभावों के साथ जी रहे हैं। यह परियोजना महत्वपूर्ण देखभाल की गुणवत्ता, पहुंच और कवरेज में सुधार के लिए समुदायों और स्वास्थ्य सुविधाओं के बीच रेफरल संबंधों को भी मजबूत करेगी। इसमें चिकित्सा जटिलताओं के साथ गंभीर कुपोषण वाले बच्चों के लिए स्थिरीकरण केंद्रों में रोगी उपचार शामिल है। डब्ल्यूएचओ ने कहा कि नई परियोजना पहले की परियोजना के पूरा होने के बाद आई है जिससे सोमालिया में सूखे और बाढ़ से प्रभावित 30 लाख से अधिक लोगों को एकीकृत स्वास्थ्य और पोषण सेवाओं से लाभ हुआ है।



ब्यूनस आयर्स में आर्थिक सुधार विधेयक का विरोध करते हुए प्रदर्शनकारियों ने आग लगा दी।

## ब्रिटेन के चुनाव में दिखेगा हिंदूओं का जलवा... पहली बार जारी हुआ हिंदू घोषणापत्र

लंदन ।आगामी जुलाई माह में ब्रिटेन में होने वाले आम चुनाव पर भारत के लोगों की नजर है। वहां रहने वाला हिंदू समाज चुनाव में अपनी प्रभावी भूमिका निभाने की तैयारी में है। पहली बार चुनाव से ठीक पहले हिंदू घोषणापत्र जारी किया गया है। इसका कारण खालिस्तानी समर्थकों द्वारा हिंदू मंदिरों तथा हिंदुओं को निशाना बनाने की घटनाओं का बढ़ना है। ब्रिटेन में सिख व मुस्लिम समाज का घोषणापत्र आता रहा है, लेकिन पहली बार है जब हिंदू समाज के लोग भी अपना घोषणापत्र लाए हैं। सात सूत्रीय घोषणापत्र में प्रमुख रूप से हिंदू विरोधी नफरत को धार्मिक घृणा अपराध के रूप में मान्यता देना, उसमें शामिल संगठनों और व्यक्तियों पर प्रतिबंध लगाना, हिंदू मूल्यों को स्वीकार करना और उसकी रक्षा करने के साथ हिंदू पूजा स्थलों की रक्षा करना शामिल है। मामले से जुड़े व्यक्ति के अनुसार, हमने अपना घोषणापत्र जारी कर कहा है कि जो प्रत्याशी या दल इस घोषणापत्र को स्वीकार करेगा, उसी को हिंदुओं का वोट मिलेगा। चार दिन पहले लंदन में आयोजित हार्मोनी कांफ्रेस में यह घोषणापत्र जारी किया गया है, जिसमें ब्रिटेन में सक्रिय 138 हिंदू धार्मिक व सामाजिक संगठनों के 350 से अधिक लोग शामिल हुए थे, जिसमें बाप्स श्री स्वामीनारायण मंदिर, चिन्मय मिशन, हिंदू स्वयंसेवक संघ, विश्व हिंदू परिषद, हिंदू मंदिर नेटवर्क व हिंदू काउंसिल ऑफ यूके जैसी प्रमुख संस्थाओं के लोग शामिल थे। जानकारों के अनुसार, ब्रिटेन की जनसंख्या में हिंदू धर्म में आस्था रखने वाले लोगों की संख्या करीब 1.7 प्रतिशत है।


# पाकिस्तान वित्त वर्ष 2024-25 में 23 अरब अमेरिकी डॉलर उधार लेने की योजना बना रहा है



**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान ने आगामी वित्त वर्ष 2024-25 में कम से कम 23 अरब डॉलर उधार लेने की योजना बनाई है। इसमें 12 अरब डॉलर का द्विपक्षीय कर्ज भी शामिल है। मीडिया की एक खबर में यह जानकारी दी गई। पाकिस्तान एक जुलाई से 30 जून के वित्त वर्ष का अनुसरण करता है। खबर के अनुसार, इसकी मदद से वह अपनी विकास योजनाओं और बाह्य वित्तपोषण जरूरतों को पूरा कर सकेगा। इससे नकदी की कमी से जूझ रहे देश की विदेश तथा आर्थिक नीतियां अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) जैसी वैश्विक वित्तीय संस्थानों पर निर्भर रहेंगी। समाचार पत्र 'एक्सप्रेस ट्रिब्यून' की खबर के अनुसार, वित्त वर्ष 2024-25 के बजट दस्तावेजों के अनुसार, पाकिस्तान कम से कम 23.2 अरब अमरीकी डॉलर (5900 अरब रुपये) उधार लेगा, जिसमें आईएमएफ से कोई ऋण शामिल नहीं है। इन 23 अरब अमेरिकी डॉलर में से सरकार ने 20 अरब अमेरिकी डॉलर को बजट दस्तावेजों में शामिल किया है। इसने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) द्वारा तीन अरग अमेरिकी डॉलर देने को संघीय खातों का हिस्सा नहीं बनाया है। बजट दस्तावेजों के अनुसार, 2024-25 के लिए रक्षा के लिए पाकिस्तान का 2,122 अरब रुपये का बजटीय आवंटन नकदी की कमी से जूझ रहे देश के सकल घरेलू उत्पाद का सिर्फ 1.7 प्रतिशत है। यह पिछले वर्ष के समान ही है।

हालांकि यह निवर्तमान वित्त वर्ष 2023-24 के लिए निर्धारित 1,804 अरब रुपये से अधिक है। पाकिस्तान के वित्त मंत्री मुहम्मद औरंगजेब ने बुधवार को वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 18,877 अरब रुपये का भारी कर वाला बजट पेश किया। वित्त मंत्री के भाषण और विभिन्न बजट दस्तावेजों के अनुसार, वित्त वर्ष 2024-25 के लिए आवंटित 2,122 अरब रुपये 30 जून को समाप्त होने वाले निवर्तमान वित्त वर्ष 2023-24 के लिए आवंटित 1,804 अरब रुपये से 318 अरब रुपये अधिक है।

## पीएम मोदी जी7 शिखर सम्मेलन के लिए रवाना, जस्टिन ट्रूडो के साथ कोई द्विपक्षीय मुलाकात की कोई योजना नहीं



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को इटली के लिए रवाना हो गए जहां वह जी7 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। प्रधानमंत्री पांचवीं बार भाग ले रहे हैं और सम्मेलन में सबसे वरिष्ठ नेताओं में से एक होंगे। हालांकि पीएम मोदी के कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के साथ शिष्टाचार साझा करने की संभावना है, लेकिन उनके साथ कोई द्विपक्षीय बैठक की योजना नहीं है। ट्रूडो के साथ पीएम मोदी के द्विपक्षीय अनुभव निराशाजनक रहे हैं क्योंकि कनाडाई प्रधानमंत्री टोरंटो से भारत की ओर बढ़ रहे खालिस्तानी आतंकवाद को संबोधित करने के इच्छुक नहीं हैं। एक बड़े पश्चिमी नेता की धारणा से पीड़ित, दुनिया के सबसे बड़े और सबसे पुराने लोकतंत्र भारत के साथ ट्रूडो का एकमात्र एजेंडा मानवाधिकार है। भारत जस्टिन ट्रूडो की चालों से सबसे ज्यादा नाखुश है क्योंकि कनाडा ने अभी भी अपने इस आरोप को साबित करने के लिए ज़रा भी सबूत नहीं दिया है कि पिछले 18 जून को सरे, वैंकूवर में भिंडरावाले टाइगर फोर्स के आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के पीछे मोदी सरकार थी। 18 सितंबर को गैंगवार में मारे गए निज्जर की हत्या पर जस्टिन ट्रूडो ने कनाडाई संसद में भारत पर बेबुनियाद आरोप लगाए थे।

## जी-7 के दौरान यूक्रेन के साथ नए सुरक्षा समझौते पर हस्ताक्षर करेगा अमेरिका




**वाशिंगटन ।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन जी-7 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए इटली रवाना हो गए हैं। सम्मेलन के दौरान वह यूक्रेन के साथ नए सुरक्षा समझौते पर हस्ताक्षर करने वाले है। इस दौरान यूक्रेन को अमेरिका के दीर्घकालिक समर्थन का वचन दिया जाएगा। हालांकि, इसके पहले व्हाइट हाउस ने कहा था कि राष्ट्रपति बाइडन शिखर सम्मेलन में यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से फिर से मुलाकात करने और फिर एक प्रेसवार्ता करने वाले है। व्हाइट हाउस के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने बताया कि नए समझौते से स्पष्ट हो जाएगा कि रक्षा और सुरक्षा के क्षेत्र में अमेरिका भविष्य में भी यूक्रेन का समर्थन जारी रखेगा। उन्होंने कहा कि समझौते पर हस्ताक्षर करके हम रूस को अपने संकल्प का संकेत भी देने वाले है। सुलिवन ने कहा, यदि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को लगता है कि वह यूक्रेन के समर्थन में उतरे गठबंधन से अधिक समय तक टिक सकते हैं, तब वह गलत हैं। सुलिवन ने कहा, 15 देशों ने अपने सुरक्षा समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं, जो यूक्रेन की रक्षात्मक निवारक क्षमता को मजबूत करने वाले है। इस दौरान उन्होंने स्पष्ट किया कि अमेरिकी समझौते में यूक्रेन का साथ देने के लिए अमेरिकी कांग्रेस के साथ मिलकर काम करने की प्रतिबद्धता शामिल होगी, लेकिन जमीनी स्तर पर अमेरिकी सेना का उपयोग करने की प्रतिबद्धता नहीं होगी। व्हाइट हाउस ने कहा कि इस सुरक्षा व्यवस्था का उद्देश्य रूस को यह संकेत देना है कि अमेरिका कीव को समर्थन देने के लिए प्रतिबद्ध है, जबकि बाइडन यूरोप की यात्रा पर जा रहे हैं। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार सुलिवन ने कहा कि सुरक्षा समझौता रूस के आक्रमण के खिलाफ यूक्रेन की रक्षा के लिए सीधे अमेरिकी सैनिकों को भेजने के लिए प्रतिबद्ध नहीं होगा।

## देश में विरोधियों को नहीं... लेकिन पाकिस्तानी नेता को ईवीएम पर भरोसा

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** भारत के विपक्षी नेता चुनाव आयोग और इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) पर सवाल उठाते रहते हैं। लेकिन पाकिस्तानी संसद में एक विपक्षी नेता ने ईवीएम और भारतीय चुनावी प्रणाली की तारीफ की। पाकिस्तान के विपक्ष के नेता शिबली फराज ने पाकिस्तान की चुनाव प्रणाली पर सवाल उठाकर कहा कि भारत ने इतना बड़ा चुनाव बिना किसी धांधली के करा लिया। दरअसल पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ ने सीनेटर फराज ने चुनावी प्रक्रिया और धांधली पर सवाल उठाकर कहा, मैं अपने दुश्मन देश का उदाहरण नहीं देना चाहता, अभी चुनाव हुए हैं वहां... 80 करोड़ से ज्यादा लोगों ने वोट किया है.. कितने हजारों मतदान केंद्र बनाए गए.. एक जगह पर एक आदमी तक के लिए मतदान केंद्र बना दिए उन लोगों ने। एक महीने से ज्यादा समय तक चुनाव हुआ, ईवीएम से चुनाव कराए गए। उन्होंने कहा, पूरे चुनाव के दौरान क्या एक भी आवाज उठी कि चुनाव में धांधली हुई है। हम भी यही चाहते हैं। हम नहीं चाहते कि ये देश इसी बात में फंसकर रह जाए कि ये चुनाव जीता या वहां जीता.. न जीतने वाला मानता है न हारने वाला। फराज ने कहा दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र होने के बावजूद, भारत ने धोखाधड़ी के आरोपों के बिना अपने यहां विशाल चुनाव सफलतापूर्वक करा लिया। गौरतलब है कि कांग्रेस पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने हाल ही में लोकसभा चुनाव जीतने के बाद वायनाड में चुनाव आयोग पर सवाल उठाया था, उन्होंने कहा था, चुनाव आयोग ने चुनाव को पीएम की चुनावी जरूरतों के हिसाब से डिजाइन किया था।

# ड्रैगन के झूठे वादों से परेशान हुआ नेपाल... अब खरी-खरी सुनाने को तैयार



**काठमांडू (एजेंसी)।** नेपाल सरकार चीन के झूठे वादों से परेशान है और अब इस पूरे मुद्दे को जिनपिंग सरकार से उठाने की तैयारी है। बताया जा रहा है कि 25 जून को दोनों देशों के बीच यह बातचीत होगी। चीन के उप विदेश मंत्री सुन वेइडोंग बैठक के लिए काठमांडू आएंगे। नेपाल के विदेश मंत्री नारायण काजी श्रेष्ठ ने कहा कि बैठक में चीन और नेपाल के बीच सभी मुद्दों पर बात होगी। माना जा रहा है कि इसमें सबसे अहम सीमा विवाद है। चीन ने नेपाल के कई इलाकों पर कब्जा कर रखा है।

नेपाल के कई बार गुहार लगाने के बाद चीन ने किसी तरह से व्यापारिक रास्ता खोला है। वहीं चीनी ठेकेदार लगातार नेपाल को गच्चा दे रहे हैं। वे नेपाल में सड़कों को बनाने और उन्हें चौड़ा करने के काम में हीलाहवाली कर रहे हैं। इससे काठमांडू रिंग रोड का काम पूरा नहीं हो पा रहा है, जिससे नेपाल सरकार परेशान है। चीन ने वादा किया था कि वह नेपाल से सामानों का आयात करेगा और व्यापार संबंधों में बदलाव करेगा। इतना ही नहीं नेपाल के कई इलाकों में चीन घुसपैठ कर चुका है। चीनी सेना ने नेपाल एक इलाके में अपनी सैन्य चौकी तक बना ली है।

नेपाल के विरोध करने के बाद भी चीन की सरकार कोई तवज्जो नहीं दे रही है। इस बैठक के दौरान नेपाल व्यापार, पारगमन, कनेक्टिविटी, निवेश, स्वास्थ्य, टूरिज्म, गरीबी उन्मूलन, आपदा प्रबंधन, शिक्षा, संस्कृति आदि पर बातचीत होगी। वहीं चीन ने नहीं बताया है कि वह किन मुद्दों पर फोकस करेगा। प्रचंड की चीन यात्रा के दौरा सीमा के संयुक्?त निरीक्षण पर सहमति बनी थी। इसके बाद नेपाली पक्ष ने इसकी पूरी तरह से तैयारी कर चीन से गुहार लगा रहा है, लेकिन चीन सीमा के संयुक्त निगरानी से भाग रहा है।

नेपाल और चीन के बीच सीमा 1439 किमी लंबी है। दोनों देशों के बीच सीमा प्रोटोकॉल पर 20 जनवरी, 1963 को समझौता हुआ था। साल 2011 से ही यह बंद है और अभी तक इस पर कोई प्रगति नहीं हुई है। पिछले साल प्रचंड की चीन यात्रा के दौरान सीमा प्रबंधन सिस्टम को लेकर जल्द से जल्द समझौता करने पर सहमति बनी थी। यही नहीं नेपाल में चीन के फंड किए गए कई प्रॉजेक्ट लटके हुए हैं और बीजिंग उसे आगे नहीं बढ़ा रहा है।

# रूस का एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम हो रहा फेल.....चिंतित भारत

### - अमेरिकी एटीएसीएमएस रॉकेट के सामने टिक नहीं पा रहा

**कीव (एजेंसी)।** रूस और यूक्रेन युद्ध में अब रूसी हथियारों की युद्धक क्षमता की पोल खुल रही है। यूक्रेनी सेना ने क्रीमिया की सुरक्षा में तैनात किए गए रूसी एस-400 एयर डिफेंस को आसानी से तबाह करना शुरु किया है। यूक्रेनी सेना अमेरिका की ओर से दिए गए एटीएसीएमएस रॉकेट का इस्तेमाल कर रही है। रिपोर्ट के मुताबिक यूक्रेनी सेना ने मई महीने में 10 आर्मी टैक्टिकल मिसाइल सिस्?टम रॉकेट से क्रीमिया के सेवास्तोपोल के बाहर बेलबेक में स्थित रूसी ठिकाने पर भीषण हमला बोला था। इसमें एस-400 सिस्टम के दो लांचर और एक रेडॉर तबाह हो गए। यह वहीं एस-400 सिस्टम है जिसे रूस दुनिया में सर्वश्रेष्ठ बताता रहा है और भारत ने भी 5 की संख्या में एस-400 खरीद रहा है। इसमें केवल 3 ही भारत को मिले हैं।

दो टन वजनी इस अमेरिकी रॉकेट सिस्टम में ग्रेनेड के आकार के हजारों बॉम्बलेट थे जिन्होंने एस-400 सिस्टम को काफी ज्यादा नुकसान पहुंचाया। इस हमले के तुरंत बाद रूसी सेना ने नष्ट हुए एस 400 की जगह पर दूसरा सिस्टम तैनात किया। रूस का दावा था कि एस 400 अजेय है, एस-400 को नष्ट नहीं किया जा सकता है लेकिन अब अमेरिकी मिसाइलों के आगे यह एयर डिफेंस सिस्टम फेल साबित हो रहा है। यूक्रेनी सेना ने बताया कि एस 300 और एस 400 एक-एक रेडॉर को भी नष्ट किया है। यूक्रेन की सेना ने तीन तरफ से रूसी ठिकाने पर हमला किया। बेलबेक एक तरह से रूस के लिए जाल बन गया है, जहां उसके सबसे अच्छे एयर डिफेंस सिस्टम फेल साबित हो रहे हैं। जिस तेजी से रूस बेलबेक में अपने एयर डिफेंस सिस्टम को तैनात कर रहा है, उसी तेजी से यूक्रेनी सेना उन्हें तबाह कर रही है। रूस अब तक 2 एस 400 कमांड पोस्ट, 4 रेडॉर और 16 लॉचर यूक्रेनी हमले में गंवा चुका है। एस 400 को एंटी मिसाइल क्षमता के लिए जाना जाता है लेकिन अमेरिकी रॉकेट के सामने फेल साबित हो रहा है। रूस के पास अभी 50 एस 400 सिस्टम है। एस 400 का नष्ट होना भारत के लिए भी बुरी खबर है। भारत ने अरबों डॉलर खर्च करके 5 रूसी सिस्टम खरीदे हैं, ताकि चीन और पाकिस्तान का जवाब दिया जा सके लेकिन अब इस रूसी एयर डिफेंस सिस्टम की क्षमता पर ही सवालिया निशान लग गया है।



# पाकिस्तान, इंग्लैंड, श्रीलंका और न्यूजीलैंड के लिए सुपर-8 की राह नहीं आसान

**न्यूयॉर्क (एजेंसी)।** बुधवार को भारत की अमेरिका पर सात विकेट से जीत के बाद पाकिस्तानी फैंस को खुश होने का मौका मिल गया। ग्रुप ए के एक अहम मैच में भारत ने 111 रनों का पीछा करते हुए अमेरिका को मात दी। इसके साथ ही टीम इंडिया ने सुपर 8 के लिए क्वॉलीफाई कर लिया है। लेकिन अब पाकिस्तान, इंग्लैंड, श्रीलंका और न्यूजीलैंड जैसी टीमें अभी भी अगले दौर के लिए कैसे क्वालीफाई कर सकती हैं।

### कैसे पार होगी पाकिस्तान की नैया?

अमेरिका पर भारत की जीत ने पाकिस्तान के लिए क्वालीफाई करने की उनकी संभावनाओं को काफी हद तक बढ़ा दिया है। बता दें कि कनाडा पर जीत के बाद पाक नेट रन रेट 0.191 हो गया था। जिससे उनके आगे बढ़ने की संभावना है, अगर वे आयरलैंड को हरा देते हैं और यूएसए अपने बचे मैच हार जाता है तो पाकिस्तान क्वालीफाई कर जाएगा। अगर आयरलैंड के खिलाफ मैच में बारिश के कारण मैच रद्द हुआ तो पाकिस्तान टी20 वर्ल्ड कप के दौड़ से बाहर हो जाएगा।

### इंग्लैंड का सुपर-8 का सफर

ग्रुप बी में इंग्लैंड की स्थिति भी पाकिस्तान की तरह बनी हुई है। ये टीम भी इस समय दूसरी टीमों पर निर्भर है। इंग्लैंड को ओमान और नामीबिया के खिलाफ अपने आखिरी दो मैच जीतने की जरूरत है और उम्मीद है कि स्कॉटलैंड 15 जून को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपना आखिरी मैच हार जाए। तो इस तरह इंग्लैंड सुपर-8 के लिए क्वॉलीफाई कर लेगी।

### श्रीलंका के लिए सफर मुश्किल

बांग्लादेश के खिलाफ मिली श्रीलंका को मामूली हार ने उनसको सुपर-8 में एंट्री करने के लिए काफी हद तक प्रभावित किया है। अब अपनी लाज बचाने के लिए श्रीलंका को नेपाल और नीदरलैंड के खिलाफ अपने शेष मुकाबलों में हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी और उम्मीद करनी होगी कि बांग्लादेश अपने शेष दो मैचों में कम से कम एक मैच हार जाए।

### न्यूजीलैंड की राह असंभव

न्यूजीलैंड को आज वेस्टइंडीज के खिलाफ करारी हार का सामना करना पड़ा। इससे न्यूजीलैंड का नेट रन रेट 2.425 पर पहुंच गया है। जिसके बाद वेस्टइंडीज ने सुपर-8 का टिकट कटवा लिया है। जबकि अफगानिस्तान का नेट रन रेट 5.225 गया है। उसने अपने दोनों मैच कंबाइंड टोटल 209 रनों से जीते हैं, वेस्टइंडीज और अफगानिस्तान दोनों ने युगांडा को 120 से ज्यादा रनों से हराया है। यहां से न्यूजीलैंड का क्वालीफिकेशन का रास्ता बहुत मुश्किल लग रहा है।




# सरवनन को पेरिस ओलंपिक में बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नौकाचालक विष्णु सरवनन को आगामी पेरिस ओलंपिक में बेहतर प्रदर्शन की उम्मीदें हैं। सरवनन ने इस साल की शुरू में ऑस्ट्रेलिया में हुई आइएलसीए 7 पुरुष विश्व चैम्पियनशिप में जीत के साथ ही दूसरी बार ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया है। पिछ्ली बार हुए टोक्यो ओलंपिक में वह बेहतर प्रदर्शन नहीं कर पाये थे। सरवनन ने कहा, ''टाक्यो में मैं निर्भीक होकर खेला था। वो मेरा पहला ओलंपिक था तो मुझे इसी कारण परिणाम की अधिक चिन्ता नहीं थी और मेरा ध्यान अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पर था।'' वह पिछले एक महीने से मार्सेल में साइप्रस के पावलोस कोंटाइड्स और क्रोएशिया के रियो टोन्सी स्टिपनोविच के साथ अभ्यास कर रहे हैं। उन्होंने कहा, ''मैं भाग्यशाली रहा हूं कि मुझे ओलंपिक स्थल में ट्रेनिंग लेने का मौका मिला और मेरे साथ ओलंपिक पदक जीतने वाले खिलाड़ी शामिल हैं।''

साथ ही कहा ऑस्ट्रलिया में हुई आईएलसीए में वह अनुभवी नौकाचालकों के होने के बाद भी दबाव में नहीं आने के कारण बेहतर प्रदर्शन कर पाये थे। उन्होंने कहा, ''इस दौरान मैंने पाया कि आप अनुभवी खिलाड़ियों से अपने को कम नहीं आंक सकते। आपको उस स्तर तक जाना होगा जिसमें आप अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर सकें और उसको देखा जाये तो मेरे में सुधार आया है।।'' उन्होंने कहा, '' मैं आत्मविश्वास से भरा था और मैं हार नहीं मानने के जज्बे से खेल रहा था तो मैं उन्हें हराना चाहता था।''

# रोहित शर्मा ने आईसीसी टूर्नामेंट में बनाया नया रिकॉर्ड, सौरव गांगुली को इस मामले में पछाड़ा

**न्यूयॉर्क (एजेंसी)।** रोहित शर्मा की कप्तानी में भारतीय क्रिकेट टीम ने अपने पहले तीन लीग मैच जीतकर टी20 वर्ल्ड कप 2024 के सुपर 8 में जगह बना ली है। टीम इंडिया ने तीसरे लीग मैच में सह मेजबान यूएसए की टीम को 7 विकेट से हराकर ये कामयाबी अपने नाम की है। इस मैच में भारत की स्थिति तक खराब हो गई थी तब शुरुआती 3 विकेट 39 रन पर गिर गए, इसके बाद सूर्यकुमार यादव (50) और शिवम दुबे (31) ने भारतीय टीम की नैया को पार लगाया।

टीम इस जीत के साथ ही सुपर-8 में पहुंच गई है। वहीं इस जीत के बाद भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने टी20 टूर्नामेंट में बतौर कप्तान सौरव गांगुली का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। रोहित शर्मा ने सबसे ज्यादा आईसीसी टूर्नामेंट जीतकर गांगुली को पछाड़ दिया है। हालांकि, वो एमएस धोनी से अभी भी पीछे हैं। अमेरिका के खिलाफ रोहित शर्मा ने 3 रन, विराट कोहली गोल्डन डक पर आउट हुए और पंत ने 18 रन की पारी खेली।

इस मैच में भारत ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया और फिर अर्शदीप सिंह की रिकॉर्ड गेंदबाजी के दम पर मेजबान यूएसए की टीम को 20 ओवर में 8 विकेट पर 110 रन रोक दिया। अर्शदीप ने 4 ओवर में 9 रन देकर 4 विकेट लिए जबकि हार्दिक पंड्या 2 विकेट झटके।

बतौर कप्तान रोहित शर्मा का आईसीसी टूर्नामेंट में ये 17वीं जीत थी। रोहित ने अब तक 20 मैचों में कप्तानी की है जिसमें ये उनकी 17वीं जीत थी और उन्होंने सौरव गांगुली को पीछे छोड़ दिया है। गांगुली ने आईसीसी टूर्नामेंट में भारत के लिए 22 मैचों में कप्तानी करते हुए 16 मैच जीते थे और अब रोहित उनसे आगे निकल गए हैं।

वहीं इस मामले में एमएस धोनी काफी आगे हैं जिन्होंने बतौर भारतीय कप्तान 58 मैचों में कप्तानी की थी और 41 मैचों में जीत हासिल की थी। रोहित दूसरे नंबर पर जरूर आ गए, लेकिन धोनी को पीछे छोड़ना उनके लिए काफी कठिन होगा क्योंकि वो अपने क्रिकेट करियर के आखिरी दौर में चल रहे हैं। आने वाले वक्त में वो कितने आईसीसी टूर्नामेंट में भारत की कप्तानी करेंगे और ये कहना कठिन है साथ ही 41 जीत तक पहुंचना काफी मुश्किल ही लग रहा है।

# सुपर आठ में 20 जून को वेस्टइंडीज या अफगानिस्तान से खेल सकती है भारतीय टीम

**न्यूयॉर्क (एजेंसी)।** भारतीय टीम अमेरिका के खिलाफ जीत के साथ ही टी20 विश्वकप के सुपर आठ में पहुंच गयी है। यहां उसका पहला मुकाबला 20 जून को वेस्टइंडीज या अफगानिस्तान से हो सकता है। इसके बाद उसके मुकाबले 22 और 24 जून को होंगे।

भारतीय टीम तीनो ही मैच जीतकर छह अंक लेकर ग्रुप ए में शीर्ष पर है। भारतीय टीम ने अबतक आयरलैंड, पाकिस्तान, और अमेरिका को हराया है अब उसका अंतिम मुकाबला कनाडा से होगा। सुपर-8 के मुकाबले 19 जून से शुरू होंगे। सुपर 8 की 8 टीमों को दो ग्रुप (1 और 2) में रखा गया है। ग्रुप-1 में ए1, बी2, सी1, डी2 को रखा गया है। वहीं ग्रुप-2 में ए2, बी1, सी2 डी1 को रखा गया है। भारतीय टीम ग्रुप ए में 6 अंक के साथ पहले नंबर पर है और वह इसी पर रहेगी क्योंकि उसका नेट रनरेट 1.137 है। वहीं अमेरिका के 4 अंक और उसका नेट रनरेट 0.127 है। अब अगर अमेरिका 100 से ज्यादा रन से जीत लेती है तो भी वह रट के मामले में भारत को पीछे नहीं छोड़ सकती। आईसीसी के कार्यक्रम के अनुसार ए1 टीम के सुपर-8 में तीन मुकाबले क्रमश: 20, 22 और 24 जून को होंगे। इस हिसाब से भारत का 20 जून को वेस्टइंडीज या अफगानिस्तान (सी1) से मुकाबला हो सकता है। भारतीय टीम 22 जून को श्रीलंका या नीदरलैंड (डी2) से खेल सकती है। दक्षिण अफ्रीका ग्रुप डी में है और ये तय है कि दक्षिण अफ्रीका ही ग्रुप स्टेज खत्म होने पर नंबर-1 पर रहेगी।



उसका ग्रप डी में अंतिम मुकाबला नेपाल से है। भारतीय टीम 24 जून को ग्रुप बी में दूसरे नंबर पर रहने वाली टीम से खेल सकती है। ऐसे में भारतीय टीम का मुकाबल स्कॉटलैंड या इंग्लैंड से हो सकता है। इस ग्रुप में अभी ऑस्ट्रेलिया 6 अंक के साथ पहले नंबर पर है। वहीं स्कॉटलैंड 5 नंबर के साथ दूसरे जबकि नामीबिया 2 नंबर के साथ तीसरे और इंग्लैंड 1 नंबर के साथ ही चौथे स्थान पर है। इंग्लैंड के अभी दो मैच बाकी हैं और अगर वह ये दोनों मुकाबले जीतता है और स्कॉटलैंड अपना आखिरी मैच हारता है तो ही अंक तालिका बदल सकती है, ऐसे में इंग्लैंड नंबर-2 पर पहुंच जाएगी। ऑस्ट्रेलिया का अंतिम मुकाबला स्कॉटलैंड से है। ऐसे में ऑस्ट्रेलियाई टीम सुपर-8 में बी1 के तौर पर प्रवेश करेगी।

# विंबलडन : एकल विजेता को मिलेंगे 27 लाख पाउंड, बजट हुआ 5 करोड़ पाऊंड

लंदन। ऑल इंग्लैंड क्लब के अधिकारियों ने गुरुवार को घोषणा की कि विंबलडन की कुल पुरस्कार राशि बढ़कर रिकॉर्ड 5 करोड़ पाउंड (लगभग छह करोड़ 40 लाख डॉलर) हो जाएगी जिसमें प्रत्येक एकल चैंपियन को 27 लाख पाउंड (34 लाख 50 हजार डॉलर) मिलेंगे। कुल इनामी राशि पिछले साल की तुलना में 53 लाख पाउंड (68 लाख डॉलर) अधिक है जो 11.9 प्रतिशत की वृद्धि है। यह 10 साल पहले इस ग्रासकोर्ट ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट में प्रतियोगियों को दी गई दो करोड़ 50 लाख पाउंड (मौजूदा विनिमय दर पर 3 करोड़ 20 लाख डॉलर) से दोगुनी है। ऑल इंग्लैंड क्लब की नई अध्यक्ष डेबोरा जेवांस ने कहा कि टिकटों की मांग इस साल से अधिक कभी नहीं रही। इस साल के विजेताओं को मिलने वाली राशि में प्रत्येक वर्ग में 3,50,000 पाउंड (लगभग 4,50,000 डॉलर) की बढ़ोतरी हुई है जो 14.9 प्रतिशत की बढ़ोतरी है। एकल के पहले दौर में हारने वाले खिलाड़ियों को 2023 में 55,000 पाउंड (70,000 डॉलर) से बढ़ाकर 60,000 पाउंड (लगभग 76,000 डॉलर) मिलेंगे। क्वालीफाइंग प्रतियोगिता के लिए पुरस्कार 14.9 प्रतिशत बढ़कर 48 लाख पाउंड (लगभग 60 लाख डॉलर) हो जाएगा।



# न्यूयॉर्क की पिच पर खेलना कठिन, रणजी जैसा अनुभव हुआ : शिवम

न्यूयॉर्क। ऑलराउंडर शिवम दुबे ने अमेरिका के खिलाफ टी20 विश्वकप में 31 रन बनाकर भारतीय टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। वहीं अब शिवम ने कहा है कि यहां की पिच पर खेलना बेहद कठिन था। इस कारण एक समय उन्हें लगा कि जैसे वह रणजी ट्रॉफी खेल रहे हों। शिवम इससे पहले आयरलैंड और पाकिस्तान के खिलाफ मैचों में विफल रहे थे। उसको लेकर शिवम ने कहा, मैं अपनी फॉर्म हासिल करने का प्रयास कर रहा था पर मेरे ऊपर किसी भी प्रकार का दबाव नहीं था और सभी ने मेरा सहयोग और समर्थन किया जिससे मेरा मनोबल बढ़ा। साथ ही कहा, मुझे कभी खुद पर संदेह नहीं रहा। मुझे लगता है कि ये हालात वैसे नहीं हैं जैसे आईपीएल में थे। इसलिए यहां खेलने के लिए अलग रवैये की जरुरत है। इसलिए मैं आज अलग तरह से बल्लेबाजी कर रहा था। शिवम ने आईपीएल की अंतिम पांच पारियों में सिर्फ 36 रन बनाए थे। विश्व कप में पहले ओर दूसरे मैच में भी वह नाकाम रहे थे। उन्होंने कहा, ऐसा लगा जैसे रणजी ट्रॉफी खेल रहा हूं। साथ ही कहा कि हालात तय करते हैं कि आप यहां कैसे खेलना चाहते हैं। छक्का मारने के लिए आपको अपना सर्वश्रेष्ठ शॉट खेलना होगा। आज, मैं उस अवसर का इंतजार कर रहा था। यहां आकर पहली गेंद से ही शॉट खेलना करना आसान नहीं है, इसमें समय लगाने की जरुरत रहती है। साथ ही कहा कि इन पिचों पर बल्लेबाजी करने में मजा न आया हो पर गेंदबाजी करना उन्हें निश्चित रूप से पसंद है। यह पूछे जाने पर कि क्या वह इस स्थान पर अपने संघर्ष की कठिन यादों को मिटाना चाहेंगे, उन्होंने कहा, मैं इसे अपनी यादों से नहीं मिटाऊंगा क्योंकि यह मेरा पहला विश्व कप है।




# टी20 विश्वकप में भाग ले रहे गॉर्डन और जॉर्डन में है कई समानताएं

**न्यूयार्क (एजेंसी)।** टी20 विश्वकप 2024 में अब तक वेस्टइंडीज और अमेरिका की धीमी पिचों पर गेंदबाज खासे सफल रहे हैं पर इसके बाद भी कुछ गेंदबाज ऐसे हैं जो महगे साबित हुए हैं। इसमें कनाडा के जेरेमी गॉर्डन और इंग्लैंड के क्रिस जॉर्डन हैं। इन दोनो के ही नाम एक पारी में सबसे अधिक रन देने का अनचाहा रिकार्ड है। इन दोनों ने ही अबतक 44-44 रन दिए हैं , इसके अलावा इन दोनो में कई और समानताएं भी हैं।दोनों ही 30 वर्ष से अधिक उम्र के दाएं हाथ के तेज गेंदबाज हैं। गॉर्डन की उम्र 37 वर्ष है जबकि जॉर्डन की 35 वर्ष। इन दोनों ने टूर्नामेंट में दो-दो मैच खेले हैं और दो-दो ही विकेट लिए हैं।

ये दोनो ही मूल रुप से वेस्टइंडीज से हैं। गॉर्डन जहां गयाना के स्टेनले टाउन में जन्मे, वहीं जॉर्डन का जन्म बारबडोस में हुआ है। जेरेमी गॉर्डन ने अब तक 10 वनडे में 18 और 14 टी20 में 19 विकेट हासिल किए हैं। दूसरी ओर क्रिस जॉर्डन 8 टेस्ट, 35 वनडे और 92 टी20 खेले हैं। टेस्ट क्रिकेट में 21, वनडे में 46 और टी20 इंटरनेशनल में 100 विकेट उन्होंने लिए हैं। गॉर्डन ने पहले मैच में ही अमेरिका के खिलाफ 3 ओवर में 44 रन दे दिये जबकि इंग्लैंड के जॉर्डन ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच में 4 ओवरों में 44 रन लुटा दिये। ये दोनों टी20 विश्वकप 2024 में अब तक एक पारी में सबसे अधिक रन देने वाले गेंदबाज हैं। गार्डन के 3 ओवर में 44 रन बने थे, इसलिए वे नंबर वन पर हैं जबकि जॉर्डन नंबर दो पर हैं।

टी20 वर्ल्डकप में अब तक तीन गेंदबाजों ने ही अपने चार ओवर में 42-42 रन दिये हैं। इसमें कनाडा के साद बिन जफर, आयरलैंड के जोश लिटिल और उगांडा के कॉसमॉस केवुता शामिल हैं. साद ने अमेरिका के खिलाफ मैच 4 ओवर में 42 रन दिए थे। लिटिल ने भारत के खिलाफ मैच में और केवुता ने वेस्टइंडीज के खिलाफ मैच में यह रन दिए थे। वैसे टी20 वर्ल्डकप में सबसे महंगी गेंदबाजी का रिकॉर्ड श्रीलंका के सनथ जयसूर्या के नाम पर है। सनथ ने 2007 के पहले टी20 विश्वकप में पाकिस्तान के खिलाफ मैच में चार ओवर में 64 रन दिए थे।



# इंटर मियामी मेरा आखिरी क्लब होगा : लियोनेल मेसी

अटलांटा। दिग्गज फुटबॉलर लियोनेल मेसी का अपने देश अर्जेंटीना के किसी क्लब से जुड़कर खेल को अलविदा कहने का कोई इरादा नहीं है और उन्होंने कहा कि इंटर मियामी उनका अंतिम क्लब होगा। अर्जेंटीना के कप्तान ने ईएसपीएन से कहा कि मुझे लगता है कि इंटर मियामी मेरा अंतिम क्लब होगा। आज की तारीख में मैं यही सोचता हूं कि यह मेरा अंतिम क्लब होने जा रहा है। मेसी अमेरिका में अपनी राष्ट्रीय टीम के साथ कोपा अमेरिका की तैयारी कर रहे हैं। अर्जेंटीना इस टूर्नामेंट का पिछला चैंपियन है। मेसी की अगुवाई में अर्जेंटीना ने 2022 में कतर में विश्व कप जीता था। बार्सिलोना के पूर्व स्टार मेसी का इंटर मियामी के साथ अनुबंध 2025 के सत्र के समापन तक है। उन्होंने कहा कि यूरोप से यहां आने का फैसला मुश्किल था। विश्व चैंपियन बनने से बहुत मदद मिली, और चीजों को अलग तरह से देखने का मौका भी मिला। लेकिन मैं इस बारे में नहीं सोचता। मैं खेल का आनंद लेने का प्रयास करता हूं। अर्जेंटीना के कई प्रशंसकों को उम्मीद थी कि मेसी अपने पहले क्लब न्यूवेल्स ओल्ड बॉयज की तरफ से खेलकर अपने करियर का अंत करेंगे।



# शहजाद ने बाबर आजम पर सवाल उठाये: निचले स्तर की टीमों के खिलाफ रन बनाकर लोगों को भ्रम में डाला

**लाहौर (एजेंसी)।** पाकिस्तान क्रिकेट टीम के कप्तान बाबर आजम टी20 क्रिकेट विश्व कप में अपनी खराब कप्तानी के कारण पूर्व क्रिकेटरों के निशाने पर हैं। कई पूर्व क्रिकेटरों ने उन्हें कप्तानी छोड़कर अपनी बल्लेबाजी पर ध्यान देने को कहा है। विश्वकप के पहले ही मैच में अमेरिका जैसी नई टीम से हारने के बाद से ही आजम की मुश्किलें बढ़ गयीं थी। वहीं भारत से हार के बाद तो उनके आलोचक और मुखर हो गये हैं। पाक टीम को कनाडा के खिलाफ मिली जीत के दौरान भी खासा संघर्ष करना पड़ा है और उसपर सुपर आठ से बाहर होने की तलवार लटकी हुई है। इसी सब के बीच ही बल्लेबाज अहमद शहजाद ने भी उन्हें आड़े हाथों लिया है।

शहजाद का कहना है कि ऐसे किंग का क्या किया जाये जो किसी काम का नहीं है। उन्होंने कहा कि भारत के खिलाफ अहम मुकाबले में जीत के करीब पहुंचने के बाद भी पाक टीम के खिलाड़ी दबाव नहीं झेल पाए और ऐसे अहम मैच में कप्तान बाबर एक अच्छा स्कोर नहीं बना पाये। उनकी कप्तानी भी मैच में बेहद लचर नजर आयी। शहजाद ने कहा कि अगर बाबर टीम के लिए मैच नहीं जीत सकते तो ऐसे किंग का कोई फायदा नहीं है। शाहजाद ने एक शो के दौरान कहा कि उन्होंने निचले स्तर की बी, सी और डी टीमों के खिलाफ रन बनाकर लोगों को गुमराह किया है। खेल को विकसित करने के लिए पीसीबी ने उनका वेतन बढ़ाया था, पर उन्होंने ये पैसा पैसा छवि निर्माण के लिए लगा दिया। शहजाद ने बड़े मैचों में बाबर आजम के औसत और स्ट्राइक रेट पर सवाल उठाए और कहा कि वह बड़े मैचों में अच्छा प्रदर्शन करने में असमर्थ हैं। उन्होंने कहा कि बड़े टूर्नामेंटों में अपने स्कोर, अपने आंकड़े, अपने औसत और अपने स्ट्राइक रेट को देखें। बाबर कहां है ये सभी को नजर आ जाएगा।

# यूरो कप 2024 में अहम भूमिका निभाएंगे रोनाल्डो : छेत्री

## -लय में आने पर हो जाते हैं बेहद खतरनाक



नई दिल्ली। भारतीय फुटबॉल टीम के पूर्व कप्तान सुनील छेत्री ने पुर्तगाल के स्टार खिलाड़ी क्रिस्टियानो रोनाल्डो की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा है कि उनके जितना खतरनाक कोई अन्य खिलाड़ी नहीं हैं। छेत्री के अनुसार यूरो कप 2024 में भी रोनाल्डो अहम भूमिका निभाएंगे। 39 साल के रोनाल्डो ने नवंबर 2023 के बाद से कोई अंतरराष्ट्रीय गोल नहीं किया है। इसके बाद भी छेत्री का कहना है कि रोनाल्डो जैसा कोई और नहीं है। छेत्री ने कहा, मुझे उम्मीद है कि रोनाल्डो अधिक से अधिक मैच खेलेंगे। मैं उन्हें खेलते हुए देखना पसंद करूंगा। हो सकता है कि वह शुरुआत में तेजी से नहीं खेल पायें पर एक बार लय में आने के बाद उनके जैसा खतरनाक खिलाड़ी दूसरा कोई नहीं है। पुर्तगाल की टीम कई स्टार खिलाड़ियों से भरी है। साथ ही कहा कि वे गेंद को अपने पास रखने में बहुत अच्छे हैं, अधिकतर वे विरोधी टीम पर हावी रहते हैं। उनके पास कुछ बेहतरीन खिलाड़ी हैं, इसलिए वे रोनाल्डो को बेंच पर भी रख सकते हैं। हाल में खेल को अलविदा कहने वाले छेत्री ने कहा, मुझे पूरा भरोसा है कि कोच सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का चयन करेगा पर रोनाल्डो का होना हमेशा ही टीम को बढ़त देता है। वो एक ऐसे खिलाड़ी हैं, जिन्हें मैदान पर जब भी मौका मिलता है तो उस अवसर को गोल में बदलने की क्षमता रखते हैं। इसलिए मुझे लगता है कि एक प्रशंसक के तौर पर, जिसने पिछले 20 सालों में उनसे बहुत कुछ सीखा है, मुझे उम्मीद है कि हम उन्हें मैदान पर और भी ज्यादा समय तक देख पाएंगे। छेत्री को यूईएफए यूरो 2024 के लिए विशेषज्ञ पैनल में रखा गया है।

# बेहतर बल्लेबाज भी बनना चाहता हूं, जीत के बाद बोले अर्शदीप सिंह

**न्यूयॉर्क (एजेंसी)।** भारतीय तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह इन दिनों अपनी गेंदबाजी से कहर बरपा रहे हैं लेकिन वह इतने से ही संतुष्ट नहीं हैं और निचले क्रम का विश्वसनीय बल्लेबाज बनना चाहते हैं जिसके लिए बल्लेबाजी को विक्रम राठौर के साथ कड़ी मेहनत भी कर रहे हैं। अर्शदीप ने अमेरिका के खिलाफ टी20 विश्व कप के मैच में 9 रन देकर चार विकेट लिए और भारत की सात विकेट से जीत में अहम भूमिका निभाई। भारत की यह लगातार तीसरी जीत है जिससे उसने अंतिम आठ में अपनी जगह सुरक्षित की।

अर्शदीप ने मैच के बाद कहा, 'हम हमेशा कुछ नया सीखने का प्रयास करते हैं। हम सभी विभागों फिर चाहे वह गेंदबाजी हो या बल्लेबाजी या फिर क्षेत्ररक्षण, में बेहतर बनने का प्रयास करते हैं क्योंकि आप नहीं जानते कि टीम को कब आपसे कुछ रन की जरूरत पड़ जाए।' उन्होंने कहा, 'यह दो या चार रन भी हो सकते हैं। इसलिए आपको अपना सर्वश्रेष्ठ देना होता है। जहां तक मेरी बल्लेबाजी का सवाल है तो मैं विक्रम भाई के साथ जितना संभव हो कड़ी मेहनत करने की कोशिश करता हूं।'

अर्शदीप ने पाकिस्तान के खिलाफ 9 जून को नौवें नंबर के बल्लेबाज के रूप में उतरकर 13 गेंद पर नौ रन की उपयोगी पारी खेली थी। बाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज ने कहा कि उस मैच में उन्होंने ही जसप्रीत बुमराह से पहले बल्लेबाजी के लिए उतारने का आग्रह किया था। उन्होंने कहा, 'जस्सी भाई को मुझसे पहले बल्लेबाजी के लिए उतरना था लेकिन मैं रोहित (शर्मा) से पूछकर पहले गया। वह इससे हैरान थे लेकिन मैंने उनसे कहा कि आप कुछ भी कहो मैं पहले बल्लेबाजी के लिए जाऊंगा। मुझे अपनी बल्लेबाजी पर पूरा विश्वास है। फिर चाहे फील्डिंग हो या गेंदबाजी आप बेहतर बनने की कोशिश करते हैं।'

अर्शदीप ने टूर्नामेंट के बारे में कहा कि परिस्थितियों से सामंजस्य बिठाना सफलता के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। भारत को ग्रुप ए का अपना अंतिम मैच कनाडा के खिलाफ फ्लोरिडा के लाडरहिल में खेलना है। इसके बाद टीम सुपर 8 के मैच खेलने के लिए वेस्टइंडीज जाएगी। अर्शदीप ने कहा, 'सबसे महत्वपूर्ण यह कि आप परिस्थितियों से कैसे तालमेल बिठाते हैं। अगर विकेट से गेंदबाजों को मदद मिल रही हो तो हम शुरू में विकेट लेने की कोशिश करते हैं और अगर हम पहले बल्लेबाजी करते हैं तो अधिक से अधिक रन बनाने का प्रयास करते हैं ताकि गेंदबाजों को बड़े लक्ष्य का बचाव करने को मिले।'



# पंजाब जाकर देखा संघा ड्रेन सहित कई जगहों पर कैसे सतलुज- व्यास नदी में छोडा जा रहा है गंदा जहरीला पानी

## आंदोलन की आगामी रणनीति की 15 जून को घोषणा

तेज. श्रीगंगानगर | संजय सेठी



'ज़हर से मुक्ति दो' आंदोलन के तहत श्रीगंगानगर से बड़ी संख्या में लोगों ने आज पंजाब जाकर काला सँघा ड्रेन सहित उन कई स्त्रोतों का दौरा किया, जहां से सतलुज व्यास नदी में जहरीला व कैमिकल युक्त पानी प्रवाहित किया जा रहा है। यही पानी इंदिरा गांधी नहर,गंग कैनाल तथा भाखड़ा नहर परियोजनाओं से श्रीगंगानगर व हनुमानगढ़ जिलों सहित पश्चिमी राजस्थान के 10 जिलों में पहुंचता है,जो की पीने तथा सिंचाई के लिए उपयोग में लाया जाता है।इस पानी के कारण इस पूरे इलाके में गंभीर असाध्याय बीमारियां फैल रही हैं। श्रीगंगानगर से गए लोगों ने पंजाब में राज्यसभा सांसद बलवीरसिंह सीचेवाल से भी आंदोलन के अगुवा नेताओं ने बातचीत की।ज़हर से मुक्ति दो आंदोलन के संयोजक मनिंदरसिंह मान ने कहा कि तीनों नहर परियोजनाओं से सिंचित क्षेत्र में ज़हरीला व गंदा पानी की रोकथाम के लिए जन आन्दोलन की शुरुआत हो चुकी है,लेकिन जहरीले पानी से निजात पाने के लिए जन जन की सहभागिता बेहद जरूरी है।उन्होंने कहा कि ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित करने के दावों के बावजूद सतलुज व्यास के साफ़ पानी को गंदा किया जा रहा है, जो मानव जाति के लिए खतरनाक है। किसान सभा के जिला महासचिव गुरचरणसिंह मोड़ ने कहा कि औधोगिक इकाइयों पर सतलुज नदी में गंदगी करने पर ग्रीन ट्रिब्यूनल महज़ जुर्माना लगा देता है लेकिन गंदगी रोकने का स्थाई समाधान नहीं निकालता। इस पर सुप्रीम कोर्ट को संज्ञान लेना चाहिए चूंकि संविधान में दर्ज जीवन जीने के अधिकार को चुनौती दी जा रही है। राज्यसभा संत बाबा बलवीरसिंह सीचेवाल ने आंदोलन के अगुवा नेताओं से जहरीले पानी को लेकर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने सभी का गर्मजोशी से स्वागत करते हुए जहरीले पानी के समाधान हेतु राजस्थान में सहयोग व समर्थन करने का आश्वासन दिया। सीचेवाल ने कहा कि उन्होंने राज्यसभा में जहरीले पानी को मुद्दे पर कई बार जनता की मांगों को उठाया है, लेकिन कुछ काम केवल आंदोलन से हल हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि जब आप बुलाओगे मैं आऊंगा।इस मौके पर सुखवीरसिंह फौजी, जसवीरसिंह चक 9 डीडी, ताराचंद सोनी, रवि यादव, सुरेश सोनी, परमानंद यादव, श्यामलाल यादव, विनोद जाखड़, मेनपाल खुंवाल, गुरलाल सिंह बराड़, शंकरलाल घौड़ेला, मोहनलाल बाना, सतनाम सिंह, केवलसिंह दंदीवाल, पार्षद धर्मेंद्र मौर्य, पार्षद विजेंद्र स्वामी, पार्षद फहीम हसन आदि लोग शामिल रहे।आंदोलन के सह संयोजक कॉमरेड रविन्द्र तरखान ने कहा कि हमने जहरीले पानी को लेकर पंजाब दौरे के दौरान सतलुज में गंदगी प्रवाहित करने वाले विभिन्न स्त्रोतों से जानकारी जुटाने का प्रयास किया है।15 जून को पंचायती धर्मशाला श्रीगंगानगर मेंआंदोलन की आगामी रणनीति की घोषणा करेंगे। उससे पूर्व आन्दोलन को व्यापक व मजबूत करने के लिए श्रीगंगानगर में क्षेत्र के प्रबुद्ध नागरिकों से विचार विमर्श किया जाएगा।

# पूर्व सीएम के खिलाफ पॉस्को मामले में गैरजमानती वारंट

## कर्नाटक के पूर्व सीएम हैं बीएस येदियुरप्पा, अदालत का निर्णय

नई दिल्ली. कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा के खिलाफ पॉस्को मामले में बेंगलुरु की एक अदालत ने गुरुवार 13 जून को गैर-जमानती गिरफ्तारी वारंट जारी किया। पूर्व सीएम के खिलाफ एक नाबालिग लड़की से छेड़छाड़ करने के आरोप में एफ्आईआर दर्ज की गई थी। मामला 2 फ्रवरी को बेंगलुरु का है। मामले में येदियुरप्पा ने कर्नाटक हाईकोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दायर की है, जिस पर शुक्रवार को सुनवाई होगी। सीआईडी ने उन्हें पेश होने के लिए समन भेजा था। इसका जवाब देते हुए उनके वकील ने एक हफ्ते का वक्त मांगा है। उन्होंने 17 जून को पूछताछ में शामिल होने की बात कही है, क्योंकि वह इस समय दिल्ली में हैं। नाबालिग की मां की शिकायत के आधार पर बेंगलुरु के सदाशिवनगर पुलिस स्टेशन में येदियुरप्पा के खिलाफ पॉस्को और 354 (ए) के तहत मामला दर्ज किया गया था। एफ्आईआर दर्ज करवाने वाली महिला (पीड़ित की मां) की 26 मई को मौत हो गई थी। वह लंग कैंसर की मरीज थीं। हालांकि कर्नाटक डीआईजी ने मामले को सीआईडी को सौंप दिया था। एफ्आईआर के मुताबिक पीड़ित लड़की 2 फ्रवरी को उसके साथ हुए यौन उत्पीड़न के एक मामले में येदियुरप्पा से मदद मांगने बेंगलुरु में उनके डॉलर्स कॉलोनी स्थित घर गई थी। तभी उन्होंने उसका यौन उत्पीड़न किया। जब पीड़ित कमरे से बाहर भागी तो उसने अपनी मां से कथित छेड़छाड़ के बारे में बताया।

पीड़ित की मां की शिकायत के आधार पर एफ्आईआर दर्ज की गई। हालांकि मामला सामने आने के बाद येदियुरप्पा के ऑफ्सि ने कुछ दस्तावेज जारी किए। इनमें बताया गया कि थ्् करने वाली महिला अब तक अलग-अलग लोगों पर 53 केस कर चुकी है। एफ्आईआर के मुताबिक महिला ने आगे यह भी आरोप लगाया कि जब उसने येदियुरप्पा से इस बारे में पूछा तो उन्होंने कहा कि वह जांच कर रहे थे कि लड़की के साथ रेप हुआ है या नहीं। बाद में येदियुरप्पा ने कथित तौर पर माफी मांगी और महिला से मामले के बारे में किसी को नहीं बताने को कहा।

## रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा आज जिला अस्पताल में रक्तदान शिविर

**श्रीगंगानगर।** इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा विश्व रक्तदान दिवस के उपलक्ष में कल शुक्रवार को प्रातः 10 बजे स्थानीय जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है।समिति के सचिव पवन वधवा ने बताया कि जिला कलेक्टर लोकबंधु की अध्यक्षता में यह शिविर लगने जा रहा है। शिविर के प्रभारी डॉ. केके गिलहोत्रा ने बताया कि शिविर में लगभग 100 यूनिट रक्त संग्रहित करने का लक्ष्य रखा गया है।उन्होंने रक्तदान करने के इच्छुक व्यक्तियों से 14 जून को सुबह 10 बजे अधिक से अधिक संख्या में जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में पहुंचने का आग्रह किया है। शिविर के समन्वयक डॉ. एनपी सिंह ने कहा कि हर 3 महीने बाद रक्तदान करने से अनेक बीमारियों से बचा जा सकता है। वहीं रक्तदान से अनेक व्यक्तियों की जानें भी बच जाती हैं।

# कुर्सी बचाने में लगे हैं भाजपा के पर्ची वाले मुख्यमंत्री: मगलानी



**श्रीगंगानगर।** कांग्रेस के जिलाध्यक्ष अंकुर मिगलानी ने कहा है कि लोकसभा चुनाव में राजस्थान में कांग्रेस के शानदार प्रदर्शन से भाजपा के भीतर प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल की कार्यक्षमता और कार्यकुशलता को लेकर सवाल उठ रहे हैं।अपनी कुर्सी बचाने के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल,अशोक गहलोत के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार के समय लागू की गई जनकल्याणकारी योजनाओं और कार्यों की समीक्षा ही करने इनको बंद करने में लगी है ताकि वे भाजपा हाईकमान के सामने अपने नंबर बना सके और अपनी कुर्सी सुरक्षित बचा सकें। मिगलानी ने सवाल उठाया है कि मुख्यमंत्री भजनलाल, अशोक गहलोत सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और कार्यों की समीक्षा ही करते रहेंगे या जनता राहत देने वाला कोई नया काम भी करेंगे। उन्होंने भजनलाल को पर्चीवाला मुख्यमंत्री करार देते हुए पूछा है कि उनको सत्ता में आए 6 महीने से भी ज्यादा का वक्त हो गया है। वे जनता के कल्याण के काम कब शुरू करेंगे। प्रदेश की जनता बिजली के संकट से जूझ रही है। पानी की किल्लत भी गहराई हुई है। शहर हो या गांव सब जगह लोग बिजली-पानी के लिए त्राहि- त्राहि कर रहे हैं। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने कहा कि भजनलाल सरकार जनहित का कार्य करने की बजाय गहलोत सरकार द्वारा प्रदेश में बनाए नए संभागों और जिलों, इंग्लिश मीडियम स्कूलों और लाखों लोगों को जारी किए पट्टों आदि कार्यों की समीक्षा करने के बहाने इनको निरस्त करने की फिराक में है।भजनलाल मुख्यमंत्री बनते ही 100 दिन की कार्ययोजना पेश की थी।यह कार्ययोजना हवा-हवाई हो गई है। उक्त योजनाओं और कार्यों की समीक्षा करने के नाम पर भजनलाल सरकार लोगों को परेशान ही करेगी। उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर प्रदेश में नवसृजित संभागों और जिलों से कोई छेड़छाड़ की गई अथवा पट्टों को समीक्षा के नाम पर निरस्त करने का प्रयास किया गया तो सरकार के खिलाफ कड़ा आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने फिर दोहराया कि मुख्यमंत्री भजनलाल यह सब इसलिए कर रहे हैं ताकि उनकी कुर्सी बची रहे। लोकसभा चुनाव में राजस्थान की 11 सीटों पर इंडिया गठबंधन की शानदार जीत के कारण भजनलाल की कुर्सी डावांडोल हो गई है।मगलानी ने कहा कि प्रदेश में आगामी दिनों में होने वाले विधानसभा उपचुनाव में भी कांग्रेस शानदार जीत हासिल करेगी।

## बाइक चार्जर के लिए डेढ़ हजार की ऑनलाइन पेमेंट की थी, क्रेडिट कार्ड से साढे 25 हजार रुपए उड़े

**श्रीगंगानगर।** श्रीगंगानगर में सहायक पुलिस अधीक्षक (शहर) के ऑफिस में तैनात एक सिपाही रामकेश मीणा ने की बाइक के चार्जर की दिल्ली की एक कंपनी को डेढ़ हजार रुपए की क्रेडिट कार्ड से ऑनलाइन पेमेंट की थी। पेमेंट करने के बाद उसे मोबाइल फोन पर एक के बाद एक कर मैसेज प्राप्त हुए।पता चला कि उसके क्रेडिट कार्ड से लगभग साढे 25 हजार रुपए रुपए कट गए।सिपाही रामकेश ने तुरंत ही क्रेडिट कार्ड को ब्लॉक करवाया और जवाहर नगर थाना में रिपोर्ट दी। पुलिस के मुताबिक अज्ञात व्यक्तियों पर ऑनलाइन ठगी करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कर जांच एएसआई राजकुमार के सुपुर्द की गई है। पुलिस के मुताबिक रामकेश मीणा का बेटा कोटा में पढ़ाई कर रहा है। उसी ने की बाइक का चार्जर ऑनलाइन खरीदा था। इसकी पेमेंट सिपाही रामकेश ने कल बुधवार को दिल्ली की एक कंपनी को क्रेडिट कार्ड के जरिए की थी, जो कि डेढ़ हजार रुपए थी। इसके कुछ देर बाद ही उसके क्रेडिट कार्ड से 25 हजार 440 कट जाने के चार मैसेज प्राप्त हुए। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

## गहलोत सरकार ने खोले थे कॉलेज, बंद करेगी भजनलाल सरकार!

जयपुर. कांग्रेस सरकार में राजस्थान कॉलेज एजुकेशन सोसायटी (राजसेस) के तहत खोले गए करीब 100 कॉलेज वर्तमान सरकार मर्ज या बंद कर सकती है। इनमें कई खामियां मिली हैं। सरकार की एक हाई पावर कमेटी ऐसे 303 कॉलेजों का रिव्यू करेगी। इसमें संयोजक कोटा ओपन यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रोफेसर कैलाश सोडानी व 6 सदस्य हैं। कमेटी स्टूडेंट्स की संख्या, कॉलेज की क्षेत्र में जरूरत और राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत कॉलेजों की जांच कर रिपोर्ट 30 दिन में सरकार को सौंपेगी। सरकार ने एक 'इंटरनल रिपोर्ट' भी तैयार कराई है जिसमें सामने आया है कि कांग्रेस सरकार ने बिना जरूरत कॉलेज खोले। अब इनका संचालन छात्र व सरकार दोनों के हित में नहीं है। इस मामले पर कांग्रेस सरकार के तत्कालीन शिक्षा मंत्री और अब भाजपा में शामिल हो चुके राजेंद्र यादव का कहना है कि उस समय के हिसाब से निर्णय किए थे। कुछ कमी रह गई होगी तो रिव्यू हो जाएगा। अब नई सरकार जो निर्णय ले रही है, ठीक ले रही है। रिव्यू करके कुछ अच्छा ही निर्णय होगा। वहीं, डिप्टी सीएम व उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा का कहना है कि छात्रों के बेहतर भविष्य को देखते हुए सरकार राजसेस के कॉलेजों का रिव्यू करवा रही है।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल बाइक सवार युवक की मौत

तेज. श्रीगंगानगर | संजय सेठी

अनूपगढ़ जिले में एक अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से घायल हुए मोटरसाइकिल सवार युवक की इलाज के दौरान बीकानेर के पीबीएम हॉस्पिटल में मृत्यु हो गई।पुलिस के मुताबिक मोहनाराम नायक (45) निवासी चक 15- एबी द्वारा दी गई रिपोर्ट के आधार पर अज्ञात वाहन के चालक पर लापरवाही बरतने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया है।मोहनाराम ने बताया कि उसका बेटा लाखनराम अपने मोटरसाइकिल पर 10 जून की शाम 5:30 बजे अनूपगढ़ में मजदूरी करने के बाद वापस घर आ रहा था। जब वह चक 2- के पहुंचा तो एक अज्ञात वाहन टक्कर मारकर फरार हो गया। टक्कर लगने से उसके बेटे लाखन राम तथा उसके साथ सवार प्रेम कुमार नामक युवक घायल हो गया।लोगों ने दोनों को अनूपगढ़ के सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया। सूचना मिलने पर वह अस्पताल पहुंचा। डॉक्टर ने दोनों को हालत गंभीर देखते हुए बीकानेर रैफर कर दिया।बीकानेर में इलाज के दौरान उसके बेटे लाखन राम की मौत हो गई। प्रेम का इलाज चल रहा है। पुलिस ने बताया कि पोस्टमार्टम करवाने के बाद लाखन राम की लाश परिवार वालों के सुपुर्द कर दी गई।

## जम्मू-कश्मीर में आतंक, हाई लेवल की मीटिंग

नई दिल्ली. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को जम्मू-कश्मीर में हुई आतंकी घटनाओं को लेकर मीटिंग की। इसमें एनएसए अजीत डोभाल समेत सुरक्षा एजेंसियों के कई अधिकारी भी शामिल हुए। बैठक में पीएम मोदी को आतंकियों के खिलाफ की जाने वाली कार्रवाई की जानकारी दी गई। पीएम ने जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा से भी बातचीत की। उन्होंने वहां के हालात के बारे में जानकारी दी। इसके अलावा प्रधानमंत्री ने सुरक्षाबलों की तैनाती को लेकर गृहमंत्री अमित शाह से भी बातचीत की। जम्मू-कश्मीर के रियासी, कठुआ और डोडा में पिछले चार दिनों में चार आतंकी घटनाएं हुई हैं। इसमें 9 श्रद्धालुओं की जान चली गई। 1 जवान शहीद हुआ और 2 आतंकी मारे गए। चारों घटनाओं में 6 जवानों समेत कुल 49 लोग घायल हुए हैं। कुपवाड़ा में शब्बीर अहमद नाम के एक ओवर ग्राउंड वर्कर को पकड़ा गया है, जो आतंकियों की मदद कर रहा था। उसके पास से हथियार भी बरामद हुए हैं। रियासी में हुए आतंकी हमले के मामले में 53 लोगों को हिरासत में लिया गया है। इसकी जानकारी एसएसपी मोहिता शर्मा ने दी है।

## बाईक के माध्यम से हेमकुण्ड साहिब यात्रा का आगाज



**हनुमानगढ़।** युवाओं को सामाजिक के साथ साथ धार्मिक आस्था से जोड़ने के उद्देश्य से द ईग्ल फाउण्डेशन द्वारा बाईक के माध्यम से हेमकुण्ड साहिब यात्रा का आगाज बुधवार से किया गया। द ईगल फाउंडेशन के अध्यक्ष प्रशांत सोनी ने बताया कि युवा बाईक के माध्यम से हेमकुंड साहिब की यात्रा करेंगे। यह यात्रा 10 दिन में पूर्ण होगी। इसी के साथ हेमकुंड साहिब पहुंचकर युवाओं को सदमार्ग पर ले जाने व क्षेत्र की सुख समृद्धि व खुशहाली की अरदास करवाई जायेगी। यात्रा में प्रशांत सोनी, एडवोकेट यादविंदर सिंह सेखों, गुरलाल सिंह, अर्जुन शाक्य शामिल है।

## यातायात नियमों के उल्लंघन पर काटे 15 चालान



**हनुमानगढ़।** यातायात नियमों का उल्लंघन कर वाहन चलाने वाले चालकों के खिलाफ गुरुवार सिटी थाना के सामने नाका लगाकर कार्यवाही की गई। कार्यवाही के दौरान एमवी एक्ट की विभिन्न धाराओं में 15 व्यक्तियों के चालान किये गए। इस दौरान ए एस आई कुंजीलाल मीणा, हैड कांस्टेबल प्रद्युम्न यादव, चालक जगननाथ,आरएचएस टेकलाल आदि मौजूद थे।


**कार्यालय नगर विकास न्यास, बीकानेर**

क्रमांक-न्यास/कृ.भू.नि./6140 दिनांकः 13.06.2024

**आम नोटिस**

हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि ग्राम उदासर खसरा नं. 145 व 150 योजना वैष्णों विहार ब्लॉक-बी में स्थित तादादी 200 वर्गगज आवासीय भूखण्ड संख्या 100 के आवंटी/क्रेता राजकमल पुत्र ख्याली राम शर्मा के हक में दिनांक 19.09.2008 के द्वारा लीजडीड जारी की गयी है। प्रार्थी द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर उपरोक्त भूखण्ड की हस्तानान्तरण एनओसी की मांग की है। जिसके क्रम में न्यास द्वारा जारी राजकमल पुत्र ख्याली राम शर्मा के हक में जारी लीजडीड की पत्रावली गुम हो चुकी है। जिसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट न्यास द्वारा संबंधित थाने में दर्ज करवा दी गई है। उक्त भू-खण्ड के संबंध में हस्तान्तरण एनओसी जारी करने की कार्यवाही की जानी है। अतः इस संबंध में यदि किसी को किसी किस्म की आपति हो तो वह अपना हल्फिया जवाब मय सबूत न्यास कार्यालय में आम नोटिस साया होने के पन्द्रह दिवस में प्रस्तुत करें अन्यथा उक्त अवधि गुजरने के बाद किसी का कोई उज्र / एतराज स्वीकार व मान्य नहीं होगा तथा न्यास द्वारा हस्तान्तरण एनओसी से संबंधि अग्रिम कार्यवाही सम्पादित कर दी जावेगी ।

**सचिव**
**नगर विकास न्यास, बीकानेर**



**कार्यालय नगरपालिका पीलीबंगा, जिला हनुमानगढ़**

क्रमांकः767 दिनांकः 12.06.2024

**आपत्ति सूचना**

सर्वसाधारण को सूचनार्थ एंव प्रकाशनार्थ सूचित किया जाता हैं कि मुकेश कुमार पुत्र नन्दलाल व श्रीमती शकुन्तला देवी पत्नि रमेश कुमार, जाति अरोड़ा, निवासी वार्ड नम्बर 07 पीलीबंगा ने पालिका में ऑनलाईन आवेदन 70453/11-12-2023 को प्रस्तुत कर सैक्टर नम्बर- 01 में स्थित आवासीय भूखण्ड संख्या - 59 पार्ट, साईज 161.38 वर्गगज यानि 35×41.5=1452.5 वर्गफुट नामान्तरण अपने नाम से नामान्तरित करवाना चाहते हैं बतौर सबूत बैयनामा, शरायतनामा, हल्फनामा, लीजडीड, पूर्व में जारी नामान्तरण की प्रति इत्यादि की प्रमाणित प्रति दस्तावेज पेश किये हैं वर्तमान में उक्त भूखण्ड मुताबिक मूल पत्रावली / प्रस्तुत दस्तावेज के अनुसार नन्दलाल-सोहनलाल पिसरान खानचन्द जाति अरोड़ा निवासी पीलीबंगा के नाम सैक्टर नम्बर- 01 में स्थित आवासीय भूखण्ड संख्या - 59 पार्ट, साईज 35×70 = 2450 वर्गफुट प्रयोजनार्थ पट्टा जारीशुदा है। बंटवारनामा दिनांक 30.03.1979 के द्वारा उक्त भूखण्ड संख्या - 59 पार्ट. साईज 35×70=2450 वर्गफुट मांगीबाई पत्नि नन्दराम, रमेश लाल पुत्र नन्दलाल व मुकेश कुमार पुत्र नन्दलाल के हिस्से मे 35×41.5=1452.5 वर्गफुट आया तत्पश्चात् मृत्यु जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रार नगरपालिका पीलीबंगा द्वारा जारी मृत्यु प्रमाण पत्र दिनांक 19.05.2005 के अनुसार मांगी बाई की मृत्यु दिनांक 27.04.2005 को हो चुकी हैं अध्यक्ष नगपालिका पीलीबंगा द्वारा जारी परिवार सदस्य प्रमाण पत्र क्रमांक 7205 / 03.03.2020 के द्वारा श्रीमती मांगी बाई के निम्न सदस्य है (1) रेशमा देवी पुत्री (2) रमेश लाल फौत (3) सन्तोष बत्रा पुत्री (4) मुकेश कुमार पुत्र कुल 04 सदस्य है जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रार नगरपालिका पीलीबंगा द्वारा जारी मृत्यु प्रमाण पत्र दिनांक 22.01.2019 के द्वारा रमेश कुमार की मृत्यु दिनांक 17.01.2019 को हो चुकी हैं। अध्यक्ष नगरपालिका पीलीबंगा द्वारा जारी परिवार सदस्य प्रमाण पत्र क्रमांक 7204 / 03.03.2020 अनुसार रमेश लाल पुत्र नन्दलाल की मृत्युउपरान्त इनके निम्न सदस्य हैं (1) शकुन्तला देवी पत्नि (2) नीरू कुक्कड़ पुत्री (3) अन्नु पाहवा पुत्री (4) विकास भुतना पुत्र कुल 04 सदस्य है तत्पश्चात् (1) रेशमा देवी - सन्तोष-मुकेश कुमार पुत्रियां मांगीबाई पत्नि नन्दलाल व नीरू कुक्कड़ - अनु पाहवा - विकास भुतना पिसरान रमेशलाल द्वारा उक्त भूखण्ड मे अपने अपने हिस्से की जरिये रजिस्टर्ड दस्तवरदारी दिनांक 04.10.2023 के द्वारा के साईज 35×41.5 =1452.5 वर्गफुट श्रीमती शकुन्तला देवी पत्नि रमेश लाल के पक्ष में आया। उक्त नामांतरण के संदर्भ में किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो उक्त सूचना प्रकाशन होने की तिथि के 07 (सात) दिवस में सूचित करें बाद गुजरने मियाद प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर नियमानुसार ऑनलाईन नामांतरण की कार्यवाही अमल में लाई जावेगी।

**अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका पीलीबंगा**



**सरस्वती बाल मंदिर माध्यमिक विद्यालय पीलीबंगा**

वार्ड नं. 23 पीलीबंगा जिला हनुमानगढ़

**आवश्यकता**

1. BSC. B.ed गणित व विज्ञान अध्यापक -1
2. B.A. B.ed (हिन्दी) अध्यापक -1
3. B.A. B.ed (सामाजिक) अध्यापक -1
4. B.A. B.ed (अंग्रेजी) अध्यापक -1
5. B.A. B.ed (पंजाबी) अध्यापक -1
6. कम्प्यूटर अध्यापक -1
7. चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी -1

**साक्षात्कार स्थान शाला प्रांगण दिनांक 25.06.2024**


## प्रथम पेज का शेष...

### गड़बड़ियों के कारण...

जाने चाहिए और इनके लिए दोबारा परीक्षा कराई जानी चाहिए। इन स्टूडेंट्स को उनके बगैर ग्रेस मार्क्स वाले ओरिजिनल स्कोर भी बताए जाने चाहिए। एग्जाम में गड़बड़ी की शिकायत पर कई राज्यों के हाईकोर्ट में भी याचिकाएं दायर की गई हैं। ऐसे में जहां भी ग्रेस मार्क्स को लेकर याचिका लगाई गई है वहां सुप्रीम कोर्ट का आदेश ही लागू होगा। सुप्रीम कोर्ट में गुरुवार को नीट यूजी 2024 रिजल्ट को चुनौती देने वाली 3 याचिकाओं पर सुनवाई हुई। इनमें 3 मांग की गई थीं। जिसमें कहा गया कि परीक्षा में शामिल 1563 स्टूडेंट्स को ग्रेस मार्क्स दिए गए जो गलत है। मौजूदा रिजल्ट के बेस पर हो रही काउंसलिंग को रोका जाए तथा नीट परीक्षा रद्द की जाए और एग्जाम दोबारा कराया जाए। इनमें से गुरुवार को ग्रेस मार्क्स के मुद्दे पर सुनवाई हुई है। वहीं पेपर लीक के आरोप की याचिका पर 8 जुलाई को सुनवाई होगी।

### पक्षियों के लिए...

कम है। इससे बाकी लोगों को भी प्रेरणा मिलेगी।' उद्यमी गौरव खड़गावत कहते हैं, 'ईश्वर कण-कण में विद्यमान हैं। प्रदूषण के कारण पक्षियों की तादाद कम हो रही है। इससे पर्यावरण संरक्षण मुश्किल हो रहा है। इस तरह के प्रयासों से ही पक्षियों का संरक्षण संभव है। पक्षी विश्रामगृह में सीमेंट का उपयोग नहीं किया गया है क्योंकि इससे गर्मी में पक्षी परेशान होंगे। टाइल्स का उपयोग किया गया है ताकि पक्षियों को गर्मी में भी ठण्डक का अहसास हो।'

### खुशखबर, राजस्थान में...

की थमी रफ्तार को वापस गति मिल सकती है। निदेशक ने बताया कि छत्तीसगढ़, ओडिशा के आसपास एंटी साइक्लोन बनने और वेस्टर्न विंड ज्यादा प्रभावशाली होने के कारण बंगाल की खाड़ी से आने वाली हवाएं आगे नहीं बढ़ सकी। इस कारण मानसून की पूर्वी ब्रांच 31 मई से सिक्किम, असम के पास ही थमी है। 15 जून के बाद से हवा के पैटर्न में बदलाव होने की संभावना है। पश्चिमी हवाओं का प्रभाव कम होगा। मानसून की वर्तमान स्थिति देखें तो ये अभी गुजरात और छत्तीसगढ़ के दक्षिणी क्षेत्र में प्रवेश कर चुका है। इस एरिया में समय से 5 दिन पहले प्रवेश किया। महाराष्ट्र, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, गोवा, कर्नाटक, तमिलनाडु, केरल के अलावा पूर्वोत्तर के सात राज्यों में मानसून दस्तक दे चुका है। संभावना है कि राजस्थान में इस बार मानसून तय समय से 2 से 3 दिन पहले आ सकता है यानी 22 से 25 जून के बीच मानसून के आने की संभावना है।

**19-20 जून से पूर्वी राजस्थान में शुरू होगी बारिश**

राजस्थान में मानसून के प्रवेश का सामान्य समय 25 जून निर्धारित है। ये उदयपुर, बांसवाड़ा के रास्ते आता है। साल 2023 में मानसून ने उदयपुर संभाग के साथ कोटा और भरतपुर संभाग से एक साथ एंट्री की थी। राजस्थान में वर्तमान में अभी दक्षिणी हिस्सों में प्री-मानसून की बारिश शुरू हो गई है। 19-20 जून से पूर्वी राजस्थान यानी भरतपुर संभाग के जिलों में भी प्री-मानसून की बारिश का दौर शुरू हो सकता है। वहीं इस बार भी मानसून दक्षिण-पूर्वी हिस्से यानी उदयपुर-बांसवाड़ा के साथ भरतपुर और कोटा संभाग से राजस्थान में आएगा।

**11 साल में दो बार समय से पहले एंट्री**

पिछले 11 साल की रिपोर्ट देखें तो राजस्थान में 2 बार ऐसा रहा है, जब मानसून की एंट्री राज्य में समय से पहले हुई हो। साल 2013 में मानसून की एंट्री 13 जून को हुई थी, जो समय से करीब 10 से 13 दिन पहले रही। वहीं साल 2021 में भी मानसून की एंट्री 18 जून को हुई। चार सीजन ऐसे थे, जब मानसून की एंट्री जुलाई के महीने में हुई। ऐसे में मौसम विशेषज्ञों की ओर से ये अनुमान लगाया जा रहा है कि मानसून जल्दी एंट्री करेगा तो प्रदेश में भी सामान्य से ज्यादा बारिश हो सकती है। साल 2021 में मानसून सामान्य से 17 फीसदी ज्यादा रहा। वहीं साल 2013 में मानसून के दौरान बारिश सामान्य से 26 फीसदी ज्यादा हुई थी। इन दोनों सालों में मानसून की समय से पहले एंट्री हुई

### 17 जिलों और...

जारी रहने पर एक बार के लिए सवालिया निशान लग गया है। गहलोत सरकार ने 17 नए जिले बनाए थे, इनमें जयपुर और जोधपुर के 2 टुकड़े किए गए। नए जिलों में अनूपगढ़, गंगापुर सिटी, कोटपूतली, बालोतरा, जयपुर ग्रामीण, खैरथल, ब्यावर, नीमकाथाना, डीग, जोधपुर ग्रामीण, फलोदी, डीडवाना, सलूंबर, दूदू, केकड़ी, सांचौर और शाहपुरा शामिल हैं। बांसवाड़ा, पाली और सीकर को संभाग बनाया था। गहलोत सरकार ने आखिरी बजट में 17 नए जिलों की घोषणा की थी। पहले जयपुर के टुकड़े कर जयपुर उत्तर, जयपुर दक्षिण और जोधपुर के टुकड़े कर जोधपुर उत्तर और जोधपुर दक्षिण जिलों की घोषणा हुई थी। इस पर पर विवाद हो गया था। लोगों को दक्षिण-उत्तर में बांटना ठीक नहीं लगा। सरकार ने बाद में बीच का रास्ता निकालते हुए इन जिलों का नाम जयपुर, जयपुर ग्रामीण, जोधपुर और जोधपुर ग्रामीण कर दिया।

**बीजेपी ने नए जिलों का रिव्यू करवाने की घोषणा की थी**

बीजेपी ने गहलोत राज में जाते-जाते नए जिले बनाने पर सवाल उठाए थे। कई छोटे जिलों को लेकर स्थानीय लोगों ने भी विरोध किया था। उस वक्त बीजेपी ने सरकार में आने पर गहलोत राज में बने जिलों का रिव्यू करवाने की घोषणा की थी।

### राजस्थानी में शपथ...

सकती है। संसद के इतिहास में इससे पहले कोंकणी, मैथिली में अभिभाषण व शपथ ली गई है। ये भाषाएं कई वर्ष बाद आठवीं अनुसूची में शामिल हुई थीं। इस पर सांसद कुलदीप इंदौरा ने कहा कि राजस्थानी गांव बहलोलनगर में लिया गया वचन उन्हें याद है। मतदाताओं ने उन्हें जीताकर अपना वचन निभाया है। अब वे भी राजस्थानी भाषा में शपथ लेकर अपना वचन निभाएंगे। इस दौरान जसवंत कस्वां, विनोद मूंड, मनीष पड़गड़, सुखदेव बुडानिया, दुरपत गोदारा, पूनम राजपुरोहित, नोपाराम पड़गड़ आदि ने राजस्थानी भाषा की मान्यता के लिए ग्रामीणों की ओर से चलाई जा रही मुहिम के बारे में बताया और कहा कि राजस्थानी को मान्यता मिलने से राजस्थान के युवाओं को ज्यादा लाभ मिलेगा।

## कॉलोनी में ट्रांसफार्मर रखवाने की मांग

हनुमानगढ़। बार-बार लोड अधिक होने की वजह से विद्युत तारें जलने की समस्या के स्थाई समाधान के लिए आवश्यकता अनुसार नए ट्रांसफार्मर रखवाने की मांग लेकर जंक्शन के वार्ड 12, भट्ठा कॉलोनी के वाशिंदे गुरुवार को जोधपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के अधीक्षण अभियंता के पास पहुंचे। कॉलोनीवासियों ने समस्या का समाधान न होने पर आंदोलन करने की चेतावनी दी। वार्डवासी नारायण नायक ने बताया कि जंक्शन की भट्ठा कॉलोनी, वार्ड 12 में रात्रि को 11-12 बजे के आसपास विद्युत तारें जल जाती हैं। एईएन, जेईएन व लाइनमैन को अवगत करवाने पर तार बदल दी जाती है लेकिन दो-तीन दिन बाद वह तार भी जल जाती है। यह क्रम पिछले करीब एक माह से लगातार चल रहा है। लेकिन समस्या का स्थाई समाधान करने की बजाए बिजली विभाग के अधिकारी रोजाना तार बदलकर राजस्व को नुकसान पहुंचा रहे हैं। जबकि आवश्यकता नए ट्रांसफार्मर रखवाने की है। उन्होंने बताया कि एसई ने कॉलोनी में चार नए ट्रांसफार्मर रखवाने के लिए आश्वस्त किया है। इसके लिए शुक्रवार को कॉलोनी की प्रत्येक गली में जाकर कर्मचारियों की ओर से लोड चैक किया जाएगा। जहां जरूरत होगी वहां ट्रांसफार्मर स्थापित किया जाएगा।


**SRI GANGANAGAR ZILA DUGDH UTPADAK SAHKARI SANGH LTD.**

Industrial Area, HANUMANGARH JN.335512 (Raj)
(AN FSMS ISO-22000:2018 Certified Organisation)

Tel. 01552-260522, E Mail- gngmu-rj@nic.in
Mob. 77260-07305 gngmu-rj@nic.in
No. Gangmul /FDP/2024/2475-78 Dated:- 13.06.2024

**Tender Notice**

Sealed tenders are invited from Manufacturer/ Distributor of Regd. Supplier for the following items:-

| Sr. No. | Item | App. Qty./ Value | Earnert Money (Rs.) | Date & time of tender | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | Sale | Opening & place |
| 01 | Supply of PP Woven Sack Tubular Type White Pigmented Bags (PMR-5) as per tender Specifiactions | 30000 Nos. | 4500/- | 20.06.2024 upto 1.00 PM | 20.06.2024 at 3.00 PM, Gangmul Hanumangarh |

Tender form may be obtain from this office on any working day in working hours on cash payment/DD of Rs. 236/- (Additional Rs.100/-if demand by post). The filled form will be accepted upto 2.00 PM on last date of tender. The tender form received without earnest money will be rejected. Under signed reserve the right to accept or reject any tender form in full or in part without assigning any reason. Tender form can be download from www.sppp.rajasthan.gov.in & www.sriganganagarmilkunion.com

**(Ugrasen Saharan)**
**Managing Director**

# सरकार आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए गंभीर, लापरवाह न रहें अधिकारी : सत्यानी

**» जिला कलक्टर ने सरदारशहर में उपखंड कार्यालय तथा पंचायत समिति का किया निरीक्षण**

तेज | जगदीश सोनी. चूरू



जिला कलक्टर पुष्पा सत्यानी ने गुरुवार को सरदारशहर उपखंड कार्यालय तथा पंचायत समिति का निरीक्षण किया और पेंडेंसी खत्म करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने दोनों कार्यालयों की विभिन्न शाखाओं के दस्तावेज देखे तथा संबंधित कार्मिकों से उनके कार्य के बारे में पूछताछ की। उन्होंने एसडीएम तथा विकास अधिकारी कार्यालयों के लंबित प्रकरणों के त्वरित समाधान, ऑडिट पैरा के निस्तारण और आमजन को राहत देने के निर्देश दिए। इस दौरान जिला कलक्टर सत्यानी ने अधिकारियों से बिजली, पानी, स्वास्थ्य सहित विभिन्न विभागों की सेवाओं के बारे में जानकारी ली और आमजन की समस्याएं सुनकर उनके निराकरण के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। जिला कलक्टर ने इस दौरान अधिकारियों से कहा कि राज्य सरकार आमजन की समस्याओं के त्वरित एवं समुचित समाधान के लिए संकल्पबद्ध एवं गंभीर है। इसलिए कोई भी अधिकारी आमजन की समस्याओं को लेकर लापरवाही नहीं बरते तथा किसी भी माध्यम से प्राप्त शिकायतों के त्वरित निस्तारण की दिशा में काम करें। उन्होंने कहा कि आमजन की समस्याओं पर संवेदनशीलता से काम करें और यह देखें कि आपके पास आने वाले लोग निराश होकर नहीं लौटें। पौधरोपण की तैयारियों की समीक्षा करते हुए जिला कलक्टर पुष्पा सत्यानी ने कहा कि इस मानसून के दौरान अधिक से अधिक पौधरोपण हो तथा लगाए गए पौधों की देखरेख भी सुनिश्चित करें। सभी साइट्स पर जनसहभागिता सुनिश्चित की जाए। जनप्रतिनिधियों एवं आमजन का जुड़ाव पौधारोपण कार्य को सफल बनाएगा। इस दौरान आमजन ने जिला कलक्टर से मुलाकात कर विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए अनुरोध किया। ग्रामीण क्षेत्र के विद्युत समस्या के समाधान के लिए जिला कलक्टर ने अधीक्षण अभियंता से दूरभाष पर वार्ता कर समस्या के त्वरित और बेहतर समाधान के निर्देश दिए। इस दौरान एसडीएम मीनू वर्मा ने उपखंड क्षेत्र में पेयजल, बिजली, स्वास्थ्य सहित विभिन्न सेवाओं के बारे में फीडबैक दिया और बताया कि शासन-प्रशासन की मंशा के मुताबिक उपखंड एवं ग्राम पंचायत स्तरीय जन सुनवाई सुनिश्चित की जा रही है। इस दौरान सरदारशहर एवं भानीपुरा तहसीलदार, पंचायत समिति विकास अधिकारी सहित बिजली, पानी, स्वास्थ्य, सांख्यिकी विभागों से जुड़े अधिकारी मौजूद रहे।

# श्रीकरनपुर में सीएचसी, वाटरवर्क्स, जीएसएस, अन्नपूर्णा रसोई का जिला कलक्टर ने किया औचक निरीक्षण

**जनसुनवाई में प्रकरणों पर तत्काल कार्रवाई के लिए अधिकारियों को किया निर्देशित, अन्नपूर्णा रसोई में अव्यवस्था पर जताई नाराजगी**



तेज | रिपोर्टर श्रीगंगानगर

जिला कलक्टर लोकबंधु ने गुरुवार को श्रीकरनपुर उपखंड क्षेत्र में जनसुनवाई कर आमजन के परिवादों पर तत्काल कार्रवाई के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। इसके बाद उन्होंने सीएचसी, वाटरवर्क्स, जीएसएस, अन्नपूर्णा रसोई का औचक निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। अटल सेवा केंद्र में आयोजित उपखंड स्तरीय जनसुनवाई में आमजन की ओर से पेयजल, म्यूटेशन और पट्टे सहित विभिन्न प्रकरणों में परिवाद दिए गए। इन प्रकरणों में जनसुनवाई करते हुए जिला कलक्टर ने मौके पर अधिकारियों को निराकरण के निर्देश देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री और राज्य सरकार की मंशा के अनुसार आमजन को राहत पहुंचाई जाए। इसमें लापरवाही नहीं बरती जाए। इसके पश्चात उन्होंने सीएचसी, वाटरवर्क्स, जीएसएस, अन्नपूर्णा रसोई का औचक निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। सीएचसी में उपचाराधीन रोगियों से बातचीत कर जिला कलक्टर ने स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता जानी। उन्होंने रोगियों से उपचार और दवाओं के बारे में भी जानकारी लेते हुए पूछा कि उपचार के लिए किसी तरह का शुल्क तो नहीं लिया जा रहा है? इस पर रोगियों ने अवगत करवाया कि उन्हें समय पर उपचार और दवाएं मिल रही हैं। अन्नपूर्णा रसोई में निरीक्षण के दौरान खिड़की, परदों और बैठने की व्यवस्था सही नहीं होने पर उन्होंने नाराजगी जाहिर करते हुए आवश्यक इंतजाम करने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने संचालक और कार्मिकों से आमजन को उपलब्ध करवाये जा रहे भोजन एवं श्रीअन्न की जानकारी ली। अन्नपूर्णा रसोई के मेन्यू को सार्वजनिक जगह पर प्रदर्शित करने के निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि यहां साफ-सफाई के साथ आमजन को राज्य सरकार के निर्देशानुसार पौष्टिक एवं स्वादिष्ट भोजन उपलब्ध करवाया जाये। जिला कलक्टर ने खाना खा रहे लोगों से भी बातचीत कर भोजन की गुणवत्ता की जानकारी ली। तहसीलदार से कन्वर्जन, सीमा ज्ञान और म्यूटेशन से संबंधित प्रकरणों की जानकारी लेते हुए जिला कलक्टर ने कहा कि लंबित प्रकरणों को अतिशीघ्र निस्तारित किया जाए। कृषि आयुक्तालय की बैठक में भी जिला कलक्टर श्रीकरनपुर से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े। मौके पर क्षेत्रवासियों की शहरी क्षेत्र से शराब ठेका हटाने की मांग पर जिला कलक्टर ने कार्रवाई के लिए एसडीएम को निर्देशित किया। इस अवसर पर एसडीएम श्योराम, तहसीलदार सुभाष शर्मा, बीसीएमओ, पीएचईडी, पीडब्ल्यूडी, समस्त उपखंड स्तरीय अधिकारी सहित अन्य कार्मिक मौजूद रहे।

## भामाशाह मोहता ने कलक्ट्रेट के लिए दो वाटरकूलर भेंट किए




**चूरू. जगदीश सोनी।** रेडक्रॉस सोसायटी की जिला शाखा की अध्यक्ष एवं जिला कलक्टर पुष्पा सत्यानी की प्रेरणा से गुरुवार को जिले के राजगढ़ के मोहता समूह चेयरमैन व वरिष्ठ समाजसेवी श्रीवर्द्धन मोहता ने जिला कलक्ट्रेट कैम्पस के लिए 02 वाटर कूलर भेंट किए। इससे कलक्ट्रेट कार्यालय के कार्मिकों के साथ-साथ आने वाले आमजन को पेयजल की अधिक बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी। इस नेक कार्य के लिए भामाशाह श्रीवर्द्धन मोहता की सराहना करते हुए जिला कलक्टर पुष्पा सत्यानी ने कहा कि अंचल में पुण्य कार्य के लिए अपनी मेहनत की कमाई लगाने की एक समृद्ध परम्परा रही है। पेयजल के लिए दान श्रेष्ठ माना गया है। इस परम्परा में कुंए, कुंड, जोहड़, बावड़ी और प्याऊ बनवाने वाले भामाशाहों की एक लंबी फेहरिश्त है। श्रीवर्द्धन मोहता ने इसी दिशा में आमजन के लिए वाटर कूलर लगाकर सराहनीय कार्य किया है। इससे यहां कैंपस में आने वाले लोगों को शीतल पेयजल मिल सकेगा। जिला कलक्टर ने बताया कि आमजन की सुविधा के लिए लायंस क्लब, चूरू द्वारा भी चूरू तहसील कार्यालय में वाटर कूलर लगवाया गया है।

## गंग कैनाल का पानी हो रहा है गायब जांच करवाई जाए: रुपिंदर सिंह



**श्रीगंगानगर।** श्रीकरणपुर से कांग्रेस विधायक रूपेंद्र सिंह रूबी का कहना है कि गंग कैनाल का पानी गायब हो रहा है। जांच करके पता लगाया जाए कि यह पानी कहां जा रहा है। रुपिंदरसिंह रूबी ने आज जयपुर में जल संसाधन मंत्री के नाम पत्र देते हुए इसकी उच्च स्तरीय जांच करवाने की मांग की है। उन्होंने बताया कि पंजाब में फिरोजपुर जिले में फिरोजपुर फीडर की बुर्जी संख्या 45 पर बने हैड से गंगा कैनाल में 3000 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है।यह पानी श्रीगंगानगर जिले में हिंदूमलकोट के समीप शिवपुर हैड पर पहुंचते-पहुंचते 1750 क्यूसेक ही रह जाता है। लगभग 1250 क्यूसेक पानी की चोरी (कमी) हो रही है। इससे गंग कैनाल परियोजना की छोटी-बड़ी नहरों का वरीयताक्रम प्रभावित हो रहा है। अनेक किसानों को खेतों में सिंचाई के लिए लगातार दो-दो बार पानी नहीं मिल पा रहा। गंग कैनाल से लगभग 1250 कसे पानी की आवक कम होने से खेतों में सिंचाई का काम बाधित हो रहा है। इसका असर फसलों के उत्पादन पर पड़ेगा, जिसका किसानों को नुकसान होगा। उन्होंने मांग की है कि गायब हो रहे पानी की जांच करवाई जाए और अगर पानी कहीं रास्ते में चोरी हो रहा है तो उसे पर अंकुश लगाया जाए।

## भाजपा ने नगरपालिका उपचुनाव के लिए प्रभारियों की नियुक्ति की

**» आज लोक सूचना जारी होगी**



**श्रीगंगानगर।** भारतीय जनता पार्टी ने स्थानीय निकाय उपचुनाव के लिए प्रभारियों की नियुक्ति की है। भाजपा के जिला अध्यक्ष शरणपाल सिंह ने बताया कि पूर्व विधायक अशोक नागपाल को अनूपगढ़, पूर्व जिलाध्यक्ष आत्माराम तरड को रायसिंहनगर तथा जिला उपाध्यक्ष रतन गणेशगढ़िया को पदमपुर नगर पालिका उप चुनाव के लिए प्रभारी नियुक्त किया गया है। श्री गंगानगर जिले में पदमपुर नगरपालिका के एक वार्ड के लिए उप चुनाव होना है।इसकी लोक सूचना कल शुक्रवार को जारी होगी। निर्वाचन विभाग के मुताबिक नामांकन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 18 जून होगी।19 जून को नामांकन पत्रों की जांच होगी। इच्छुक उम्मीदवार 21 जून दोपहर 3 बजे तक नाम वापस ले सकेंगे।अगले दिन 22 जून को चुनाव चिन्ह का आवंटन होगा। मतदान 30 जून को सुबह 7 से शाम 5 तक होगा। मतगणना 1 जुलाई को सुबह 9 बजे आरंभ होगी।

# केली से अटे जोहड़ों की बनी बुरी गत

**» साफ-सफाई की मांग, जिला कलक्टर के नाम सौंपा ज्ञापन**





तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

डबलीराठान कस्बे के जोहड़ केली से अटे हुए हैं। इससे इनकी भराव क्षमता कम हो गई है। मानसून आगमन से पूर्व जोहड़ों की सुध नहीं ली गई तो पूर्व वर्षों की तरह कस्बे के वार्ड नम्बर 3, 4, 7, 10, 14 तथा 17 सहित अन्य मोहल्ले बाढ़ की चपेट में आ जाएंगे। इससे जान-माल सहित अन्य परेशानियों का सामना करना भारी साबित होगा। इस समस्या हल के लिए ग्रामीण लामबंद हुए हैं और जिला कलक्टर के नाम का ज्ञापन नायब तहसीदार रणवीर फुले एवं ग्राम विकास अधिकारी सतनाम सिंह को अलग-अलग सौंपते हुए समस्या हल करवाने तथा स्वयं मौका-मुआयना करने की गुहार लगाई है। पंच धन्ना भगत उर्फ दिनेश मजोका ने बताया कि ग्राम पंचायत डबलीराठान मौलवी बास, वार्ड नम्बर 3, 4, 7, 10 तथा 14 के जोहड़ केली एवं गंदगी से भर हुए हैं। बारिश के दौरान इन वार्डों में स्थित पुरातन जोहड़ों में बरसाती पानी भर जाता है जो साल भर जमा रहता है। लेकिन वर्तमान में बहुत अधिक केली एवं गंदगी होने से जोहड़ों की बुरी गत बन जाने से भराव क्षमता भी कम हो गई है। मानसून आने से पहले इसकी सफाई नहीं की गई और पानी से भरे जोहड़ खाली नहीं किए गए तो आधा गांव बाढ़ की चपेट में आ जाएगा। इस समस्या को लेकर कई बार पूर्व में भी ग्राम पंचायत को अवगत करवाया गया लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। ग्रामीणों ने चेतावनी देते हुए कहा कि समस्या पर ध्यान नहीं दिया गया तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा। इस मौके पर हरीराम बांदड़ा, सुरजीत सिंह, लक्ष्मण राम, छोटूराम, वेद प्रकाश, राजेश कुमार, सरवन, सतपाल सिंह, लखविन्द्र सिंह, करनैल सिंह, बिट्टू, अंकित, कृष्ण, लखविन्द्र सिंह, निक्कूराम, कालाराम, अशोक कुमार, सुभाष, सरजीत सिंह, गुरदीप, संदीप आदि मौजूद रहे।

# स्विमिंग समर कैंप में तैरना सीख रहे बच्चे

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़



स्थानीय सूर्यवंशी स्पोर्ट्स एकेडमी एवं जयपुर टर्फ स्टेडियम के संयुक्त तत्वाधान में ग्रीष्मकालीन तैराकी प्रशिक्षण शिविर में हर आयु वर्ग के लगभग 50 से अधिक बालक-बालिका तैरना सीख रहे हैं। स्विमिंग कोच संजय सूर्यवंशी के अनुसार इस तैराकी प्रशिक्षण शिविर में 4 साल से लेकर 15 साल के बच्चों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रातः 8 बजे से 11 बजे तक प्रतिदिन चलाया जा रहा है। प्रतिदिन स्विमिंग का अभ्यास करके सभी बच्चे फ्री स्टाइल, बैकस्ट्रोक, ब्रेस्ट स्ट्रोक, बटरफ्लाई एवं अंडरवाटर स्विमिंग आदि का प्रशिक्षण अपने प्रशिक्षक की निगरानी में ले रहे हैं। उन्होने बताया कि बच्चों के लिए आत्मरक्षा के लिए स्विमिंग मुख्य पार्ट है साथ ही स्विमिंग युवाओं के उज्जवल भविष्य के लिए अनेकों नये मार्ग भी प्रशस्त करती है।

# योग प्रोटोकॉल अभ्यास के साथ 15 दिवसीय समर कैम्प सफलतापूर्वक सम्पन्न



तेज | रिपोर्टर श्रीगंगानगर

ग्रीष्मकालीन अवकाश का सदुपयोग करने तथा बच्चों की प्रतिभा को निखारने के लिए आयोजित 15 दिवसीय समर कैम्प सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। पतंजलि योग समिति तहसील प्रभारी विश्वजीत वर्मा ने बताया कि आयुष्मान योगा हब द्वारा वृद्धाश्रम रोड हनुमान चौक के समीप लगाए गए समर कैम्प में योग प्रशिक्षक सरोज वर्मा द्वारा बच्चों को योगा-प्राणायाम सिखाया गया। इसके साथ-साथ प्रशिक्षकों द्वारा मार्शल आर्ट, डांस, ध्यान, आर्ट एण्ड क्राफ्ट आदि का भी प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस मौके पर विश्वजीत वर्मा द्वारा बच्चों को 21 जून को मनाए जा रहे अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई तथा अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर निर्धारित योग प्रोटोकॉल का बच्चों को अभ्यास करवाया गया। उन्होंने बच्चों से योग दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया। इस कार्यक्रम में बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों द्वारा अदभुत समां बांधा। समापन अवसर पर बच्चों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। बच्चों ने अपने अनुभव सांझा करते हुए समर कैम्प को अत्यंत लाभदायक बताया। कार्यक्रम के अंत में सरोज वर्मा एवं पूजा गिरी द्वारा बच्चों के लिए अल्पाहार की व्यवस्था की गई थी।

# नीति आयोग सीईओ सुब्रमणयम ने चूरू कलक्टर से लिया फीडबैक

तेज | जगदीश सोनी. चूरू



भारत सरकार के नीति आयोग सीईओ बीवीआर सुब्रमण्यम ने आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम को लेकर गुरुवार को हुई वीसी में जिला कलक्टर पुष्पा सत्यानी से चर्चा की और अब तक की प्रगति के बारे में फीडबैक लिया। जिला कलक्ट्रेट स्थित एनआईसी वीसी सभागार में मौजूद जिला कलक्टर ने सीईओ सुब्रमण्यम को जिले में अब तक की प्रगति की जानकारी दी। सीईओ सुब्रमण्यम ने अब तक की प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए जिला क्लक्टर से भविष्य में किए जाने कार्यों की रूपरेखा पर चर्चा कर आकांक्षी ब्लॉक को विकसित ब्लॉक बनाकर एक आदर्श प्रस्तुत करने पर बल दिया। नीति आयोग की तरफ से इस कार्यक्रम के तहत उत्तर पूर्वी राज्यों के लिये नॉर्थ इवोल्यूशन, पीवीटीजी ब्लॉकों के लिये सुपर 60, अन्य ब्लॉकों के लिये फ्रंटियर 50 के अन्तर्गत विभिन्न पायलट प्रोजेक्ट लॉन्च किए गए। जिला कलक्टर सत्यानी ने जिले के आशान्वित ब्लॉक के रूप मे चुने गए राजगढ़ ब्लॉक की प्रभावी मॉनिटरिंग के लिए संबंधित जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिए। इस दौरान एडीएम उत्तम सिंह शेखावत, सरदारशहर एसडीएम मीनू वर्मा, मुख्य आयोजना अधिकारी विप्लव न्यौला, कार्यक्रम प्रभारी वसीम अहमद सैयद सहित अन्य उपस्थित रहे।

# विकसित भारत के लिए नशामुक्त समाज की आवश्यता: सुनील कुमार

**» एनसीसी के वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में कैडेट्स को दिलाई नशा नहीं करने की शपथ**

तेज | जगदीश सोनी. चूरू



ढांढण डेवलपमेंट ट्रस्ट में द्वितीय राज बटालियन एनसीसी के चौथे वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में कैडेट्स को नशामुक्ति अभियान के तहत कैडेटस को नशा न करने व नशा रोकथाम की शपथ दिलाई गई। इस मौके पर कैडेट्स को संबोधित करते हुए डिप्टी कमाण्डेन्ट लेफ्टिनेंट कर्नल सुनील कुमार ने कहा कि नशा करने से शरीर का नाश होता है। साथ ही व्यक्ति की आर्थिक स्थिति भी खराब होती है। नशा करने से मानसिक रोग होने की संभावनाए बनी रहती है। उन्होंने कहा कि एक विकसित राष्ट्र के निर्माण के लिए जरूरी है कि देश का युवा मेहनती, सक्षम तथा शारीरिक व मानसिक तौर पर सशक्त हो। इसके लिए नशे से दूर रहने की खास जरूरत है। उन्होंने बेहतर दिनचर्या अपनाने का आह्वान किया और कहा कि युवाओं को रात्रि में सही समय पर सोना चाहिए। जल्दी सोने से शरीर तंदुरुस्त रहता है। इस अवसर पर सूबेदार मेजर किशोर रायमांझी ने कैडेट्स को शपथ दिलाई। शिविर में ट्रेनिंग जेसीओ सूबेदार रणवीर सिंह, बीएचएम कुंभाराम, सूबेदार मोहन, हवलदार मोहन, कालूराम, संदीप, मनोज, सूबेदार रमेश लाम्बा, हवलदार तेजपाल व प्रशासनिक अधिकारी शांतिलाल रक्षक आदि मौजूद रहे।

## लोकसभा चुनाव अभ्यर्थियों की लेखा समाधान बैठक 28 व 30 जून को

**श्रीगंगानगर।** लोकसभा चुनाव हेतु चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियों के निर्वाचन व्यय लेखों के प्रस्तुतीकरण एवं मिलान के संबंध में निर्वाचन विभाग राजस्थान जयपुर के निर्देशानुसार लेखा समाधान बैठक 28 व 30 जून को होगी। निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण प्रकोष्ठ के नोडल अधिकारी एवं जिला परिषद के सीईओ मृदुल सिंह ने बताया कि जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में 28 जून को प्रातः 11 बजे जिला परिषद बैठक हॉल में बैठक होगी। इसमें अभ्यर्थी, अभ्यर्थी अभिकर्ता, सहायक व्यय पर्यवेक्षक (मुख्यालय गंगानगर) एवं लेखा दल के सदस्य (गंगानगर) शामिल होंगे। इस दौरान निर्वाचन व्यय लेखा प्रस्तुतीकरण के संबंध में फेसिलिटेशन प्रशिक्षण होगा। इसके पश्चात 30 जून को जिला परिषद बैठक हॉल में व्यय पर्यवेक्षक, अभ्यर्थी, अभ्यर्थी अभिकर्ता, सहायक व्यय पर्यवेक्षक (मुख्यालय गंगानगर) एवं लेखा दल के सदस्य (गंगानगर) शामिल होंगे। इस दौरान निर्वाचन व्यय लेखों का मिलान किया जायेगा।

# गहलोत से मिले सांसद कस्वां

तेज | जगदीश सोनी. चूरू



लोकसभा से नव निर्वाचित कांग्रेस सांसद राहुल कस्वां ने राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से उनके निवास पर मुलाकात कर कुशलक्षेम पूछी तथा गुलदस्ता देकर आभार प्रकट किया। इस दौरान सांसद राहुल कस्वां ने पूर्व मुख्यमंत्री के स्वास्थ्य की जानकारी ली और शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। चूरू जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष जमील चौहान ने बताया कि इस पहले सांसद पूर्व केन्द्रीय मन्त्री स्व. राजेश पायलट की पुण्यतिथि पर दौसा में सर्वधर्म समभाव सभा कार्यक्रम में भाग लिया तथा वापसी में जयपुर में पूर्व मुख्यमंत्री सहित विभिन्न वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात की।



# बाल श्रम विरोधी कानूनों का सख्ती से पालन हो: पंड्या

## - अंतराष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर संगोष्ठी एवं प्रतियोगिता का आयोजन

तेज. रिपोर्टर| पीलीबंगा




उदयपुर। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के केंद्रीय संचार ब्यूरो, क्षेत्रीय कार्यालय, उदयपुर के द्वारा श्री हरिचरण सेवा संस्थान, गायत्री सेवा संस्थान के सहयोग से आज मुख्यमंत्री पुनर्वास गृह चित्रकूट नगर उदयपुर में अंतराष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस मनाया गया । इस अवसर पर आयोजित संगोष्ठी को संबोधित करते हुए श्री हरिचरण सेवा संस्थान के संस्थापक एवं राजस्थान राज्य बाल संरक्षण आयोग राजस्थान सरकार के सदस्य श्री ध्रुव कुमार कविया ने कहा कि हम सभी का कर्तव्य है कि हम इस समस्या के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद करें और इसके निवारण के लिए ठोस कदम उठाते हुए यह सुनिश्चित करें कि हर बच्चे को शिक्षा का अधिकार मिले और वे एक सुरक्षित और स्वस्थ बचपन जी सकें । उन्होंने कहा कि सरकार ने बाल श्रम के उन्मूलन के लिए कई कानून बनाए हैं, लेकिन केवल कानून बनाना ही पर्याप्त नहीं है । इसके लिए सरकार, गैर-सरकारी संगठनों, और समाज के सभी वर्गों को मिलकर काम करना होगा । इस अवसर पर बाल अधिकार विशेषज्ञ एवं राजस्थान राज्य बाल संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य डा.शैलेंद्र पंड्या ने कहा कि बाल श्रम की रोकथाम के लिए हमे शिक्षा का प्रचार - प्रसार के साथ ही गरीबी उन्मूलन के लिए काम करने के आलावा बाल श्रम विरोधी कानूनों का सख्ती से पालन किया जाए। प्रारंभ में केंद्रीय संचार ब्यूरो, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार के सहायक निदेशक रामेश्वर लाल मीणा ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि अंतराष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस जो हर साल 12 जून को मनाया जाता है। इस दिवस का उद्देश्य है बाल श्रम के खिलाफ जागरूकता बढ़ाना और इस सामाजिक बुराई को समाप्त करने के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने कहा की बाल श्रम एक ऐसी गंभीर समस्या है जो केवल हमारे देश में ही नहीं, बल्कि विश्वभर में मौजूद है। लाखों बच्चे अपने बचपन का आनंद लेने के बजाय, कठोर परिस्थितियों में काम करने के लिए मजबूर हैं। वे अपने सपनों को पूरा करने की जगह जीविका कमाने के लिए संघर्ष करते हैं। यह केवल उनके शारीरिक स्वास्थ्य को नहीं, बल्कि उनके मानसिक और भावनात्मक विकास को भी प्रभावित करता है। उन्होंने कहा की बाल श्रम के कई कारण हो सकते हैं जैसे गरीबी, अशिक्षा, और सामाजिक असमानता गरीबी के कारण परिवारों को अपने बच्चों को काम पर भेजना पड़ता है ताकि वे परिवार की आर्थिक स्थिति को सुधार सकें। अशिक्षा के कारण बच्चों को यह समझ नहीं आता कि शिक्षा उनके जीवन को कैसे बदल सकती है। इसके अलावा, सामाजिक असमानता और भेदभाव भी बाल श्रम को बढ़ावा देते है। इस अवसर पर बाल श्रम निषेध कानून पर आधारित मौखिक प्रशनौतरी भी आयोजित की गयी। प्रतियोगिता के विजेताओं को विभाग की ओर से पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया ।कार्यक्रम में राजस्थान मानव तस्करी विरोधी यूनिट पुलिस विभाग उदयपुर के गोविन्द सिंह फोस्टर केयर सोसाइटी के संस्थापक अनुराग मेहता , राजस्थान चाइल्ड एडवोकेसी ग्रुप के प्रतिनिधि सहित पुनर्वास गृह में रह रहे निराश्रित सदस्यों ने भाग लिया।

# गौशालाओं को 45 बोरी खल व हरे चारे वाले को 24200 रुपए का दिया सहयोग

तेज. रिपोर्टर | पीलीबंगा



पीलीबंगा। श्री केशरदेव दरबार के संचालक बाबा चेतराम ने गौ वंश हितार्थ सहयोग किया है।जयप्रकाश बलाना ने बताया कि श्री कृष्ण गौ सेवा समिति वार्ड 11 अध्यक्ष सुरेश जिंदल, श्री कृष्ण गौशाला कमेटी गोलूवाला सिहागान के अध्यक्ष लक्ष्मण राम छिंपा,श्री गौशाला सेवा समिति वार्ड 4 अध्यक्ष संजय मांझू,श्री कृष्ण गौशाला समिति पीलीबंगा गांव अध्यक्ष दिनेश बेनीवाल एवम श्री राधाकृष्ण गौ सेवा समिति पंडितावाली अध्यक्ष कृष्ण लाल मान आदि को नौ नौ बोरी खल का सहयोग दिया है।इसके अलावा प्रतिदिन गोवंश को हरा चारा खिलाने वाले को 24200 रू का सहयोग दिया है। इस मौके पर मनोहर लाल बिश्नोई, सुखा सिंह, चुन्नी नाथ, गोपीराम बेनीवाल, सुरेन्द्र जाखड़, कमल पारीक, संदीप शर्मा, जेपी बलाना, राजपाल झाझडिया, हंसराज जाखड़, दरयायी लाल, भूप यादव, लक्ष्मण सिंह भाकर, शिव प्रकाश जाखड़, संजीव सोनी, कुलविंदर सिह व रामप्रताप भादू आदि मौजूद थे।

# दौलतांवाली के चक तीन टी के अतिक्रमण को हटाने की मांग, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

तेज. रिपोर्टर| पीलीबंगा

ग्राम दोलतावाली के चक तीन टी के अतिक्रमण को हटाने की मांग एसडीएम से की है।ग्रामीण कुलदीप पुत्र जगदीश जाट द्वारा गुरुवार को एसडीएम को दिए ज्ञापन के अनुसार ग्राम पंचायत दोलतावाली के चक तीन टी में पूर्व से उत्तर दिशा में स्थित फिरनी एवं उत्तर से दक्षिण, पूर्व से पश्चिम में अतिक्रमण हटवाने की बार-बार मांग की जा रही है और लगभग 8 माह से लगातार कर्मचारियों/अधिकारियों को इस मांग से बार बार अवगत करवाने एवं प्रशासन को अवगत करवाने के बावजूद अतिक्रमण नहीं हटवाया गया है एवं मजबूरन परिवादी को उसे कार्यालयो के चक्कर काटने पड़ रहे है, इसलिए अविलंब ग्राम की इस बेशकीमती भूमि एवम इन सार्वजनिक स्थलों पर किए हुए अतिक्रमण को हटवाते हुए राजकीय संपत्ति का संरक्षण करने एवं भविष्य में ऐसी पुनरावृति नही हो इस प्रकार की व्यवस्था करने का आग्रह किया है। एसडीएम ने पंचायत समिति बीडीओ को शीघ्र ही आवश्यक कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया।

# बीसीएमओ डॉ. अरोड़ा ने डीएम के नवाचार की शुरू की अनुपालना



**तेज रिपोर्टर. पीलीबंगा।** कलक्टर कानाराम के नवाचार पर एक्शन लेते हुए बीसीएमओ डॉ.मनोज अरोड़ा ने गुरुवार को पीएचसी लिखमीसर में ओपीडी की। उन्होंने मरीजों के स्वास्थ्य की जांच करते हुए विभाग की योजनाओं की जानकारी दी इसके अलावा प्रत्येक व्यक्ति के उत्तम स्वास्थ्य के लिए राज्य सरकार द्वारा कटिबद्ध होने की बात कही। बीसीएमओ डा.अरोड़ा ने पीएचसी की कोल्ड चैन पॉइंट का भी निरीक्षण कर कार्मिकों को स्वास्थ्य कार्यों में किसी भी प्रकार की कोताही नहीं करने से जताया। बीपीओ राकेश जोशी ने एमसीएचएन विजिट कर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवम पीएचसी कार्मिकों को ऑनलाइन डाटा प्रविष्टि सहित अन्य बिंदुओं पर जानकारी दी।

# परिवार कल्याण कार्यक्रम में श्रीगंगानगर विभाग की टीम सम्मानित



**तेज रिपोर्टर. श्रीगंगानगर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं जिला कलेक्टर लोकबंधु के निर्देशन में आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया करवा रहे चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग श्रीगंगानगर ने एक और परचम फहराया है। विभाग की टीम को गुरुवार को राज्यस्तर पर सम्मानित किया गया है। सीएमएचओ डॉ. अजय सिंगला ने बताया कि गुरुवार को जयपुर में आयोजित एक समारोह एवं परिवार कल्याण सेवाएं, प्रबंधन एवं सूचना सिस्टम प्रशिक्षण में जिलास्तरीय टीम को सम्मानित किया गया। जिले में परिवार कल्याण साधनों की सबसेंटर स्तर तक पहुंच और आशा सहयोगिनियों तक आपूर्ति व उपलब्धता में उत्कृष्ट कार्य के चलते विभाग के निदेशक (आरसीएच) और कार्यक्रम निदेशक (एफडब्ल्यू) ने एसीएमएचओ डॉ. मुकेश मेहता एवं आशा प्रभारी रायसिंह सहारण को प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया।

# प्रथम ग्राम पंचायत स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह 16 जून को

**तेज रिपोर्टर. पीलीबंगा।** डा.अंबेडकर नवयुवक संघ,भागसर द्वारा प्रथम ग्राम पंचायत स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह 16 जून को होगा। संघ अध्यक्ष भारत भूषण ने बताया कि आठवीं,10वीं, 12वीं सहित बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन के अलावा खेलकूद के क्षेत्र में परचम लहराने वाले खिलाड़ियों एवं राजकीय सेवा में चयनित और विशेष योग्यता धारी प्रतिभाओं को संस्था द्वारा सम्मानित किया जाएगा। आवेदक अपना आवेदन संस्था के समक्ष प्रस्तुत कर सकता है। सम्मान समारोह ग्राम पंचायत भवन, 6एसजीआर भागसर में रविवार प्रातः 8बजे से प्रारंभ होगा।

# व्यक्तिगत श्रेणी के कृषि यंत्रो का पुनः भौतिक सत्यापन 20 जून को

**तेज रिपोर्टर. ऐलनाबाद।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा सीआरएम स्कीम वर्ष 2022-23 व 2023-24 व्यक्तिगत श्रेणी के कृषि यंत्र स्ट्रा बेलर व स्ट्रा रेक का पुनः भौतिक सत्यापन 20 जून अनाज मंडी डबवाली व अनाज मंडी सिरसा में किया जाना है। उप कृषि निदेशक डा. सुखदेव सिह ने बताया जिला के सभी खंड डबवाली, औढां, बडागुढा, रानियां, ऐलनाबाद, नाथुसरी चौपटा व सिरसा के लाभार्थी किसान निश्चित समय व स्थान पर पहुंचकर अपने कृषि यंत्रो का भौतिक सत्यापन करवाए। उन्होंने बताया कि कृषि यंत्रों का सत्यापन न करवाने वाले व्यक्ति की अनुदान राशि पर रोक लगा दी जाएगी।

# बीएससी सेकंड ईयर में भारती टॉपर रही

**तेज रिपोर्टर. श्रीगंगानगर।** सेठ जी.एल. बिहाणी एस.डी. पीजी कॉलेज में बीएससी द्वितीय वर्ष का परीक्षा परिणाम शानदार रहा है। बीएससी सेकंड ईयर में भारती पुत्री रामेश्वर लाल 86.83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कॉलेज में टॉपर रही। 86.33 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान सिमरन प्रीत कौर पुत्री भूपेन्द्र सिंह ने प्राप्त किया। इसी तरह तृतीय रैंक प्रिंसी जसूजा पुत्री विजयकुमार जसूजा ने हासिल की। उन्होंने 85.83 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। छात्राओं की इस उपलब्धि पर बिहाणी शिक्षा न्यास के अध्यक्ष जयदीप बिहाणी, महासचिव हिमांशु बिहाणी, सचिव नीरज बिहाणी, निदेशक राजेंद्र राठी, निदेशक (एकेडमिक) डॉ. एम एल शर्मा, उपनिदेशक कमलजीत सूदन, प्राचार्य डॉ. वरुण माहेश्वरी, उपाचार्य डॉ.गुलशन कुमार एवं संकाय के सभी सदस्यों ने बधाई दी है।

# किड्स समर कैंप में एकाग्रता से बौद्धिक विकास का अभ्यास कराया

तेज. रिपोर्टर| पीलीबंगा



श्री अरोड़वंश धर्मशाला में चल रहे किड्स समर कैंप में गुरुवार को एकाग्रता से बौद्धिक विकास का अभ्यास कराया गया। छोटे-छोटे बच्चों को अपने चंचल मन पर नियंत्रण रखने और हमेशा प्रसन्नचित होकर पढ़ाई करने के टिप्स बताते हुए लेखन एवं दोहरण सहित कठिन प्रश्नों को याद करने एवं याददाश्त बढ़ाने से दक्ष किया। वही श्री अरोड़वंश सभा एवं महिला मंडल के 10 दिवसीय किड्स समर कैंप के तीसरे दिन कला, नृत्य एवं लोक गायन आदि की भी तैयारी करवाई गई। डांसिंग, सिंगिंग एवं पेंटिंग आदि का अभ्यास करवाया गया। कैंप में महिला मंडल अध्यक्ष अनीता अरोड़ा, पूजा मिड्ढा, शीतल बाघला, नेहा सचदेवा, बरखा अरोड़ा, शिल्पा नागपाल, राधा सिडाना, नीतू नरूला, अंशु मरेजा, शेफाली मरेजा, प्रवीन चिलाना आदि ने सहयोग किया।यह किड्स समर कैंप में डांस आर्ट अनिल सर, मेहंदी ऋषिका, मटेरियल आर्ट नम्रता, आर्ट एंड क्राफ्ट महक और निष्ठा आदि प्रशिक्षित टीचर्स द्वारा सिखाया जा रहा है। डेली लकी ड्रा में गुरुवार की विजेता सीरत रही, जिसे महिला मंडल पधाधिकारियो ने प्राइज देकर सम्मानित किया।

# सहयोग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर के नौवें दिन मनमौजी क्लास ने योगाभ्यास करवाया

तेज. ऐलनाबाद. रमेश भार्गव

शहर की संस्था पतंजलि योग परिवार की तरफ से सनातन धर्मशाला में तहसील प्रभारी मुख्य योग शिक्षक हेमराज सपरा की अध्यक्षता में शिविर का आयोजन किया गया।आज के सत्र में सहयोग शिक्षक हुक्म सिंह,भीम कानसरिया, बलराज सिंह कूका अपनी पूरी मनमौजी योग क्लास के साथ बतौर मुख्यातिथि शामिल हुए। सर्वप्रथम मुख्यातिथियों ने भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित किया व सबको योग करने के लिए प्रेरित किया।सभी योग साधकों को योग के विभिन्न आसनों का अभ्यास कराया। बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए सर्वांगासन, हलासन, चक्रासन, वृक्षासन आदि सिखाया।आसनों के अलावा ज्ञान वर्धक उपदेशों से उपस्थित लोगों को लाभांवित किया गया। योग शिक्षक भीम कानसारिया ने बताया कि जिसने आहार, विचार, वाणी, व्यवहार, स्वभाव को संवार लिया उसका पूरा जीवन संवर जाएगा। वह जीवन के हर क्षेत्र में सफल होगा। योग हमारे जीवन की साधना, पुरुषार्थ, प्रयोजन, ध्येय और ऐश्वर्य है। यह सबको समान रूप से परमात्मा ने दिया है इसलिए कभी भी निराशा, हताशा में नहीं जीना और कभी भी अपना हीन मूल्यांकन नहीं करना। अपने जीवन को सदा उच्च विचारों से, उच्च भावनाओं से, ऊंचे संकल्पों से, ऊंचे कर्मों से, श्रेष्ठ आचरण से और पवित्रता के साथ जीना है।सभी योग साधकों ने योगाभ्यास में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और कई तरह के योगासन किये।इस अवसर पर ग्रामीण प्रभारी छिंद्र कौर, संरक्षक नीरज कटारिया योग शिक्षिका नीतू वरिया,ममता भारद्वाज, ममता मेहता, सरोज सपरा,मनमौजी योग क्लास से हुकम सिंह, बलराज सिंह,भीम कानसारिया, अनिल सचदेवा, भरत कुमार,रवि कांडा,राजेन्द्र कटारिया महावीर प्रसाद दुर्गा प्रसाद,हरि गोविंद तलवाड़िया, गोबिंद बागड़ी, नरेंद्र चावला,सन्त कुमार,भवर लाल पवन कुमार,नरेश कुमार तनेजा, सुरेश धानुका सुमन धानुका, पुजा रानी, सुनिता रानी, ज्ञानवती मंजू गर्ग, आशा रानी, अन्नपूर्णा शर्मा मीनाक्षी कानसरीया, किरण शर्मा, रश्मि देवी संतो देवी सहित अन्य सदस्य उपस्थित हुए।

# बस स्टैंड पर ठंडे मीठे पानी की छबील लगाई



**तेज रिपोर्टर. पीलीबंगा।** डींगवाला पंचायत मुख्यालय बस स्टैंड पर गुरुवार को ठंडे मीठे पानी की छबील लगाई गई। राकेश मोरवाल ने बताया कि जन सहयोग से संपर्क मार्ग से निकलने वाले वाहन चालकों, ग्रामीणों एवं ईंट भट्टा श्रमिकों के बच्चो को ठंडा मीठा शरबत, जलजीरा पिलाते हुए क्षेत्र में खुशहाली व अमन चैन के साथ-साथ आपसी भाईचारे की मंगल कामना कर सेवादारों ने सेवा कार्य किया। इस मौके पर वार्ड पंच साहब राम तंवर, राकेश कुमार, पूर्ण राम, कोशी कोठारी, रिंकू धालीवाल आदि ने सेवाए दी। दिनभर छबील पर भारी भीड़ रही।

# शिकारी श्वानों ने वन्यजीव को किया घायल, जीव प्रेमियों ने बचाया

तेज. रिपोर्टर| पीलीबंगा



वन्य क्षेत्र के गाँव 5एसजीआर में गुरुवार को एक हिरण शावक को श्वानों ने घायल कर दिया।सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे वन्य जीव प्रेमियों धर्मेंद्र गोदारा व प्रवीण गोदारा ने घायल हिरण शावक को श्वानों के चंगुल से बचाकर प्राथमिक उपचार करते हुए निजी वाहन से ग्राम पंचायत 6एसजीआर भागसर की श्री कृष्ण गोशाला के ट्रीटमेंट सेंटर पर लेकर आए एवम उसका उपचार शुरू किया। श्वानों के हमले से शावक के पीठ पर घाव हो गया जिसका ट्रीटमैंट कर उसकी समुचित देखभाल की जा रही है। वन्य जीव प्रेमियों ने आमजन से भी ऐसे मूक प्राणियों की सहायता करते हुए उनकी रक्षा करने का आग्रह किया है।

# आमजन को नशे के प्रति किया जागरूक

तेज. ऐलनाबाद. रमेश भार्गव

पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण के दिशा निर्देशानुसार जिला भर में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष पखवाड़े के तहत जिला की ऐलनाबाद, नाथूसरी, सदर सिरसा, रोड़ी, शहर सिरसा तथा रानियां पुलिस ने विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित कर आमजन तथा युवाओं को नशा जैसी सामाजिक बुराई के बारे में जागरूक किया। ऐलनाबाद थाना क्षेत्र के गांव मिर्जापुर में आयोजित कार्यक्रम में थाना प्रभारी संदीप कुमार ने उपस्थित लोगों को नशे के खिलाफ जागरूक करते हुए कहा कि पुलिस जिला पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ जोरदार अभियान चलाया जा रहा है, परंतु इस अभियान में जन सहयोग अति आवश्यक है। उन्होंने कहा कि नशा बेचने वालों के बारे में पुलिस को निसंकोच होकर सूचित करें ताकि ऐसे लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा सके। नाथूसरी चोपटा थाना के गांव शकर मंदोरी में आयोजित कार्यक्रम में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक सत्यवान ने उपस्थित लोगों को नशे के खिलाफ जागरूक करते हुए कहा कि वे स्वयं नशे से दूर रहें तथा अपने बच्चों की दैनिक गतिविधियों पर निगाह रखें तथा उन्हें शिक्षा तथा खेल कूद जैसी गतिविधियों में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करें। रानिया के वार्ड नंबर 9 में आयोजित कार्यक्रम में रानिया थाना की पुलिस टीम ने उपस्थित लोगों को नशे के खिलाफ जागरूक करते हुए कहा कि नशा समाज के लिए घातक है। सदर थाना के गांव बाजेकां में आयोजित कार्यक्रम में थाना के प्रभारी उप निरीक्षक जगदीश चंद्र ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि पुलिस जिला सिरसा में नशे के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है, परंतु इस अभियान की पूर्ण सफलता के लिए जन सहयोग अति आवश्यक है।

# परिवार पहचान पत्र में 14 जून से गांव स्तर व वार्ड स्तर पर होगा शिविरों का आयोजन

तेज. ऐलनाबाद. रमेश भार्गव

अतिरिक्त उपायुक्त डा. विवेक भारती ने बताया कि नागरिक संसाधन सूचना विभाग द्वारा आम जन की सुविधा के लिए 14 से 22 जून तक गांव स्तर व वार्ड स्तर शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें प्राप्त डाटा के अनुसार जाति सत्यापन से संबंधित वेरिफिकेशन का कार्य पटवारी, कानूनगो व तहसीलदार द्वारा उनके कार्यालय से किया जाना है। उन्होंने बताया कि लेबर कॉपी की वेरिफिकेशन सहायक श्रम आयुक्त सिरसा व व्यवसाय से संबंधित वेरिफिकेशन जिला/सहायक रोजगार अधिकारी सिरसा से सत्यापित किया जाना है। इसके अतिरिक्त पेंशन वेरिफिकेशन का कार्य जिला समाज कल्याण अधिकारी सिरसा द्वारा किया जाएगा। उन्होंने आमजन से अपील की है कि वे निर्धारित तिथि समय को शिविरों जाकर अपने दिव्यांग, जन्मतिथि, जाति सत्यापन, व्यवसाय, बैंक खाता से वेरिफिकेशन कार्य करवा सकते हैं।

# नागरिकों की सुविधा के लिए लगाए जा रहे हैं समाधान शिविर: उपायुक्त

तेज. ऐलनाबाद. रमेश भार्गव

उपायुक्त आर.के. सिंह ने वीरवार को विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ लघु सचिवालय अपने कार्यालय में सुबह 9 बजे 11 बजे तक समाधान शिविर लगाकर नागरिकों की समस्याएं सुनी। समाधान शिविर में 94 लोग अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे, इनमें से 23 समस्याएं परिवार पहचान पत्र, 16 समस्याएं पेंशन से संबंधित थी। उपायुक्त ने समस्याओं से संबंधित विभागों के अधिकारियों को नागरिकों की समस्याओं का निवारण करने के निर्देश दिए।

## एक ही जगह पर सभी अधिकारी मिलने से मिली बड़ी राहत

समाधान शिविर में अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे नागरिकों ने कहा कि उपायुक्त द्वारा शिविर लगाने सूचना पाकर ही वे अपनी समस्या लेकर यहां पहुंचे हैं। एक ही जगह पर उनको सभी अधिकारी मिले हैं, इससे उनको बहुत बड़ी राहत मिली है। एक समस्या को लेकर अलग-अलग कार्यों का कार्यालय के चक्कर नहीं काटने पड़े हैं। स्वयं उपायुक्त ने उनकी समस्या के समाधान के लिए अधिकारियों को उनकी उनकी दरखास्त सौंपी हैं। समाधान शिविर में उपायुक्त के पास अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे नागरिकों ने कहा कि अधिकारियों ने उनकी समस्याओं को गौर से सुना है और जल्द से जल्द उनकी समस्या का समाधान करवाने का आश्वासन दिया है। शिविर लगने से उनको काफी राहत मिली है।

वहीं दूसरी ओर समाधान शिविर में पहुंचे लोगों ने कहा कि सभी अधिकारी एक जगह पर मिलने से इनको काफी राहत मिली है। समाधान शिविर में नागरिकों द्वारा पेयजल की समस्या लेकर आने पर उपायुक्त ने जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को निर्देश जारी करते हुए कहा कि गर्मी के मौसम को देखते हुए शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की समस्या का प्राथमिकता के साथ समाधान किया जाए। लोगों को निर्बाध रूप से बिजली और पर्याप्त मात्रा में पेयजल मिले।

इसी प्रकार एक ग्रामीण द्वारा 100 वर्ग गज के प्लाट का कब्जा दिलवाने की समस्या पर तुरंत संज्ञान लेते हुए जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी व जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी को निर्देश दिए कि जिन भी गांवों में सरकार द्वारा महात्मा गांधी ग्रामीण बस्ती योजना के तहत 100 गज के प्लॉट दिए गए हैं और उन पर किसी अन्य व्यक्ति का कब्जा है, उन्हें तुरंत खाली करवा कर असल व्यक्ति को प्लॉट का कब्जा दिलवाया जाए। समाधान शिविर में सुबह 9.00 बजे से ही फरियादी पहुंचने शुरू हो गए। उसके बाद एक-एक करके उपायुक्त ने अपने पास बुलाया और उनकी समस्याओं को सुना। उपायुक्त ने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि नागरिकों को किसी प्रकार की दिक्कत नहीं होनी चाहिए। उन्होंने जनता से सीधे रूप से जुड़े विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे नागरिकों की समस्याओं के समाधान के प्रति पूरी तरह से संवेदनशील होकर कार्य करें। सरकार के निर्देशानुसार जरूरतमंद लोगों को पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण, अतिरिक्त उपायुक्त डा. विवेक भारती, डीएमसी सुरेंद्र, सीईओ जिला परिषद सुभाष चंद्र, एसडीएम सिरसा राजेंद्र कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# श्मशान भूमि में प्रवेश करना हुआ टेढ़ी खीर

» चार लाइनें, उबड़-खाबड़ मार्ग को पार करना जोखिम भरा

» अंडर पास या बने फुट ओवरब्रिज तो मिले राहत

तेज | रिपोर्टर. डबली राठान





डबलीराठान कस्बे के रेलवे स्टेशन के समीप स्थित श्मशान भूमि में प्रवेश करना दिनों-दिन टेढ़ी खीर साबित हो रहा है। समस्या हल के लिए ग्रामीणों का एक शिष्ट मंडल उपतहसील कार्यालय में नायब तहसीदार रणवीर फुले से मिला और उनसे राजस्व विभाग में श्मशान भूमि में प्रवेश के लिए अन्य किसी वैल्पिक रास्ते का हल निकालने की गुहार की गई। ग्रामीणों ने बताया कि कंधे पर अर्थी, चार रेल लाइनें, नुकीले पत्थरों के बीच उबड़-खाबड़ मार्ग से गुजरना भारी साबित हो रहा है। मुसीबत उस समय और अधिक बढ़ जाती है जब श्मशान भूमि के प्रवेश मार्ग के समक्ष क्रॉसिंग के समय तीन तीन रेल गाड़ियां खड़ी हो जाती हैं। प्रवेश मार्ग के समीप अंतिम चार नम्बर लाइन पर तो अक्सर आर्मी का खाली रैक खड़ा ही रहता है। अन्य कोई विकल्प नहीं होने पर मजबूरन ग्रामीणों को अर्थी आर्मी के खाली रैक (टैंक आदि रखने के स्थान) के ऊपर से निकालना भारी साबित होता है। ग्रामीणों ने बताया बठिंडा-सूरतगढ़ रेलवे ट्रैक पर दिनों दिन यात्री एवं एक्सप्रेस रेलगाड़ियों के अलावा माल गाड़ियों का आवागमन बहुत अधिक रहने पर मार्ग दिनों दिन व्यस्त रहने लगा है। गत दिनों कस्बे में अरोड़वंश समाज की एक बुजुर्ग महिला के निधन पर अंतिम संस्कार के लिए श्मशान भूमि में प्रवेश करना कठिन हो गया। दो-तीन नम्बर लाइन पर कोयला रैक एवं माल गाड़ी खड़ी थी। चार नम्बर लाइन पर लम्बे समय से आर्मी की खड़ी खाली गाड़ी से बाधा उत्पन्न होने से ग्रामीणों को गाड़ियों के नीचे से या रेलवे लाइनों के साथ-साथ लम्बी दूरी तय कर श्मशान भूमि में प्रवेश करना परेशानियों भरा रहा। लम्बे समय से जारी इस संकट के स्थाई हल के लिए ग्रामीणों की ओर से भागदौड़ शुरु की गई है।

## नायब तहसीदार से मिले

पूर्व सरपंच रामेश्वर वर्मा, कल्याण भूमि सेवा समिति एवं रेल विकास समिति महासचिव जगजीत सिंह सुमल, हंसराज कालवा एवं सामाजिक कार्यकर्ता राजेन्द्र गुम्बर नायब तहसीदार रणवीर फुले से मिले और रेलवे स्टेशन के समीप स्थित श्मशान भूमि में रेलवे लाइनों के ऊपर से गुजरने के अलावा अन्य कोई वैकल्पिक रास्ते के बारे में जानकारी चाही तो उन्होंने कहा कि हमारे पास उपलब्ध रिकार्ड में श्मशान भूमि के लिए अन्य कोई रास्ता नहीं है। रिकार्ड आदि की लिखित जानकारी शीघ्र उपलब्ध करवाने का भरोसा दिया।

## मिलेंगे विधायक-सांसद तथा जिला कलक्टर से

पूर्व सरपंच रामेश्वर वर्मा ने बताया कि श्मशान भूमि में प्रवेश करना वर्तमान में बहुत मुश्किलों भरा एवं खतरे की घंटी रहती है। उपतहसील कार्यालय से जानकारी के बाद जिला कलक्टर एवं जिला मुख्यालय स्थित रेलवे एडीएन से मिलेंगे। अन्य कोई विकल्प नहीं होने पर श्मशान भूमि में प्रवेश के लिए छोटा अंडर पास या फुट ओवर ब्रिज निर्माण ही विकल्प बचता है। इसके लिए नव निर्वाचित सांसद कुलदीप इंदौरा एवं पीलीबंगा विधायक विनोद गोठवाल से भी समस्या हल की गुहार की जाएगी। जगजीत सिंह सुमल ने बताया कि इस सम्बन्ध में रेलवे एडीएन विक्रम सिंह बड़गुजर से फोन पर बातचीत हुई है। उन्होंने भी स्थाई हल के लिए जिला कलक्टर एवं रेलवे के उच्च अधिकारियों के समक्ष समस्या मुखर करने को कहा है।

# जिला एवं खण्ड स्तरीय अधिकारियों ने ग्रामीण पीएचसी पर किया मरीजों का उपचार





## जारी रहेगा सेवा का सिलसिला

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

चिकित्सा संस्थानों पर गुरुवार को प्रशासनिक पद सम्भाल रहे जिला एवं खण्ड स्तरीय अधिकारियों ने ग्रामीण पीएचसी पर किया मरीजों का उपचार किया। इस दौरान सभी अधिकारियों से पीएचसी का निरीक्षण किया एवं स्टाफ को दिशा-निर्देश प्रदान किए। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नवनीत शर्मा ने बताया कि चिकित्सा विभाग के जिला एवं खण्ड स्तरीय अधिकारियों ने गुरुवार को ग्रामीण पीएचसी पर जाकर मरीजों को चिकित्सकीय लाभ दिया। उन्होंने प्रातः 9 बजे से पीएचसी भोमपुरा जाकर ओपीडी सम्भाली। इसके अलावा, आरसीएचओ डॉ. विक्रमसिंह यूपीएचसी टाउन, डीपीसी डॉ. प्रीतमोहिन्दर सिंह ने पीएचसी मक्कासर, डिप्टी सीएमएचओ डॉ. सुनील विद्यार्थी ने पीएचसी नौरंगदेसर, पीलीबंगा बीसीएमओ डॉ. मनोज अरोड़ा ने पीएचसी लिखमीसर, संगरिया बीसीएमओ डॉ. रवि खीचड़ ने पीएचसी दीनगढ़, रावतसर बीसीएमओ डॉ. मनिन्द्र सिंह ने पीएचसी केलनिया तथा नोहर बीसीएमओ डॉ. प्रदीप कड़वासरा ने पीएचसी जसाना में जाकर सेवाएं दीं। समस्त चिकित्सकों ने पीएचसी पर आने वाले मरीजों का उपचार कर जांच व दवाइयां वितरित की। इस दौरान अधिकारियों ने समस्त चिकित्सा संस्थानों का निरीक्षण किया एवं स्टाफ को व्यवस्थाएं, साफ-सफाई एवं सुधार हेतु दिशा-निर्देश प्रदान किए। डॉ. शर्मा ने बताया कि शुक्रवार 14 जून को आरसीएचओ डॉ. विक्रमसिंह पीएचसी मक्कासर जाएंगे। इसके अतिरिक्त एसीएमएचओ डॉ. ज्योति धींगड़ा पीएचसी किशनपुरा दीखनादा, डिप्टी सीएमएचओ डॉ. सुनील विद्यार्थी पीएचसी जंडावाली, 18 को मक्कासर, पीलीबंगा बीसीएमओ डॉ. मनोज अरोड़ा पीएचसी खोतांवाली, संगरिया बीसीएमओ डॉ. रवि खीचड़ पीएचसी लीलांवाली तथा नोहर बीसीएमओ डॉ. प्रदीप कड़वासरा पीएचसी टोपरिया में सेवाएं देंगे।

# नशेड़ी युवक ने त्रिशूल से परिवार वालों को घायल करने के बाद घर को आग लगा दी, लगभग सारा सामान जलकर स्वाह

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

जिले में पीलीबंगा थाना क्षेत्र में एक नशेड़ी युवक ने तेज धार वाले त्रिशूल से अपने परिवार वालों को घायल करने के बाद घर में आग लगा दी। उसके परिवार वालों को जहां अस्पताल में भर्ती करवाना पड़ा, वहीं आग लगा देने से घर का लगभग सारा सामान जल गया। घायलों में इस युवक की गर्भवती भाभी भी शामिल है। पुलिस के अनुसार पीलीबंगा के समीप देवनगर में 9-10 जून की रात को हुई इस घटना के संबंध में सावित्री नायक (52) द्वारा दी गई रिपोर्ट के आधार पर उसके नशेड़ी बेटे कृष्ण के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। ग्राम पंचायत देव नगर में चक 40-एनडीआर निवासी सावित्री ने पुलिस को बताया कि उसका बेटा कृष्ण शराब तथा अन्य प्रकार के नशे करने का आदी है। वह उसे और उसके छोटे बेटे जगदीश से नशे के लिए रुपए मांगता रहता है।रुपए नहीं देने पर वह मारपीट तथा घर का सामान तोड़ने पर उतारू हो जाता है। साथ में धमकी देता है कि अगर उसकी शादी नहीं करवाई गई तो वह सबको जान से मार देगा।विगत 9 जून की रात्रि 9.00 बजे वह शराब के नशे में धारदार त्रिशूल लेकर घर म आया। वह छोटे भाई जगदीश की पत्नी सरबती को धमकी देने लगा कि वह उसके बच्चे को मार कर घर के वंश को खत्म कर देगा। सरबती पांच माह से गर्भवती है।उसने सरबती के बच्चों को मारने के लिए उसकी तरफ ईंट फैंकी। सावित्री के मुताबिक वह बीच बचाव करने लगी तो कृष्ण ने उसके हाथ और कंधे पर त्रिशूल से वार किए। उसके पति लालचंद को भी ईंट व त्रिशूल से घायल कर दिया।जब वह अपने घायल पति, पुत्र और पुत्रवधू को संभालने लगी, तभी कृष्ण ने उसकी गर्दन पर भी त्रिशूल से चोट मार दी। उन सबको घायल अवस्था में देखकर कृष्ण ने घर में आग लगा दी। आग से फ्रिज, पांच छत वाले पंखे, एक कूलर,चार चारपइयां, एक डबल बेड, 20 रजाई- बिस्तर, वाशिंग मशीन और दो संदूक जल गए। संदूक में कपड़े तथा जरूरी कागजात थे। सावित्री के अनुसार उन सब ने घर से बाहर निकाल कर अपनी जान बचाई। वे इलाज करवाने के लिए पीलीबंगा के सरकारी अस्पताल में पहुंचे। उसके बेटे जगदीश के कंधे पर त्रिशूल की चोट लगने से चार टांके आए हैं। उसकी पुत्रवधू के पेट और पैरों पर चोट लगी। उसके पति को हालत गंभीर होने के कारण भर्ती कर लिया गया।पुलिस ने बताया कि विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज किए गए इस मामले की जांच गंभीरतापूर्वक शुरू कर दी गई है।

# कागजात देखने के बहाने बाइक सवार युवक किसान से 48 हजार रुपए लूट कर फरार

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

जिले के रावतसर शहर में मेगा हाईवे पर रानी भटियाणी होटल के पास एक मैकेनिक की दुकान पर ट्रैक्टर ट्राली की लाइट ठीक करवा रहे एक किसान से मोटरसाइकिल पर सवार अज्ञात युवक 48 हजार रुपए लूटकर फरार हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव धन्नासर निवासी किसान फैज मोहम्मद (50) की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति पर मुकदमा दर्ज किया है। फैज मोहम्मद ने बताया कि वह परसों मंगलवार शाम 6-35 बजे हाईवे पर रानी भटियाणी होटल के समीप एक मैकेनिक की दुकान पर अपनी ट्रैक्टर ट्राली की लाइट ठीक करवा रहा था। तभी एक युवक मोटरसाइकिल पर आया और बोला कि उसके कुछ कागजात भूलवश उसकी जेब में आ गए हैं।युवक जबरदस्ती उसकी जेब की तलाशी लेने लगा। तभी उसने जब में रखे 48 हजार 100 रुपए तथा आधार कार्ड निकाल लिया। मोटरसाइकिल स्टार्ट कर युवक भाग गया।उसने पीछा भी किया लेकिन वह पकड़ में नहीं आया। पुलिस को फैज मोहम्मद ने बताया कि वह उस दिन सुबह ट्रैक्टर ट्राली में सरसों बेचने के लिए मंडी में आया था। सरसों बेचकर व्यापारी से 66 हजार 100 रुपए दिए थे। इसमें से 6 हजार रुपए का उसने चारपाई का सामान और 12 हजार रुपए का कूलर खरीदा। फिर वह रानी भटियाणी होटल के समीप धर्मपाल की दुकान पर ट्रैक्टर ट्राली की लाइट ठीक करवाने पहुंचा। तभी उसके साथ अज्ञात व्यक्ति ने यह वारदात कर दी। जानकारी के अनुसार बाइक सवार उक्त अज्ञात युवक घटना के लगभग 45 मिनट बाद दोबारा उसी जगह पर आया। तब उसके साथ एक और युवक भी था। दोनों कुछ देर वहां ठहरे और फिर चले गए। यह युवक सीसीटीवी कैमरे की फुटेज में दिखाई दिए हैं।अभी तक इनकी पहचान नहीं हुई।

# ‘हमने जिससे पैसे मांग लिए तो लेते ही हैं’

## शराब ठेकेदार को व्हाट्सएप कॉल से मिली रंगदारी की धमकी

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

जिले में फेफाना थाना क्षेत्र में शराब के एक और ठेकेदार को अज्ञात बदमाश द्वारा व्हाट्सएप कॉल पर 50 लाख की रंगदारी देने की धमकी दी गई है।पुलिस के अनुसार शराब ठेकेदार नवीनदान चारण (38) की रिपोर्ट पर मुकदमा दर्ज किया गया है। थाना प्रभारी सब इंस्पेक्टर विजेंद्र शर्मा ने बताया कि लगभग 20 दिन पहले नवीनदान के पार्टनर कान सिंह को भी रंगदारी देने की धमकी व्हाट्सएप कॉल पर मिली थी, जिसका मुकदमा दर्ज है।अभी तक धमकी देने वाले अज्ञात बदमाश का पता नहीं चला। यह भी जानकारी नहीं है कि यह बदमाश किस गैंगस्टर अथवा आपराधिक गिरोह से ताल्लुक रखता है है। नवीनदान ने बताया कि उसे विगत 30 मेई से 12 जून तक विदेशी नंबरों से बार-बार व्हाट्सएप कॉल आते रहे।उसने पहले तो व्हाट्सएप्प कॉल रिसीव नहीं किए। गत 8 जून को कॉल रिसीव की तो कॉलर ने 50 लाख रुपए का इंतजाम करने के लिए कहा। जब उसने मजबूरी जाहिर की तो कॉलर ने बार-बार कहा कि ऐसे काम नहीं चलेगा। मिलकर चलना पड़ेगा। हमने एक बार किसी से रुपए मांग लिए तो लेते ही हैं। कॉलर ने उसे 10 जून तक रूपयों का इंतजाम कर लेने के लिए कहा। 10 जून को विदेशी नंबर से व्हाट्सएप कॉल आने पर वह रिसीव नहीं कर पाया। अगले दिन 11 जून को फिर व्हाट्सएप पर कॉलर ने कहा कि पैसे देगा या गोली खाकर ही मानेगा। उसने धमकी दी कि वह मरने के लिए तैयार हो जाए। जब उसने फिर अपनी मजबूरी जाहिर की तो उसने धमकी देकर कॉल को काट दी। पुलिस ने बताया कि अज्ञात बदमाशों द्वारा वर्चुअल फोन नेटवर्क (वीपीएन) के जरिए रंगदारी के लिए धमकियां दी जा रही हैं।अभी तक बदमाश के नंबर ट्रेस नहीं हुए हैं।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रावतसर में शुरू हुआ ऑपरेशन थिएटर

तेज | रिपोर्टर. रावतसर

जिला स्वास्थ्य समिति हनुमानगढ की बैठक में जिला कलेक्टर के निर्देश पर सीएमएचओ डा नवनीत शर्मा के आदेशानुसार जिला चिकित्सालय हनुमानगढ़ से चार एनेस्थीसिया चिकित्सकों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रावतसर में लगाए जाने के बाद अब ऑपरेशन थिएटर फिर से शुरू हो गया है। चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉक्टर सुभाष भिडासरा द्वारा ऑपरेशन थिएटर शुरू करने का प्रयास काफी समय से किया जा रहा था। डॉक्टर सुभाष भिडासरा ने बताया कि सेवारत सर्जन डॉक्टर रमेश सुथार द्वारा इस सप्ताह में कुल आठ ऑपरेशन किया जा चुके हैं। डा सुथार द्वारा बुधवार को तीन मेजर सर्जरी की गई जिसमें मांगीलाल फिशर, मंजू बायोप्सी और डिंपल की गांठ निकाली गई। उन्होंने बताया कि आगामी शनिवार को भी तीन और मेजर ऑपरेशन किए जाने हैं। आगामी दिनों में आर्थो व ईएनटी सर्जरी भी शुरू की जाएगी। प्रभारी अधिकारी डॉक्टर भिडासरा द्वारा मरीजों को गर्मी से राहत देने के प्रयास भी लगातार किए जा रहे हैं जिसकी सरहाना राज्य स्तर पर की गई है।

## सुखपाल सिंह इंद्रगढ़ राष्ट्रीय सयुंक्त समन्वयक नियुक्त



**तेज. रिपोर्टर. हनुमानगढ़।** अखिल भारतीय किसान कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व विधायक सरदार सुखपाल सिंह खेहरा ने सुखपाल सिंह इंद्रगढ़ को कमेटी का राष्ट्रीय सयुंक्त समन्वयक नियुक्त किया है। संगठन में इतनी बड़ी जिम्मेदारी मिलने पर पार्टी कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है।सुखपाल सिंह इंद्रगढ़ ने शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया है।

# द ग्रेवेटी इंस्टीट्यूट अपना रिकॉर्ड तोड़ हनुमानगढ़ में नीट परीक्षा में रहा अव्वल



**तेज. रिपोर्टर. हनुमानगढ़।** मेडिकल व इंजीनियरिंग की प्रवेश परीक्षा की तैयारी करवाने वाली द ग्रेवेटी इन्स्टीट्यूट का नीट का परिणाम हनुमानगढ़ में सर्वश्रेष्ठ रहा। संस्था के विद्यार्थियों में देव शर्मा पुत्र राकेश शर्मा ने 675 अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट वरियता हासिल की है। साथ ही अनीशा चौधरी पुत्री सुरेन्द्र ने 669 अंक, हर्षशपुनीत कौर पुत्री अमरर्पित सिहं सन्धू ने 666 अंक, रोहित पुत्र दुर्गादत ने 642 अंक, टेलिश ने 614 अंक तथा अर्जुन ने 612 अंक प्राप्त कर नीट में अपना परचम लहराया है। नीट में चयन होने पर सभी चयनित विद्यार्थियों का साफा पहनाकर और माल्यार्पण कर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी अरूण खिलेरी और प्रभुपचार द्वारा सम्मानित किया गया। इस दौरान ग्रेविटी इंस्टीट्यूट का समस्त स्टाफ प्रदीप पचार, कैलाश सिरवी,मनोज चौधरी, दीपक गौड़,जाकिर हुसैन, सोनिया भद्रा, हरविंदर सिंह, मनमीत कौर, गोरविका चौधरी, पूजा मैम, अन्नू मैम, रिसभ सर, दिनदयाल उपस्थित रहे। इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर ने मिडिया को बताया कि यह परिणाम उनकी इंस्टीट्यूट की टैग लाइन - हनुमानगढ़ बने डाक्टर का गढ़ की पुर्ति करता है। विदित रहे कि द ग्रेवेटी हनुमानगढ़ में एकमात्र इंस्टीट्यूट है जो वास्तविक और स्वयं के परिणाम दर्शाता है। नीट का नया बैच सोमवार 17 जून सुबह 8. 00 बजे से शुरू होगा।नये बैच में विद्यार्थियों की संख्या सीमित होगी ताकि हर एक विद्यार्थी पर विशेष ध्यान रखा जा सके। हिन्दी और अग्रेंजी माध्यम के बैच भी पृथक-पृथक रहेंगे। संस्थान में विद्यार्थियों की सुविधा के लिए लाइब्रेरी सुविधा, प्रॉब्लम सॉल्विंग सेशन, मोटिवेशन सेशन भी निरन्तर उपलब्ध रहते हैं। दूरस्थ विद्यार्थियों के लिए वाहन सुविधा व हॉस्टल फेसिलिटी भी उपलब्ध है।

## सीबीएसई कक्षा 10वीं सप्लीमेंट्री परीक्षा 15 से 22 जुलाई तक

**हनुमानगढ़।** सीबीएसई दिल्ली द्वारा 10वीं बोर्ड सप्लीमेंट्री परीक्षा की डेटशीट जारी कर दी गई है। यह परीक्षा 15 जुलाई से शुरू होगी, जो 22 जुलाई तक चलेगी। यह डेटशीट संभावित है। फाइनल डेटशीट लिस्ट ऑफ कैंडीडेटस प्रस्तुत करने के बार जारी की जाएगी। आवेदन की अंतिम समय सीमा बिना लेट फीस के 15 जून है, जिसकी आवेदन फीस 300 रूपए प्रति विषय है। वहीं लेट फीस के साथ आवेउदन की आखिरी तारीख 17 जून हे और लेट फीस 2300 प्रति विषय है। संभावित कार्यक्रम 15 जुलाई को सोशल साइंस, 16 जुलाई हिंदी, 18 जुलाई साइंस, 19 जुलाई मैथमेटिक्स बेसिक/स्टैंडर्ड, 20 को अंग्रेजी व 22 जुलाई उर्दू, पंजाबी विषय इत्यादि भाषा की परीक्षा होगी।

## संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा 21 से

**हनुमानगढ़।** जंक्शन अबोहर रोड़ स्थित श्रीगौशाला सेवा समिति द्वारा संगीतमयी श्रीमद् भागवत कथा 21 से 28 जून तक आयोजित की जाएगी। यह जानकारी गौशाला सेवा समिति के अध्यक्ष इंद्रकुमार हिसारिया ने दी। उन्होंने बताया कि इस कथा में संतों के प्रवर्चन होंगे। भागवत कथा 21 से 28 जून तक एवं 28 जून को पंचकुण्डीय महायज्ञ प्रातः 5.30 बजे, हवन पुर्णाहुति प्रातः 8 बजे, संत प्रवर्चन व श्रदांजली प्रातः 8.30 बजे व भण्डारा प्रातः 11 बजे होगा।







# नए आयाम हासिल करेगा हैण्डबॉल खेल: तरुण विजय

» भटनेर किंग्स क्लब ने किया जिला हैण्डबॉल एसोसिएशन के नवनियुक्त अध्यक्ष सहित चार शारीरिक शिक्षकों का सम्मान

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़



हनुमानगढ़ जिला हैण्डबॉल एसोसिएशन के नवनियुक्त अध्यक्ष वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक अजय स्वामी को भटनेर किंग्स क्लब की ओर से गुरुवार को जंक्शन स्थित बेबी हैप्पी मॉडर्न पीजी कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। बेबी हैप्पी एजुकेशन ग्रुप के डायरेक्टर तरुण विजय, भटनेर किंग्स क्लब संरक्षक आशीष विजय, अध्यक्ष कुलभूषण जिंदल, कोषाध्यक्ष दारासिंह आदि ने अजय स्वामी के साथ शारीरिक शिक्षक मुकेश भादू, जनक व बलकरण सिंह को माला पहनाकर व स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया। इस मौके पर बेबी हैप्पी एजुकेशन ग्रुप के डायरेक्टर तरुण विजय ने नवनियुक्त जिलाध्यक्ष अजय स्वामी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कभी शांतिप्रिय कहा जाने वाला हनुमानगढ़ जिला आज नशे के कारण बदनाम हो रहा है। युवा पीढ़ी नशे की गर्त में धंसती जा रही है। ऐसे समय में युवाओं को सही रास्ते पर लाने के लिए खेल काफी अहम भूमिका अदा कर सकता है। उन्होंने कहा कि हैण्डबॉल देश में तेजी से लोकप्रिय हो रहा खेल है। उम्मीद है कि नवनियुक्त जिलाध्यक्ष के कार्यकाल में जिले में हैण्डबॉल का खेल नए आयाम हासिल करेगा। जिला हैण्डबॉल एसोसिएशन के नवनियुक्त अध्यक्ष अजय स्वामी ने कहा कि कार्यकारिणी ने उन्हें अध्यक्ष पद की नई जिम्मेदारी सौंपी है। जो विश्वास कार्यकारिणी ने उन पर जताया है वे सदैव उस पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे। कार्यकारिणी के सभी सदस्यों व उच्चाधिकारियों के सहयोग से हैण्डबॉल की नई प्रतिभाओं को तराशने, उनके हितों की रक्षा के लिए निःस्वार्थ भाव से सदैव अपना शत प्रतिशत देने का प्रयास किया जाएगा। उन्हें विश्वास है कि हनुमानगढ़ के खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर बेहतरीन प्रदर्शन करेंगे। भटनेर किंग्स क्लब संरक्षक आशीष विजय व अध्यक्ष कुलभूषण जिंदल ने कहा कि जिले में खेल प्रतिभाओं की कमी नहीं है। उन्हें तराशने का काम खेल संगठन बखूबी कर रहे हैं। उम्मीद है कि अजय स्वामी के नेतृत्व में जिला हैण्डबॉल एसोसिएशन के अन्य पदाधिकारी व सदस्य जिले के हैण्डबॉल खिलाड़ियों को आगे लाकर उचित मंच प्रदान करने की दिशा में कार्य करेंगे। क्लब कोषाध्यक्ष दारासिंह ने नवनियुक्त जिलाध्यक्ष अजय स्वामी से उम्मीद जताई कि वे प्रतिभाशाली युवा खिलाड़ियों को तलाश कर उन्हें विशेषज्ञ प्रशिक्षकों से प्रशिक्षित करवाएंगे। उन्होंने नवनियुक्त जिलाध्यक्ष से जिले के बच्चों को हैण्डबॉल खेल के प्रति रुचि पैदा कर उन्हें इससे जोड़ने, खेल विस्तार एवं खेल में खिलाड़ियों के सम्मुख आने परेशानियों को दूर करने की दिशा में प्रयास करने की बात कही ताकि अधिक से अधिक बच्चे हैण्डबॉल खेल से जुड़ सकें। इस मौके पर सतनाम सिंह, विनोद चोटिया, अजय बंसल, कपिल सहारण, रौनक विजय, हरि चारण, कपिल गोयल, लेखराज गिरधर, इन्द्र सिंधी, विशाल मुद्गिल आदि मौजूद रहे।



स्वामी दैनिक तेज के लिए प्रकाशक व मुद्रक देवेन्द्र शर्मा द्वारा नजदीक भगत सिंह चौक, हनुमानगढ़ जंक्शन से प्रकाशित एवं शर्मा प्रिन्टिग प्रेस नजदीक भगत सिंह चौक, हनुमानगढ़ जंक्शन (राजस्थान) से मुद्रित। सम्पादक देवेन्द्र शर्मा। आरएनआई रजि. नं. 23549/71, पोस्टल रजि. नं.गंगानगर/29/2024-2026, पोस्ट बॉक्स नं-26 फोन : 269443, 9414095543, फैक्स : 01552-268442